हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com धनबाद, गुरुवार 14 अगस्त, 2025, वर्ष : 34 अंक : 140, मूल्य : 3 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## झारखण्ड निर्माता, दूरदर्शी, आदिवासी अस्मिता के प्रहरी, सर्वप्रिय एवं हम सबके प्रेरणास्रोत



**जन्म- 11 जनवरी 1944** **निधन- 04 अगस्त 2025**

**प्रिय देशवासियों,**

दिशोम गुरु, आदरणीय शिबू सोरेन जी केवल मेरे पिता ही नहीं थे, बल्कि जल, जंगल और जमीन के प्रहरी, आदिवासी अस्मिता के रक्षक, और देशभर के वंचित, शोषित और गरीब वर्ग की आवाज थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन जनसेवा और संघर्ष को समर्पित किया। चाहे संसद का सदन हो या गांव की चौपाल—उन्होंने हर मंच से अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और हमारे हक-हकूक की रक्षा की।

उनकी स्मृतियां, उनके आदर्श और उनके संघर्ष की गाथा हमें हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी। मैं आप सभी से निवेदन करता हूँ कि हम सब मिलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करें और एक न्यायपूर्ण, समानता आधारित एवं सम्मानपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। दिशोम गुरुजी की विरासत को हम सहेजेंगे, उनके विचारों को आगे बढ़ाएंगे और उनकी सेवा भावना को जन-जन तक पहुँचाएंगे।

मेरे पिता का जाना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए अपूरणीय क्षति है, परंतु उनकी आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलेंगे।

### दिशोम गुरु को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि !

आपका
**हेमन्त सोरेन**
**मुख्यमंत्री, झारखण्ड**

**हम, झारखण्ड के वासी, आपके अमूल्य योगदान के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेंगे**

**श्राद्धकर्म**

**दशकर्म :** 15 अगस्त 2025 (शुक्रवार) **संस्कारभोज :** 16 अगस्त 2025 (शनिवार)
**कार्यक्रम स्थल :-** ग्राम : नेमरा, थाना : बरलंगा, प्रखण्ड : गोला, जिला : रामगढ़, झारखण्ड



झामुमो केंद्रीय समिति

# बिहार कैबिनेट की बैठक में 30 एजेंडों पर लगी मुहर



पटना, (ईएमएस)। बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में बिहार विधान मंडल सदस्यों का वेतन, भत्ता और पेंशन नियमावली 2006 के नियम 14 में संशोधन की स्वीकृति समेत 30 एजेंडों पर मुहर लगायी गई है। इससे पहले शिक्षा विभाग के रसोइये, नाइट गार्ड और शारीरिक शिक्षक और स्वास्थ्य अनुदेशक का मानदेय दोगुना किया गया था। वहीं बुधवार की बैठक में जेपी सेनानियों और बीएलओ को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। जेपी सेनानियों का पेंशन 7500 रुपये से बढ़कर 15000 और जिन्हें 15000 मिलता है उन्हें 30000 किए जाने की स्वीकृति दी गई है। वहीं कैबिनेट में बीएलओ का पारिश्रमिक बढ़ाने का भी फैसला लिया गया। बीएलओ का पारिश्रमिक 10000 रुपये से बढ़ाकर 14000 रुपए किया गया है। बीएलओ सुपरवाइजर का 15000 से बढ़ाकर 18000 किए जाने का फैसला कैबिनेट ने लिया है। 90712 बीएलओ और 8245 रुपये बीएलओ सुपरवाइजर को पारिश्रमिक प्रतिवर्ष भुगतान के लिए 38 करोड़ 75 लाख 83 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025- 26 में राज्य स्कीम अंतर्गत बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर विकास कार्यों के लिए 258 करोड़ 60 लाख रुपए की स्वीकृति हुई है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत राज्य के प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में 459 निम्न वर्गीय लिपिक पदों के सृजन की स्वीकृति मिली है। वहीं बिहार कैबिनेट की बैठक में पांच नए औद्योगिक क्षेत्र गठन करने की भी स्वीकृति मिली है। बेगूसराय में तीन अरब 51 करोड़ 56 लाख 76 हजार 345 रुपए 991 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने के लिए स्वीकृति मिली है। उधर पटना जिला के बख्तियारपुर में औद्योगिक क्षेत्र के लिए 500 एकड़ जमीन अधिग्रहण के लिए 2 अरब 19 करोड़ 34 लाख 84 हजार 930 रुपए की स्वीकृति मिली है। अमृतसर कोलकाता आधुनिक कॉरिडोर परियोजना के तहत सरकार ने 1300 एकड़ जमीन अधिग्रहण के लिए 4 अरब 16 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। मधेपुरा में औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के लिए 548.87 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 41 करोड़ 26 लाख रुपए की स्वीकृति की गई है। जबकि सिवान जिला में औद्योगिक क्षेत्र विस्तार के लिए 167.34 एकड़ भूमि अधिकरण के लिए एक अरब 13 करोड़ 92 लाख 24 हजार 303 रुपए की स्वीकृति मिली है। सहरसा जिले में औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के लिए 420 एकड़ जमीन अधिग्रहण के लिए 88 करोड़ 113847 रुपए की स्वीकृति मिली है। वीरपुर, मुंगेर, वाल्मीकि नगर, मुजफ्फरपुर, सहरसा और भागलपुर ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा का ओएलएक्स सर्वे करने के लिए 2 करोड़ 90 लाख 91720 की स्वीकृति की गई है। गया जी हवाई अड्डा के विस्तारीकरण योजना के तहत 18.24 एकड़ भूमि अर्जित किए जाने के लिए 137 करोड़ 17 लाख 16 हजार 16 रुपए की स्वीकृति दी गई है। पटना शहर स्थित मीठापुर फ्लाईओवर से चिरैयाटांड फ्लाईओवर जोड़ने के लिए 292 करोड़ 74 लाख 4000 रूपये की स्वीकृति, पुनपुन नदी पर बचाव कार्य सहित केबल सस्पेंशन पुल निर्माण कार्य के लिए 82 करोड़ 99 लाख 48000 की स्वीकृति मिली है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में राज्य उपभोक्ता विवाद प्रति दोष आयोग में अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति मिली है। मैसेज मां प्रभावती टेक्सटाइल मिल्स औद्योगिक क्षेत्र गारू गया में 600 एमटीपीए क्षमता के इकाई की स्थापना हेतु कुल 35 करोड़ 14 लाख 93000 रूपये के निजी पूंजी निवेश पर वित्तीय प्रोत्साहन की स्वीकृति दी गई है। इकाई की स्थापना होने पर राज्य में पूंजी निवेश के साथ-साथ 237 कुशल एवं कुशल कामगारों का नियोजन होगा। बिहार वाहन चालक भर्ती एवं सेवा शर्त नियमावली 2025 की स्वीकृति मिली है। बैठक में सभी डीएम ऑफिस में नागरिक अनुकूल बुनियादी ढांचे प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय दीदी की रसोई की सुविधा की व्यवस्था करने का फैसला लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जीविका को अतिरिक्त मानदेय भुगतान के लिए तीन अरब 47 करोड़ 51 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

# तेजस्वी यादव के खुलासे के बाद मुजफ्फरपुर मेयर निर्मला देवी को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

### 16 अगस्त तक मांगा जवाब




मुजफ्फरपुर, (ईएमएस)। बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के नाम से दो-दो इपिक नंबर होने की बात सामने आने के बाद चुनाव आयोग ने दोनों नेताओं को नोटिस भेजा था। अब मुजफ्फरपुर की मेयर निर्मला देवी के पास दो ईपिक नंबर होने और उनके परिजनों के पास भी फर्जी वोटर आईडी कार्ड होने का सनसनीखेज आरोप नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा लगाए जाने के बाद निर्मला देवी की मुश्किलें बढ़ गयी है। दरअसल दो ईपिक नंबर को लेकर मुजफ्फरपुर की मेयर को चुनाव आयोग द्वारा नोटिस भेजा गया है और 16 अगस्त तक मांगा जवाब इसका जवाब माँगा है। आपको बता दें कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी यादव ने बताया कि निर्मला देवी के पास 2 EPIC नंबर REM1251917 और GSB1835164 हैं। इन दोनों नंबस से उनके 2 अलग-अलग वोट अलग-अलग पोलिंग बूथ पर एक ही विधानसभा क्षेत्र में हैं। दोनों EPIC नंबर में निर्मला देवी की उम्र भी अलग-अलग है। बिहार में हो रहे एसआईआर में निर्मला देवी ने 2 अलग-अलग फॉर्म भरे थे और दोनों फॉर्म पर 2 अलग-अलग हस्ताक्षर किया हुआ है। तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से सवाल किया कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 2 अलग अलग ईपिक नंबर, 2 अलग-अलग उम्र और एक ही विधानसभा क्षेत्र में 2 अलग-अलग वोटर आईडी कार्ड निर्मला देवी का कैसे बन गया? तेजस्वी यादव के इन दावों के बाद चुनाव आयोग ने उन्हें अब नोटिस भेजा है। 94-मुजफ्फरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने मुजफ्फरपुर के कल्याणी स्थित केदारनाथ रोड निवासी मेयर निर्मला देवी को नोटिस भेजा है। यह नोटिस दो बूथों पर मतदाता सूची में नाम रहने के संबंध में भेजा गया है। भेजे गये नोटिस में इस बात का जिक्र है कि आपका नाम विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 के दौरान प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक सूची में बूथ नं०-153 क्र.सं.-664 ईपिक नं-आरईएम1251917 एवं बूथ नं.-257 क्र.सं.-618 ईपिक नं.-जीएसबी1835164 पर अंकित है। इसके साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण के पूर्व में भी दोनो जगह आपका नाम अंकित पाया गया है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने मुजफ्फरपुर मेयर को 16 अगस्त को शाम 5 बजे तक अपना पक्ष रखने को कहा है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कांग्रेस के युवा नेता और एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव चुन्नू सिंह लापता

#### भाई ने कहा, चारों मोबाइल नंबर स्विच ऑफ

पटना,(ईएमएस)। कांग्रेस के युवा नेता और एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव शशि कुमार उर्फ चुन्नू सिंह बीते 24 घंटों से लापता हैं। उनके भाई ने पाटलिपुत्र थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। भाई की शिकायत के अनुसार, चुन्नू सिंह के चारों मोबाइल नंबर स्विच ऑफ हैं और भाई से संपर्क नहीं हो पा रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उनकी लोकेशन का पता लगाने के लिए तकनीकी सेल की मदद लेना शुरू कर दिया है। इसके अलावा, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और उनके दोस्तों और जान-पहचान वालों से पूछताछ भी की जा रही है।बात दें कि चुन्नू सिंह को राहुल गांधी का करीबी माना जाता है और उन्हें कांग्रेस के युवा थिंक टैंक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। वह एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव हैं और पार्टी की कई अहम रणनीतिक बैठकों में शामिल रहे हैं।इस मामले में पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच अभी जारी है और उनके सुरक्षित वापसी के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। बिहार कांग्रेस के गुट में घटना से काफी हलचल है और कई नेता उनके परिवार के संपर्क में हैं। चुन्नू सिंह के परिवार की चिंता भी बढ़ती जा रही है और वे प्रशासन से जल्द से जल्द उन्हें ढूंढने की अपील कर रहे हैं। यह मामला अब सिर्फ एक लापता व्यक्ति का नहीं, बल्कि राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। हम उम्मीद करते हैं कि पुलिस जल्द ही इस रहस्य से पर्दा उठाएगी और चुन्नू सिंह को सुरक्षित ढूंढ निकालेगी।

### स्वतंत्रता दिवस पर पटना में सुरक्षा के जबरदस्त इंतजाम, ड्रोन से होगी निगरानी

पटना, (ईएमएस)। बिहार की राजधानी पटना में स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सुरक्षा के जबरदस्त इंतजाम किए गए हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। गांधी मैदान में विशेष रूप से एक अस्थायी थाना स्थापित किया गया है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई हो सके। इसके साथ ही शहर के संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो पूरे समारोह के दौरान निगरानी करेंगे। इतना ही नहीं सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिए ड्रोन कैमरों का भी इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे भीड़ की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सके। भीड़ नियंत्रण के लिए शहर के विभिन्न सेक्टरों में पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो। इसके साथ ही यातायात प्रबंधन के लिए भी विशेष योजना बनाई गई है ताकि लोगों को ट्रैफिक जाम से बचाया जा सके और समारोह स्थल तक नागरिकों को पहुंचने में कोई परेशानी न हो। सुरक्षा के मद्देनजर पटना के विभिन्न इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए जाएंगे ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि सभी सुरक्षा अधिकारी और मजिस्ट्रेट समारोह के दौरान पूरी सावधानी और सतर्कता के साथ काम करेंगे ताकि स्वतंत्रता दिवस उत्सव सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो।

### विपक्ष की राजनीति अनर्गल आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित : मंत्री श्रवण कुमार

पटना, (ईएमएस)। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को जद (यू0) प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आमजन की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी जी' तथा प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में श्रवण कुमार ने कहा कि विपक्षी नेताओं के पास केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति के अलावा कोई और काम नहीं बचा है। मृत एवं अयोग्य मतदाताओं की छँटाई के लिए चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर सवाल उठाना, उनकी बौखलाहट का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बीते बीस वर्षों में गांवों और शहरों में बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं में क्रांतिकारी सुधार हुआ है। यह जगजाहिर है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2005 के बाद बिहार का कायाकल्प करने का कार्य किया है, जिसका सकारात्मक असर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

### बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सियासी महाभारत शकुनी, दुर्योधन के बाद हनुमान की एंट्री

पटना,(ईएमएस)। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस और राजद को निशाने पर लेते हुए महाभारत काल के पात्रों का भी सहारा लिया। उन्होंने अपनी शैक्षणिक डिग्री पर उठे सवालों को सिरे से खारिज किया और कहा कि उनके पास सभी प्रमाण मौजूद हैं और अगर विपक्ष में हिम्मत है तो वे अपनी-अपनी डिग्रियां भी सार्वजनिक करें।इस दौरान उपमुख्यमंत्री सिन्हा ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा, हम पाप के खिलाफ लड़े हैं, तुम्हारे बाप के खिलाफ लड़े हैं, और अब तुम्हारे खिलाफ भी लड़ेंगे। जब तक एनडीए का हनुमान मौजूद है, तब तक गठबंधन को कोई नुकसान नहीं होगा। शकुनी और दुर्योधन के पुत्रों को सबक सिखाने का समय आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग कभी पैसे और जमीन लेकर नौकरियां देते थे, वे आज उनकी योग्यता पर सवाल उठा रहे हैं। सिन्हा ने चेतावनी दी कि झूठे आरोप लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और नोटिस भेजे जाएंगे।'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इससे लोगों को किसी भी स्थान से मतदान करने की सुविधा होगी, लेकिन विपक्षी दल नियम-कानून को जाने बिना केवल आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने विपक्ष पर लोकतंत्र और संविधान का सम्मान न करने का भी आरोप लगाया।

# एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से साफ, विपक्ष का विरोध सिर्फ भ्रम और हताशा : राजीव रंजन प्रसाद



पटना, (ईएमएस)। एसआईआर पर विपक्षी दलों द्वार फैलाए जा रहे दुष्प्रचार पर जद (यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने जमकर निशाना साधा। मीडिया में जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसआईआर को लेकर दी गई टिप्पणी केवल इसकी कानूनी वैधता की पुष्टि नहीं है, बल्कि यह जनता के विश्वास की भी पुष्टि है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा है कि एसआईआर की प्रक्रिया संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है, चुनाव आयोग को इसका अधिकार है, और इसमें कोई पक्षपात या भेदभाव नहीं हो रहा है। साथ ही, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आधार और वोटर कार्ड को नागरिकता का प्रमाणपत्र नहीं माना जा सकता। इस टिप्पणी ने साबित कर दिया कि चुनाव आयोग द्वारा अपनाई गई सुधार की राह सही है और विपक्ष का विरोध केवल एक राजनीतिक स्टंट है। सीवान की मिंता देवी का मामला इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, जिनका नाम और फोटो छपा टीशर्ट पहनकर विपक्षी नेता मार्च निकाल रहे हैं। मिंता देवी ने स्वयं इस राजनीतिक उपयोग पर नाराजगी जताई है और पूछा है कि उनके नाम का इस्तेमाल करने का हक विपक्ष को किसने दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मतदाता सूची में उनके जन्म वर्ष में जो गलती हुई है, वह केवल एक त्रुटि है, जिसे चुनाव आयोग को सुधारना चाहिए। दरअसल, आज का विपक्ष दिशाहीन, भ्रमित और हताश है। बिहार में हो रहे एसआईआर का विरोध करने, वोट चोरी के आरोप लगाने, संसद में बहस से भागने और सड़क पर मार्च निकालने का कोई औचित्य नहीं है। यह वही विपक्ष है जिसने तीन साल पहले आधार कार्ड को वोट से जोड़ने का विरोध किया था और अब वही आधार को नागरिकता का प्रमाणपत्र मानने की मांग कर रहा है। जब संसद का मानसून सत्र चल रहा है, तब विपक्ष को अपनी बात संसद में रखनी चाहिए थी, लेकिन उसने सड़क पर नाटक करना चुना। यह वही राजनीतिक संस्कृति है जो अतीत में बूथ लूट को संस्थागत बनाने और बाहुबलियों को संरक्षण देकर चुनाव जीतने के लिए जानी जाती रही है। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव आयोग फर्जी वोटिंग रोकने के लिए कदम उठा रहा है, तो यह लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा और आवश्यक कदम है। आज कांग्रेस और राजद जैसे परिवारवादी दलों को लोकतंत्र की नहीं, बल्कि सत्ता से दूर होने की चिंता है। यही कारण है कि वे संवैधानिक संस्थाओं पर हमला, भ्रामक बयानबाज़ी और अराजकता का सहारा ले रहे हैं।सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि किसी राजनीतिक दल को एसआईआर की प्रक्रिया में गड़बड़ी लगती है, तो अब तक किसी ने चुनाव आयोग के पास सुधार के लिए आवेदन क्यों नहीं दिया या कोई ठोस सबूत क्यों नहीं पेश किया? जबकि आयोग ने इसके लिए एक अगस्त से एक सितंबर तक का समय पहले ही निर्धारित किया है। विपक्षी गठबंधन को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की स्पष्टता के बाद विपक्ष सड़क पर नाटक करने की बजाय संसद में अपनी बात रखे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान करे।

### सीबीआई की विशेष अदालत में सृजन घोटाले का ट्रायल शुरू

भागलपुर, (ईएमएस)। बिहार में करोड़ों रूपये का सृजन घोटाले का ट्रायल शुरू हो गया है। भागलपुर में सीबीआई की विशेष अदालत में मंगलवार को करीब 37 करोड़ रुपए के सृजन घोटाले के एक मामले का ट्रायल शुरू हुआ। इस मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार-2 ने आरोपी और भागलपुर के तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) वीरेन्द्र प्रसाद यादव के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप गठित किए। वीरेन्द्र प्रसाद यादव वर्तमान में कृषि विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात हैं। वहीं कोर्ट में उपस्थित रहते हुए उन्होंने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया। मामले की अगली सुनवाई अब 26 अगस्त को निर्धारित की गई है। वहीं सीबीआई को अभियोजन पक्ष के गवाह पेश करने का निर्देश भी दिया गया।

# भाजपा का "हर घर तिरंगा" एवं तिरंगा यात्रा राष्ट्र गौरव का अभियान : प्रेम रंजन पटेल

### हर घर तिरंगा-जनभागीदारी का संदेश




पटना, (ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा "हर घर तिरंगा" अभियान और "तिरंगा यात्रा" का आयोजन देश के नागरिकों में राष्ट्रभक्ति, एकता और गर्व की भावना जागृत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह अभियान 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुआ, जिसका उद्देश्य स्वतंत्रता के 75 से अधिक वर्षों की गौरवगाथा को आम जनमानस से जोड़ना है। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता तथा हर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा अभियान के प्रदेश संयोजक प्रेम रंजन पटेल का। उन्होंने आगे कहा, "हर घर तिरंगा" का मूल भाव है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज केवल सरकारी भवनों या संस्थानों पर ही नहीं, बल्कि हर नागरिक के घर पर लहराए। इससे तिरंगे के साथ लोगों का व्यक्तिगत जुड़ाव बढ़ता है, और यह संदेश जाता है कि देश की आज़ादी में सबका योगदान रहा है, इसलिए इसका सम्मान सबकी जिम्मेदारी है।13 से 15 अगस्त के बीच, हर नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा, इसके लिए प्रदेश, जिला तथा मंडल स्तर पर टोली बनाई गयी है।इसके माध्यम से राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना और नागरिक कर्तव्यों का स्मरण कराना साथ हीं जनसंपर्क, सोशल मीडिया पर अभियान, स्थानीय स्तर पर बैठकें, युवाओं और स्कूलों को भी शामिल किया गया है, बच्चों के माध्यम से झंडोतोलन कराना, जिससे बच्चों के मन में राष्ट्रीय भावनाओं को जगाना।

### तिरंगा यात्रा- एकता का संदेश

उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्राओं का आयोजन जिला तथा मंडल स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सैकड़ों-हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर पैदल, मोटरसाइकिल या वाहनों के काफिले के साथ यात्रा में शामिल होंगें, इसके लिए जिलों में प्रमुख नेताओं के कार्यक्रम बने हैं।

# पीएम मोदी के गयाजी आगमन को लेकर एनडीए की बैठक, सभी घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष हुए शामिल

### भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल का आग्रह, पीएम मोदी की सभा में अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचे

### प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए एनडीए का एक-एक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ तैयार: डॉ. दिलीप जायसवाल

पटना/गयाजी, (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 22 अगस्त को बिहार के पवित्र तीर्थस्थल और दुनिया में ज्ञानस्थली के रूप में चर्चित गयाजी पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री के गयाजी आगमन को लेकर मगध की संपूर्ण धरती उनके आगमन पर स्वागत के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री अपने इस दौरे के क्रम में गयाजी और बोधगया के निवासियों के अलावा बिहार को कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मोदी के गयाजी दौरे को लेकर बुधवार को गयाजी में एनडीए की बैठक आयोजित की गई, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष राजू तिवारी, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष अनिल कुमार और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी शामिल हुए। इस दौरान सभी ने पीएम मोदी की सभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया। पीएम मोदी की ऐतिहासिक जनसभा की तैयारी के निमित्त हुई बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी के आगमन को लेकर एनडीए कार्यकर्ताओं में उत्साह है और सभी प्रधानमंत्री के स्वागत की तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने पीएम मोदी द्वारा आयोजित विशाल जनसभा को ऐतिहासिक बनाने में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का गयाजी में आयोजित कार्यक्रम न केवल इस पावन और ज्ञानस्थली के लिए बल्कि मगध और बिहार के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए एनडीए के एक-एक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ तैयार हैं। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जब भी बिहार आए हैं, प्रदेश को कई सौगात देकर जाते हैं। इस बार वे गयाजी आ रहे हैं, तो तय है कि गयाजी और बिहार के लिए सौगातों की बारिश होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर केंद्र सरकार ने गयाजी को पहले ही काफी कुछ दे चुकी है। बौद्ध धरोहरों को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए संग्रहालयों, पुरातात्विक स्थलों एवं पर्यटक आकर्षणों का विकास किया जा रहा है। गया को बौद्ध पर्यटन सर्किट के तहत प्रमुख स्थान बनाते हुए, नई परियोजनाएं सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के अंतर्गत शुरू की गई हैं। इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के गयाजी जाने के क्रम में चाकंद में भाजपा नेता प्रमोद चंद्रवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इसके उपरांत रेलवे गुमटी के पास भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू एवं भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मांझी द्वारा स्नेहपूर्ण स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष डेढ़ हजार से अधिक टिकट के दावेदारों ने दावेदारी पेश की



पटना, (ईएमएस)। बिहार की राजधानी पटना में स्थित कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से गठित स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष बिहार के 19 जिलों के लगभग डेढ़ हजार प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में कमेटी के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन, राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी, सांसद परिणीति शिंदे एवं कुणाल चौधरी के समक्ष बिहार प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से आए टिकट के प्रबल दावेदारों ने अपने लिए टिकट की दावेदारी प्रस्तुत की। इस दौरान ऑनलाइन टिकट की दावेदारी प्रस्तुत कर चुके टिकट अभ्यर्थियों ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष उपस्थित होकर ऑफलाइन तरीके से टिकट पर अपना दावा जताया। इस क्रम में कई वर्तमान विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक तथा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अग्रणी नेताओं ने विधानसभा चुनाव को लेकर अपने-अपने क्षेत्र के लिए टिकट की मांग रखी। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर कांग्रेस के आलाकमान के द्वारा प्रदेश के विधानसभा सीटों पर उचित प्रत्याशियों के चयन के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है। इस कमिटी के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन हैं। कमेटी द्वारा लगातार दो दिनों तक बिहार के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के टिकट के दावेदारों का स्क्रीनिंग किया जा रहा है। जिस क्रम में बुधवार को 19 जिलों के टिकट के प्रबल दावेदारों का स्क्रीनिंग किया गया और शेष 19 जिलों के टिकट के दावेदारों का स्क्रीनिंग आज गुरुवार को प्रातः 9 बजे से सदाकत आश्रम में किया जाएगा। बिहार में आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर टिकट के दावेदारों में जबरदस्त उत्साह देखी गई। इस दौरान एक-एक सीट पर 100 से अधिक उम्मीदवारों ने टिकट के लिए अपने दावे पेश किया। सर्वाधिक दावेदारी गया जी के लिए देखी गई।

### बीजेपी के इशारे पर हो रही वोट की चोरी, बीजेपी मेयर के देवरों के दो वोटर आईडी

पटना,(ईएमएस)। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग और बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के इशारे पर वोट की चोरी हो रही है। उन्होंने कहा कि लोग इसे 'मोदी का करिश्मा' कहते हैं, लेकिन यह वोट की डकैती है। उन्होंने दावा किया कि 2020 के विधानसभा चुनाव में भी आरजेडी के साथ वोट की चोरी हुई थी, जहां पार्टी को कई सीटों पर 10, 20 या 100 वोटों से हार मिली थी।तेजस्वी ने एसआईआर का मुद्दा भी उठाया, जिसका मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को मृत घोषित किया गया था, वे कोर्ट में पेश हो रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आयोग ने अब तक इस मुद्दे पर कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की है। तेजस्वी ने मुजफ्फरपुर की बीजेपी मेयर निर्मला देवी का उदाहरण देते हुए आरोप लगाया कि उनके और उनके देवरों के पास दो-दो वोटर आईडी हैं। उन्होंने बूथ नंबर 257 का जिक्र करते हुए देवरों, दिलीप कुमार और मनोज कुमार, के दोहरे वोटर आईडी नंबर होने का दावा किया।तेजस्वी ने प्रोजेक्टर पर तस्वीरें और उनके वोटर आईडी नंबर भी दिखाए। तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए जिंदा लोगों को मृत बताया जा रहा है और बीजेपी के लोगों के नाम कई जगहों पर शामिल किए जा रहे हैं। उन्होंने एक और बड़ा दावा करते हुए कहा कि गुजरात के लोग अब बिहार के वोटर बन रहे हैं। उन्होंने बिहार बीजेपी प्रभारी भीखूभाई दालसानिया का जिक्र करते हुए कहा कि पहले वह गुजरात में वोट देते थे, लेकिन अब उन्होंने वहां से नाम कटवा लिया है और बिहार में वोट देने की कोशिश कर रहे हैं।बीजेपी नेता बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा पर भी तेजस्वी ने हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने खुलासा नहीं किया होता, तो विजय सिन्हा का नाम मतदाता सूची से नहीं कटता।

हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, गुरुवार 14 अगस्त, 2025, वर्ष : 34 अंक : 140, मूल्य : 3 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube
Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### कश्मीर के उरी में एक जवान शहीद

कश्मीर(ईएमएस)।उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में एलओसी के पास बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने आतंकियों की घुसपैठ को नाकाम कर दिया। ऑपरेशन के दौरान एक जवान शहीद हुआ है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया है। पिछले 13 दिनों में आतंकियों से सेना की यह तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 10 अगस्त को किश्तवाड़ के दुल इलाके में सेना को आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान आतंकियों ने सेना पर फायरिंग की थी। यहां भी सर्चिंग जारी है। 1 अगस्त से कुलगाम के अखल जंगलों में आतंकियों की तलाश में सर्चिंग चल रही है। यहां 2 जवान शहीद हुए हैं, 9 जवान घायल हैं। दो आतंकी भी मारे जा चुके हैं।

### पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ एक नक्सली ढेर, हथियार बरामद



चाईबासा : चाईबासा गोइलकेरा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है. यह मुठभेड़ बुधवार की सुबह सौता के जंगली और पहाड़ी इलाके में हुई. इस मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है. सुरक्षाबलों ने मौके से एक एसएलआर राइफल भी बरामद किया है. जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के जवान इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे. जवानों को देखते ही नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में जवानों ने भी फायरिंग की. पुलिस की गोली से एक नक्सली मारा गया.

### भोपाल में बनेंगे भारत के स्वदेशी कंप्यूटर और सर्वर

भोपाल (ईएमएस)। अभी तक कंप्यूटर सर्वर और उसके उपकरण विदेश से आयात होते थे। अभी चीन और ताइवान से कंप्यूटर हार्डवेयर की आपूर्ति होती है। जल्द ही भारत में ही इसका उत्पादन शुरू हो जाएगा। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की एचएलबीएस कंपनी देश की पहली ऐसी कंप्यूटर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट बन गई है। जिसमें सभी कंप्यूटर के कंपोनेंट भोपाल की फैक्ट्री में ही तैयार होंगे। कंपनी ने वर्तमान में एसएसडी और मेमोरी रैम के बाद अब मदरबोर्ड बनाने का काम शुरू कर दिया है। अगले वर्ष तक कंप्यूटर के सभी पाट्र्स जिसमें कैबिनेट,चेचिस, पावर सप्लाई रेड कार्ड इत्यादि भी भोपाल में ही तैयार किए जाएंगे। देश की पहली कंप्यूटर यूनिट भोपाल में स्थापित हुई है। भारत की विदेश पर निर्भरता कम होगी। मेक इन इंडिया के सपने को सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। कंपनी का दावा है, अगले 3 साल में वह लैपटॉप, सरवर और टैबलेट में लगने वाले सभी कॉम्पोनेंट की न्यूनतम 5 लाख डिवाइस तैयार करेगी। भारत में आईटी हार्डवेयर उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। नई टेक्नोलॉजी और रोजगार के अवसर भी भारत में ही तैयार होंगे।

### निर्माता निर्देशक प्रकाश झा ने नेमरा पहुंचकर शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि सीएम हेमंत सोरेन को बंधाया ढाढ़स



रामगढ़ : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक गांव में फिल्म निर्माता/ निर्देशक प्रकाश झा ने मुलाकात कर स्मृति-शेष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस विकट दुःख को सहन करने शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### 38.66 करोड़ की राशि अब ब्याज सहित केंद्र को लौटाएगी दिल्ली सरकार

#### आप सरकार ने राशि को डीडीए को हस्तांतरित नहीं किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली सरकार को जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के लिए आवंटित 38.66 करोड़ अब ब्याज सहित केंद्र को लौटाना होगा। यह राशि झुग्गी-झोपड़ी वालों के लिए 2,840 फ्लैटों के निर्माण के लिए थी, लेकिन पिछली सरकार ने इस राशि डीडीए को हस्तांतरित नहीं किया। इस मामले में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर अप्रयुक्त राशि का उपयोग करने की अनुमति मांगी थी। हालांकि, मंत्रालय ने इस मामले को गंभीरता से लेकर दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र को 38.66 करोड़ की राशि ब्याज सहित वापस करने का निर्देश दिया है। यह पहली बार नहीं है जब दिल्ली में अप्रयुक्त धनराशि का मामला सामने आया है। मुख्यमंत्री रेखा ने विधानसभा में कैग की रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें पता चला था कि पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार ने 2023-2024 के दौरान 15,327 करोड़ खर्च नहीं किए थे।

### देश की पांच सबसे बड़ी आईटी कंपनियों का कुल बाजार मूल्य 24 प्रतिशत गिरा

मुंबई। देश की शीर्ष सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनियों के शेयर बाजार में लगातार गिरावट देखी जा रही है। इसका मुख्य कारण उनकी कम होती कमाई और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बढ़ती चुनौती है, जिससे निवेशक इन कंपनियों से दूरी बना रहे हैं। बीएसई सेंसेक्स में शामिल देश की पांच सबसे बड़ी आईटी कंपनियों का कुल बाजार मूल्य जनवरी 2025 से अब तक 24 प्रतिशत गिर चुका है और उनका मूल्यांकन पिछले पांच साल के सबसे कम स्तर पर आ गया है। इस सेक्टर का मूल्यांकन पहली बार चार साल में बीएसई सेंसेक्स की तुलना में सस्ता हो गया है और इन कंपनियों का प्राइस/अर्निंग (पी/ई) अनुपात भी गिरा है। टॉप पांच आईटी कंपनियों का ट्रेलिंग पी/ई रेशियो दिसंबर 2023 में 25.5 गुना से घटकर अब 22.3 गुना रह गया है, जबकि दिसंबर 2021 में यह रिकॉर्ड स्तर 36 गुना तक पहुंच चुका था। इस साल के शुरू से अब तक आईटी सेक्टर की प्रमुख कंपनियों के बाजार मूल्य में काफी गिरावट देखी गई है, जबकि बीएसई सेंसेक्स 2.2 प्रतिशत बढ़ा है।

# पिकअप और कंटेनर में भीषण भिड़ंत

## 11 लोगों की मौत, 20 से अधिक घायल, राष्ट्रपति व पीएम ने जताया दुख

दौसा : दौसा जिले में बुधवार अलसुबह को हुए एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया. दौसा-मनोहपुर रोड पर बापी के पास एक कंटेनर और यात्री पिकअप की जोरदार भिड़ंत में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, एक महिला ने एसएमएस में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है. एसएमएस अस्पताल में 8 घायल मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनमें से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है. सूचना मिलने पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. गिरधर गोयल एसएमएस अस्पताल पहुंच रहे हैं. हादसे में 20 से अधिक लोग घायल हो गए हैं. मृतकों में 4 महिलाएं और 7 बच्चे शामिल हैं. हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए दुख जताया है.

कुल 11 लोगों की मौत हो गई है. इसमें चार बच्चे और सात महिलाएं शामिल हैं. एक महिला की एसएमएस अस्पताल पहुंचने के बाद मौत हुई है. घायलों के साथ उनके 3 अटेंडेंट भी साथ आए थे, लेकिन अटेंडेंट को ज्यादा चोट नहीं लगी थी. सीमा देवी नाम की एक घायल महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि उनके पति मनोज भी गंभीर अवस्था में हैं. उनको ICU में रखा गया है. इसके अलावा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल मरीजों को हेड इंजरी है. घायलों में तीन छोटे बच्चे हैं, जिसमें से एक बच्चे की हालत गंभीर है. सीमा देवी के पति मनोज को वेंटिलेटर पर रखा गया है. तीन अन्य महिलाएं भी गंभीर रूप से घायल हैं. : डॉ. अनुराग धाकड़, इंचार्ज, ट्रॉमा सेंटर, SMS अस्पताल

### इनकी हुई पहचान

हादसे में मरने वालों में पूर्वी (3) पुत्री संजीव, प्रियंका (25) पत्नी संजीव, दक्ष (5) पुत्र जयप्रकाश राजपूत, शीला पत्नी जयप्रकाश, अंशु (26) पुत्र संतोष के नाम सामने आए हैं.

अन्य मृतकों की शिनाख्त की जा रही है. वहीं, सीमा (23) पत्नी मनोज, मनोज (25) पुत्र लाखन, नैतिक (8) पुत्र सौरभ, प्रियंका पत्नी लाखन, रीता (26) पत्नी सौरभ, लक्ष्य (7) पुत्र सौरभ, नीरज (20) पत्नी जशवंत राजपूत, सौरभ (26) पुत्र खूबकरण राजपूत, सौरभ (32) पुत्र ज्ञान सिंह राजपूत गंभीर घायल हुए हैं. इन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया है. साथ ही चार मामूली घायलों का दौसा जिला अस्पताल में इलाज जारी है.



### घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया. गंभीर रूप से घायलों को जयपुर और अन्य बड़े चिकित्सा केंद्रों में रेफर किया गया है. प्रशासन ने मृतकों के परिजनों से संपर्क कर उन्हें सहायता राशि और जरूरी मदद का आश्वासन दिया है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. कई यात्री वाहन में फंस गए, जिन्हें कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया. हादसे के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खोला.

### राष्ट्रपति ने जताया दुख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि दौसा, राजस्थान में हुई सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों समेत अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार बहुत ही दुखद है. मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं. मैं इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं.

### पीएम ने जताया दुख :

दौसा हादसे पर पीएम मोदी ने भी दुख व्यक्त किया है. पीएम ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि "राजस्थान के दौसा में हुए एक हादसे में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुखी हूं, जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना. घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं." इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की है.

सीएम-डिप्टी सीएम ने जताया दुख : सीएम भजनलाल ने एक्स पर पोस्ट कर हादसे को लेकर दुख जताया. उन्होंने लिखा कि दौसा में भीषण सड़क हादसे में जनहानि का समाचार अत्यंत दुःखद है. जिला प्रशासन को घायलों का त्वरित एवं समुचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है. वहीं, डिप्टी सीएम प्रेम चंद बैरवा ने भी लिखा कि दौसा में हुए भीषण सड़क हादसे में जनहानि होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है. घायलों के शीघ्र व समुचित उपचार के लिए दौसा जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है. संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं.

# राहुल गांधी ने पुणे कोर्ट से सावरकर मानहानि केस में कहा, मेरी जान को खतरा

### नाथुराम गोडसे के वंशजों से सुरक्षा दिलाएं



पुणे(ईएमएस)। पुणे की एक अदालत में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि उन्हें अपनी जान को खतरा है। यह खतरा उन्होंने सावरकर मानहानि केस को लेकर जताया है। उन्होंने कहा मेरे खिलाफ मानहानि की शिकायत करने वाले नाथूराम गोडसे के वंशज हैं। राहुल गांधी ने एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट से अपील की है कि उनकी सुरक्षा और केस की निष्पक्ष सुनवाई के लिए प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन दी जाए। यह राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है। कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को करेगी।

राहुल गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी की हत्या एक सोची-समझी साजिश थी और ऐसे पारिवारिक इतिहास को देखते हुए उन्हें नुकसान पहुंचने या गलत तरीके से फंसाए जाने का खतरा है। उन्होंने हाल के अपने राजनीतिक बयानों का भी जिक्र किया, जैसे संसद में 11 अगस्त को वोट चोर कुर्सी छोड़ का नारा और चुनावी गड़बडियों के दस्तावेज पेश करना, जिससे राजनीतिक विरोधियों की नाराजगी बढ़ी है। राहुल ने यह भी कहा था कि सच्चा हिंदू कभी हिंसक नहीं होता, नफरत नहीं फैलाता। भाजपा नफरत और हिंसा फैलाती है। इस बयान के बाद भाजपा नेताओं ने उन पर हिंदू समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाया। मानहानि का यह केस सत्यकी सावरकर ने दायर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने मार्च 2023 में लंदन में दिए एक भाषण में सावरकर की लिखी एक घटना का गलत हवाला दिया, जिसमें कथित तौर पर एक मुस्लिम व्यक्ति पर हमला करने की बात थी। कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को करेगी।

### लंदन में कहा था- सावरकर ने मुस्लिम को पीटा था

मार्च 2023 में राहुल गांधी ने लंदन में एक भाषण में दावा किया था कि वीडी सावरकर ने एक किताब में लिखा था कि उन्होंने और उनके पांच से छह दोस्तों ने एक बार एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी, और उन्हें इससे खुशी हुई थी।

इस भाषण का हवाला देते हुए सत्यकी सावरकर ने गांधी के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया है। इसी मामले में 3 जुलाई को पुणे एमपी-एमएलए कोर्ट ने सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने राहुल गांधी से वह पुस्तक दिखाने की मांग की थी, जिसमें उन्होंने सावरकर के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी की थी।जस्टिस अमोल शिंदे ने कहा कि कांग्रेस नेता को पुस्तक पेश करने के लिए विवश नहीं किया जा सकता।

## बीएसएफ ग्रुप बी और सी कर्मचारियों के लिए पहली कैडर समीक्षा को मंजूरी

### 23710 कर्मियों की पदोन्नति शुरू

नई दिल्ली : भारत सरकार ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ग्रुप बी और सी के कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर तक के कर्मचारियों की पहली कैडर समीक्षा को मंजूरी दे दी है। इसका कार्यान्वयन शुरू हो चुका है। कार्यान्वयन में कुल 23,710 कर्मियों की तत्काल पदोन्नति शामिल होगी। विभिन्न रैंकों में कुल 8116 पदोन्नति आदेश आज जारी किये जा चुके हैं। सीमा सुरक्षा बल के मुताबिक, यह सरकार का एक महत्वपूर्ण मनोबल बढ़ाने वाला कदम होगा। बीएसएफ जवानों ने ऑपरेशन सिन्दूर में अहम भूमिका निभाई थी। ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सीमा सुरक्षा बल 'बीएसएफ' के जवानों की वीरता को खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी माना था। बीएसएफ जवानों ने सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया था।

अमित शाह ने जम्मू में बीएसएफ जवानों की पीठ थपथपाते हुए कहा था कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान जब पाकिस्तान ने हमारे नागरिक रियाहशी इलाकों पर हमला किया, तब अकेले बीएसएफ के जम्मू फ्रंटियर ने 118 से ज्यादा पाकिस्तान की पोस्ट तबाह कर दी। उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया गया। दुश्मन की संपूर्ण निगरानी प्रणाली को चुन-चुन कर ध्वस्त किया गया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था, उसे खड़ा करने में दुश्मन को शायद चार-पांच साल का समय लगे। कैडर समीक्षा से कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर तक पदोन्नति के अवसरों में सुधार होने की उम्मीद है, जिससे उन्हें मौजूदा स्थिरता से महत्वपूर्ण राहत मिलेगी। इससे बल कर्मियों का समग्र मनोबल और पेशेवर विकास बढ़ेगा।

## ईडी ने अवैध शराब तस्करी मामले में बिहार और झारखंड में 7 ठिकानों पर छापेमारी की

नई दिल्ली (ईएमएस) । केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध शराब तस्करी मामले में बिहार और झारखंड में 7 ठिकानों पर छापेमारी की । बिहार में मुजफ्फरपुर, गुरुग्राम, नाहरलागुन, नामसाई और रांची में 7 ठिकानों पर छापेमारी जारी है। ये कार्रवाई पीएमएलए के तहत की जा रही है। ये कार्रवाई मुख्य सरगना सुनील भारद्वाज के करीबी लोगों पर की जा रही है। इस रेड के दौरान बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सकरा प्रखंड बिशनपुर वघनगरी मॉडल पंचायत की मुखिया बबीता देवी के यहां भी ईडी ने सर्च की है। दिलचस्प बात है कि बबीता देवी राष्ट्रपति अवॉर्ड ले चुकी हैं। बबीता देवी के यहां ईडी की रेड की खबर से पूरे मुजफ्फरपुर में खलबली मची है। इससे पहले ईडी इस केस में छापेमारी कर करीब 9।31 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच कर चुकी है। मौजूदा छापे आगे की जांच का हिस्सा हैं। वहीं ईडी ने इंदौर में भी एक्शन लिया है। ईडी ने यहां पर कार्रवाई करते हुए 20 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति अटैच की। इंदौर में ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 11।33 करोड़ रुपये की बेनामी और अवैध संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया है, जिनकी मौजूदा कीमत 20 करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है। ये कार्रवाई किशोर वाधवानी, नितेश वाधवानी, पूनम वाधवानी और दबंग दुनिया पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ हुई है।

## फिर लटक गया सचिवालय सहायकों की प्रोन्नति का मामला, समिति की बैठक स्थगित

रांची : सचिवालय के सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों की प्रोन्नति प्रक्रिया एक फिर लटक गई है, जिससे 115 सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों को प्रोन्नति मिलने में देरी हो सकती है. इसकी वजह भू-राजस्व विभाग के सचिव द्वारा दो सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों की चारित्री नहीं लिखना है, जिसके कारण कार्मिक विभाग के सचिव ने विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक ही स्थगित कर दी. कार्मिक विभाग ने प्रोन्नति देने के लिए 13 अगस्त को विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक बुलाई थी. वहीं उप सचिव के 10 रिक्त पदों पर सचिवालय सेवा के अवर सचिवों को प्रोन्नति दी जानी है, लेकिन तकनीकी कारणों से इस बैठक को भी स्थगित कर दिया गया.

### इन्हें दी जानी है प्रोन्नति

2013 बैच के सहायक प्रशाखा पदाधिकारीः 5-6 सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों को प्रशाखा पदाधिकारी में प्रोन्नति दी जानी है, जो पिछली बार हुई प्रोन्नति से वंचित रह गए थे.

2016 बैच के सहायक प्रशाखा पदाधिकारीः लगभग 87-88 सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों को प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति दी जानी है.

यूडीसी से एएसओ में प्रोन्नत हुए सहायक प्रशाखा पदाधिकारीः लगभग 25-26 सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों को प्रोन्नति दी जानी है.

# बिहार में 17 अगस्त से शुरू होगी राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा'

### इंडिया गठबंधन के नेता होंगे शामिल




नई दिल्ली : कांग्रेस पार्टी ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी ने बुधवार को कहा है, कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिहार में विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के साथ 17 अगस्त से राज्य भर में 'वोट अधिकार यात्रा' शुरू करेंगे। यह यात्रा बिहार में मतदाता सूची में संशोधन के खिलाफ और "वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई" को एक जन आंदोलन बनाने के लिए के लिए की जा रही है।

कांग्रेस महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने 17 अगस्त को इस यात्रा की घोषणा की और कहा कि हम लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई को सड़कों पर लड़ेंगे। 17 अगस्त से विपक्ष के नेता राहुल गांधी पूरे बिहार में एक विशाल वोट अधिकार यात्रा शुरू करेंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि उन्होंने बुधवार को सासाराम में इंडिया ब्लॉक के नेताओं से मुलाकात की ताकि यात्रा की तैयारी, लामबंदी और सुचारू समन्वय का आकलन किया जा सके। यात्रा का समापन 1 सितंबर को पटना के गांधी मैदान में एक रैली के साथ होगा।

कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया था कि 'वोट चोरी' उनके लिए "करो या मरो" का मुद्दा है और 14 अगस्त की शाम को 'लोकतंत्र बचाओ मशाल मार्च' सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने आरोपों को जनता तक पहुंचाने के लिए एक रोडमैप की घोषणा की। बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के एआईसीसी प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि कांग्रेस तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के साथ इसे लोगों तक ले जाएगी। कन्हैया कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों पर 'लोकतंत्र बचाओ मशाल मार्च' निकाली जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि 22 अगस्त से 7 सितंबर के बीच कांग्रेस सभी राज्य मुख्यालयों पर "वोट चोर, गद्दी छोड़ो" रैलियां आयोजित करेगी।

## भारत और सिंगापुर के बीच तीसरी मंत्रीस्तरीय बैठक का आयोजन

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली में बुधवार को भारत और सिंगापुर के बीच तीसरी मंत्रीस्तरीय बैठक (भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय राउंड टेबल सम्मेलन – आईएसएमआर) का आयोजन हुआ। यह बैठक दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। भारत की तरफ से इस बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हिस्सा लिया। वहीं, सिंगापुर की तरफ से उपप्रधानमंत्री गन किम योंग, राष्ट्रीय सुरक्षा एवं गृह मामलों के समन्वय मंत्री के. शन्मुगम, विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन, डिजिटल विकास एवं सूचना मंत्री जो टियो, श्रम मंत्री डॉ. टैन सी लेंग और परिवहन मामलों के कार्यवाहक मंत्री जेफरी सिओ ने भाग लिया।

बैठक में दोनों देशों के बीच सहयोग को 6 मुख्य क्षेत्रों में मजबूत करने पर चर्चा हुई, जिसमें डिजिटलाइजेशन, स्किल डेवलपमेंट, सस्टेनेबिलिटी, स्वास्थ्य सेवा, कनेक्टिविटी और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग शामिल थे। इस बात की जानकारी भारत के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी। वहीं, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "नई दिल्ली में तीसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन आईएसएमआर में भाग लेकर प्रसन्नता हुई। उपप्रधानमंत्री गन किम योंग, राष्ट्रीय सुरक्षा एवं गृह मामलों के समन्वय मंत्री के. शन्मुगम, विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन, डिजिटल विकास एवं सूचना मंत्री जो टियो, श्रम मंत्री डॉ. टैन सी लेंग और कार्यवाहक परिवहन मंत्री जेफरी सिओ को हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद।" उन्होंने लिखा, "आईएसएमआर की भारत-सिंगापुर व्यापार गोलमेज सम्मेलन में आईएसबीआर प्रतिनिधिमंडल के साथ एक सार्थक बातचीत हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### मोहनपुर में मामूली विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

देवघर(ईएमएस)।देवघर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को मामूली बात पर हुए विवाद में एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।घटना मोहनपुर थाना क्षेत्र के पत्थर चपटी गांव की है।सड़क के पानी की निकासी को लेकर हुई मारपीट में गांव के मोहम्मद मियां (65 वर्ष) मौत हो गयी। गांव के तीन लोगों ने घटना को अंजाम दिया है।पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।मृतक के पुत्र नौशाद अंसारी ने बताया कि सड़क का पानी निकालने को लेकर पिछले तीन दिनों से गांव के ही शमसुद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी व बहरूदीन अंसारी से विवाद चल रहा था। बुधवार को उसके पिता मोहम्मद मियां घर से कुछ ही दूरी पर खड़े थे। शमसुद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी व बहरूदीन अंसारी ने उन्हें अकेला पाकर पकड़ लिया और लात-मुक्का से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।नौशाद ने बताया कि मारपीट की सूचना मिलते ही वह और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे, तो देखा कि पिता जमीन पर गिरे हुए हैं।आनन-फानन में उन्हें घर लाकर पानी पिलाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर मोहनपुर थाना पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया।

### आदिवासी छात्र संघ 26 अगस्त को मनाएगा करम महोत्सव की पूर्व संध्या

रांची(ईएमएस)।आदिवासी छात्र संघ ने 26 अगस्त को श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय अखड़ा में करम पर्व की पूर्व संध्या मनाने का निर्णय लिया है।संघ ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है।छात्र संघ अध्यक्ष दीपिका कच्छप ने इसकी जानकारी दी।दीपिका ने बताया कि करम महोत्सव की पूर्व संध्या में पारंपरिक उत्साह देखने को मिलेगा। पांच जनजातीय और चार क्षेत्रिय भाषाओं के लोग शामिल होंगे।सभी अपने-अपने पारंपरिक वेशभूषा में महोत्सव में शामिल होंगे।पाहन अखड़ा में पूजा पाठ करेंगे। इस दौरान मुंडारी और कुडुख भाषा में सरना प्रार्थना होगी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें पारंपरिक नृत्य, लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की झलक देखने को मिलेगी।कार्यक्रम का पहला चरण सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें खोड़ा नृत्य, झूमर और कलसा नृत्य की प्रतियोगिताएँ होंगी। विभिन्न छात्रावासों के छात्र-छात्राएँ इन प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. पारंपरिक पोशाक, ढोल-नगाड़ों की थाप और लोकगीतों की गूंज से पूरा परिसर सांस्कृतिक रंग में रंग जाएगा।तय कार्यक्रम के अनुसार, दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा. इसमें नृत्य-गीत, नाटक, वाद्य संगीत और पारंपरिक कला की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।आदिवासी छात्र संघ ने सभी छात्र-छात्राओं और संस्कृति प्रेमियों से अपील की है कि वे इस पारंपरिक उत्सव में बड़ी संख्या में शामिल होकर आदिवासी संस्कृति और विरासत को सहेजने में सहयोग दें।

### सूर्या हांसदा का एनकाउंटर नहीं मर्डर हुआ है : बाबूलाल मरांडी

रांची(ईएमएस)। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि एक जनसरोकारी सूर्या हांसदा का एनकाउंटर नहीं, मर्डर किया गया है, वो भी किसी अपराधी द्वारा नहीं बल्कि वर्दी में छिपे कुछ कायरों और बुजदिलों द्वारा। जिन्हें डर है कि आदिवासियों की आवाज उनके कान का पर्दा न हिला दे, जिन्हें डर है कि आदिवासी राज्य में आदिवासी अपने हक अधिकार और संसाधन के लिए लड़ना न शुरू कर दें। झूठे मामलों में फंसाना, फर्ज़ी केस दर्ज कर उत्पीड़न करना और लगातार दबाव बनाना, यही विरोध करने वालों से निपटने का रवैया हो गया है।सूर्या हांसदा की पत्नी और मां लगातार पुलिस पर आरोप लगा रही है, कि कैसे जानबूझकर उनके पति का, बेटे का मर्डर किया गया है। उनकी बस एक ही तो मांग है कि इस कृत्य की सीबीआई से जांच कराई जाए।बाबूलाल मरांडी ने सीएम से कहा कि अगर सीबीआई से आपको और आपके अफसरों को ज़्यादा ही डर लगता है तो इसकी हाईकोर्ट के सिटिंग जज की अध्यक्षता में इसकी जांच कराइये, सच सबके सामने लाइए, क्योंकि पुलिस का यह कृत्य किसी को भी पच नहीं रहा है।

### दक्षिण सूडान का पहला भूकंपीय वेधशाला केंद्र डॉ. हर्ष गुप्ता के नाम पर

धनबाद(ईएमएस)।आईआईटी-आईएसएम धनबाद के लिए गर्व का क्षण है। दक्षिण सूडान में बन रहा पहला भूकंपीय वेधशाला केंद्र अब हर्ष गुप्ता भूकंपीय वेधशाला केंद्र के नाम से जाना जाएगा।इस केंद्र का निर्माण जुबा काउंटी, सेंट्रल इक्वेटोरिया स्टेट के रेजाफ पयाम के कोल्ये वेस्ट गांव में हो रहा है।यह वैश्विक सम्मान आईआईटी-आईएसएम, धनबाद के पूर्ववर्ती छात्र सह प्रख्यात भूकंप विज्ञानी पद्मश्री डॉ हर्ष के गुप्ता को समर्पित है।केंद्र का निर्माण कार्य लगभग 95% पूरा हो चुका है।इसे दक्षिण सूडान में भारतीय दूतावास की फंडिंग से और दक्षिण सूडान के खनन मंत्रालय की देखरेख में तैयार किया जा रहा है।यह केंद्र न केवल भूकंप की निगरानी करेगा, बल्कि एक भू-वैज्ञानिक डाटा सेंटर के रूप में भी काम करेगा। आईआईटी-आईएसएम के 1963 बैच (एप्लाइड जियोफिजिक्स) के पूर्ववर्ती छात्र डॉ. गुप्ता ने भूकंप विज्ञान में उल्लेखनीय योगदान दिए हैं।इसमें कृत्रिम जलाशयों से उत्पन्न और प्राकृतिक भूकंप में अंतर का मानक स्थापित करना, बड़े भूकंप की भविष्यवाणी, 2004 की सुनामी के बाद भारत में सुनामी चेतावनी प्रणाली का निर्माण व अंटार्कटिका में भारत के पहले विंटरिंग बेस की स्थापना शामिल है।डॉ. गुप्ता सितंबर 2024 में आईआईटी-आईएसएम में आए थे।उन्होंने संस्थान में तीन दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एमर्जिंग ट्रेंड्स इन अर्थ साइंसेज़ जियोहैजर्ड्स एंड रिसोर्स मैनेजमेंट में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया था।संस्थान के छात्र रहे डॉ. शिवशंकर गांगुली (2011, एप्लाइड जियोफिजिक्स) ने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व और यादगार पल है।डॉ बीके रस्तोगी (1966, एप्लाइड जियोफिजिक्स) ने कहा कि आईआईटी-आईएसएम और भारतीय भूकंप विज्ञान के लिए यह गौरव का क्षण है। पी.के. गांगोपाध्याय (1970, पेट्रोलियम इंजीनियरिंग), नॉर्थ कैरोलाइना यूएसए ने कहा कि डॉ. हर्ष गुप्ता हमारे संस्थान के अनमोल रत्न हैं। यह सम्मान न केवल डॉ. गुप्ता के शानदार करियर को मान्यता देता है, बल्कि आईआईटी-आईएसएम धनबाद के पूर्ववर्ती छात्रों के वैश्विक स्तर पर योगदान को भी रेखांकित करता है।

### डीजीपी अनुराग गुप्ता के बहाने निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी पर निशाना साधा

रांची(ईएमएस)।गोड्डा से भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने एक बार फिर से झारखंड के डीजीपी की नियुक्ति को लेकर बयान दिया है। निशिकांद दुबे ने इस बार अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर डीजीपी के बहाने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है।निशिकांत दुबे ने झारखंड के डीजीपी को अनुरागी/अनुराग गुप्ता लिखते हुए कहा है कि 60 साल की उम्र पूरी होने के बाद वह सेवानिवृत्त हो गए हैं। लेकिन खाता ना बही राहुल गांधी जो कहे वही सही। सांसद निशिकांत दुबे ने आगे लिखा है कि 12 अगस्त को दिल्ली में आहूत बैठक में संवैधानिक संस्था संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने झारखंड के डीजीपी को बैठक में शामिल होने से रोक दिया।उल्लेखनीय है कि यूपीएससी के साथ बैठक में राज्य पुलिस सेवा के पदाधिकारियों को आइपीएस में प्रोन्नति देने पर अंतिम निर्णय लिया जाना था। लेकिन बैठक नहीं हो सकी। इससे पहले झारखंड में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने भी एक बयान जारी कर इस मामले को उठाया है।

### फिर लटक गया सचिवालय सहायकों की प्रोन्नति का मामला, समिति की बैठक स्थगित

रांची। सचिवालय के सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों की प्रोन्नति प्रक्रिया एक फिर लटक गई है, जिससे 115 सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों को प्रोन्नति मिलने में देरी हो सकती है।इसकी वजह भू-राजस्व विभाग के सचिव द्वारा दो सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों की चारित्री नहीं लिखना है, जिसके कारण कार्मिक विभाग के सचिव ने विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक ही स्थगित कर दी। कार्मिक विभाग ने प्रोन्नति देने के लिए 13 अगस्त को विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक बुलाई थी।वहीं उप सचिव के 10 रिक्त पदों पर सचिवालय सेवा के अवर सचिवों को प्रोन्नति दी जानी है, लेकिन तकनीकी कारणों से इस बैठक को भी स्थगित कर दिया गया। 5-6 सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों को प्रशाखा पदाधिकारी में प्रोन्नति दी जानी है।

# भारतीय सेना: चार दिवसीय 'आइडियाज एंड इनोवेशन' प्रतियोगिता का आयोजन

#### 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को किया सशक्त

गुवाहाटी : भारतीय सेना के स्पीयर कॉर्प्स के तत्वावधान में दाओ डिवीजन ने सफलतापूर्वक चार दिवसीय 'आइडियाज एंड इनोवेशन' प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें भारतीय सेना के जवानों की रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और समस्या-समाधान क्षमता को एक मंच मिला। इस आयोजन ने ऐसे अग्रणी समाधानों को प्रस्तुत करने का अवसर दिया, जिनका उद्देश्य परिचालन क्षमता, युद्धक्षेत्र की तैयारी और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ाना था।

#### प्रतियोगिता में कुल 43 नवाचार प्रस्तुत किए गए



गुवाहाटी में रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 43 नवाचार प्रस्तुत किए गए, जो प्रतिभागियों की विविध और दूरदर्शी सोच को दर्शाते हैं। इनमें उन्नत आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अनुप्रयोग, अत्याधुनिक हथियार संशोधन और निगरानी, टोही व परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए नवाचारी ड्रोन एकीकरण प्रमुख रहे। इस आयोजन ने न केवल सैनिकों की उभरती तकनीकों को सैन्य उपयोग में ढालने की क्षमता को उजागर किया, बल्कि सेना की जमीनी स्तर पर नवाचार को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया।

#### कार्यक्रम ने आत्मनिर्भर भारत को सशक्त करने में मदद की

कई परियोजनाओं का ध्यान गतिशीलता बढ़ाने, संचार प्रणाली में सुधार और फील्ड ऑपरेशन के लिए किफायती समाधान विकसित करने पर रहा। मौके पर वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने प्रतिभागियों की समर्पण भावना और रचनात्मक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास भारतीय सेना की भविष्य के लिए तैयार रहने की क्षमता को मजबूत करते हैं।

उन्होंने दोहराया कि आधुनिक युद्ध में तकनीकी प्रगति और सैनिकों की सृजनशीलता ही परिचालन उत्कृष्टता की रीढ़ है। उन्होंने कहा, कार्यक्रम ने 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को भी सशक्त किया, जिससे रक्षा क्षेत्र की चुनौतियों के लिए स्वदेशी समाधान विकसित हों और बाहरी तकनीकों पर निर्भरता घटे। पारंपरिक सोच से आगे बढ़ने के लिए सैनिकों को प्रेरित करते हुए, 'आइडियाज एंड इनोवेशन' प्रतियोगिता ने सशस्त्र बलों में नवाचार-आधारित प्रगति का नया मानक स्थापित किया।

## पीएम मोदी ने तिरंगे की ताकत को बढ़ाया : बाबूलाल मरांडी



रांची(ईएमएस)।प्रदेश भाजपा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी तरह जुट गई है। इसी कड़ी में बुधवार से प्रदेश के सभी मंडलों में पार्टी कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक सामाजिक संगठनों, स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा तिरंगा यात्राएं धूमधाम से निकाली जा रही।सभी जिलों, मंडलों में स्थापित शहीदों, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई की जा रही है।बुधवार को घरों में तिरंगा लगाने की विधिवत शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा की गई।उन्होंने अपने आवास पर तिरंगा ध्वज लगाया।कहा कि हर भारतीय को यह राष्ट्र ध्वज तिरंगा गर्व से भर देता है।पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर तिरंगे की ताकत बढ़ी है, सम्मान बढ़ा है. यह बढ़ते भारत,बदलते भारत,मजबूत भारत की पहचान है।प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रदेश कार्यालय में तिरंगा लगाते हुए कहा कि यह तिरंगा कोई सामान्य झंडा नहीं बल्कि भारत की आन बान और शान है। इसके तीन रंगों में भारत की सांस्कृतिक विरासत केसरिया शौर्य साहस है जिसने करोड़ों देश भक्तों को मर मिटने के लिए प्रेरित किया के साथ सत्यमेव जयते की ताकत और शस्य श्यामला भारत की पहचान है। उन्होंने सभी लोगों से अपने घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया।महानगर भाजपा ने बुधवार को मोरहाबादी मैदान से अलबर्ट एक्का चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।इस तिरंगा यात्रा का आकर्षण का केंद्र भारत माता के रूप में सजी बच्चियां रहीं, जो घोड़ों पर सवार होकर तिरंगा यात्रा में शामिल हुईं. इस दौरान राजधानी की सड़कें राष्ट्रीय ध्वजों से पटी रहीं और भारत माता की जय के नारे से गूंज उठीं। काफी संख्या में युवाओं ने इस तिरंगा यात्रा में भाग लिया और देशभक्ति का प्रदर्शन किया।

## मारवाड़ी कॉलेज में तिरंगा यात्रा का आयोजन

रांची(ईएमएस)।स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व मारवाड़ी कॉलेज, रांची की एनसीसी कंपनी 4/3 ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर बड़ा तालाब स्थित विवेकानंद प्रतिमा तक निकाली गई।यात्रा का उद्देश्य देशवासियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को और प्रबल करना था। इस आयोजन की अगुवाई लेफ्टिनेंट डॉ. अवध बिहारी महतो (एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर) ने की।कार्यक्रम कर्नल संतोष कुमार (समादेशी पदाधिकारी) और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।लेफ्टिनेंट डॉ. महतो ने कहा -देशभक्ति और देशप्रेम से बढ़कर कुछ नहीं होता।राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अपने-आप में गर्व और सम्मान का प्रतीक है।इसे उचित आदर और मर्यादा के साथ प्रयोग करना हर भारतीय का कर्तव्य हैतिरंगा यात्रा के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति के नारों से शहरवासियों में उत्साह का संचार किया। गगनभेदी नारों और हाथों में लहराते तिरंगों के साथ यह यात्रा एक प्रेरणादायी दृश्य बन गई।

## जुलाई की मंईयां सम्मान राशि रांची की लाखों महिलाओं के खातों में पहुंची

रांची(ईएमएस)।रांची की बहनों के लिए खुशखबरी है।मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जुलाई महीने की 2500 की सम्मान राशि सीधे बैंक खाते में भेज दी गई है।पहले चरण में 3 लाख 86 हजार 693 महिलाओं को कुल 96 करोड़ 67 लाख 32 हजार 500 रुपये डीबीटी के जरिए मिले हैं। जिले के अलग-अलग इलाकों में यह राशि इस तरह दी गई है अनगड़ा में 16,490, अरगोड़ा (नगर निगम) में 11,923, बड़गाईं (नगर निगम) में 8,924, बेड़ो में 20,622, बुंडू में 8,489, बुंडू नगर पंचायत में 3,424, बुढ़मू में 17,657, चान्हो में 19,715, हेहल (नगर निगम) में 15,170, इटकी में 10,455, कांके में 31,540, कांके (नगर निगम) में 1,291, खलारी में 9,675, लापुंग में 11,216, मांडर में 23,279, नगड़ी में 17,677, नगड़ी (नगर निगम) में 7,439, नामकुम में 17,696, नामकुम (नगर निगम) में 8,368, ओरमांझी में 18,164, राहे में 9,527, रातू में 18,467, सिल्ली में 21,194, सोनाहातू में 12,820, तमाड़ में 18,500 और सदर (नगर निगम) में 26,971 महिलाओं को लाभ मिला है।

जिन महिलाओं का नाम पहले से लिस्ट में है लेकिन बैंक खाते से आधार लिंक नहीं है, उन्हें तुरंत आधार सीडिंग करानी होगी, वरना आगे पैसा नहीं मिलेगा।

वहीं जिनका भौतिक सत्यापन बाकी है, उनका काम भी तेजी से चल रहा है।

जैसे ही सत्यापन पूरा होगा, बाकी योग्य महिलाओं को भी पैसा भेज दिया जाएगा। अगर आपका सत्यापन लंबित है, तो आप अपनी आंगनबाड़ी दीदी से मिलकर फॉर्म भर सकती हैं।

### दाखिल-खारिज व भूमि सीमांकन के काम समय पर पूरा करें : लातेहार डीसी

लातेहार(ईएमएस)।लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र व जिले के सभी अंचलों में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुई राजस्व वसूली की समीक्षा की। अधिकारियों को काम में तेजी लाते हुए वित्तीय वर्ष मे तय लक्ष्य के बाकी काम जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी सीओ को दाखिल-खारिज व भूमि सीमांकन के काम समय पर पूरा करने को कहा। डीसी ने अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय बनाकर राजस्व वसूली का शेष लक्ष्य पूरा करें।राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को काम में सुधार लाकर लक्ष्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

# सोमवार को भारत दौरे पर आएंगे चीनी विदेश मंत्री



#### सीमा मुद्दे पर एनएसए डोभाल के साथ करेंगे वार्ता

नई दिल्ली : चीन के विदेश मंत्री वांग यी सोमवार को भारत आ रहे हैं। वह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) तंत्र के तहत वार्ता करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

वांग यी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी चीन के तियानजिन शहर की यात्रा तय है। प्रधानमंत्री शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सूत्रों ने बताया कि वांग यी का भारत दौरा मुख्य रूप से सीमा विवाद को लेकर अगले दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता को लेकर होगा।

#### कजान में मोदी-जिनपिंग की मुलाकात के बात संबंधों में सुधार

सीमा से जुड़े मुद्दों पर वार्ता के लिए वांग यी और अजीत डोभाल दोनों को अपने-अपने देशों का विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। डोभाल पिछले साल दिसंबर में चीन गए थे और वहां उन्होंने वांग यी के साथ विशेष प्रतिनिधि वार्ता की थी। कजान (रूस) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बैठक हुई थी, जिस दौरान वार्ता के विभिन्न तंत्रों को दोबारा शुरू करने का फैसला लिया गया था।

#### ट्रंप के टैरिफ के एलान के बाद करीब आ रहे भारत-चीन

भारत और चीन के संबंधों में यह गर्माहट ऐसे समय में देखने को मिल रही है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है।

ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ के एलान के बाद डोभाल ने रूस का भी दौरा किया था और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। भारत और चीन के बीच जून, 2020 में लद्दाख की गलवां घाटी में हिंसक झड़प हुई थी, जिसके बाद से दोनों देशों के संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए थे।

हालांकि, पिछले कुछ महीनों में संबंधों में सुधार दिखा है।


**कार्यालय : धनवार नगर पंचायत, गिरिडीह।**
ई0मेल- nagar.dhanwar@gmail.com / दूरभाष : 06554 796845

**अति–अल्पकालीन ई0–कोटेशन आमंत्रण सूचना**

ई0–कोटेशन संख्या : UDD/DNP/WTP/01/2025-26 दिनांक :08 / 08 / 2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | e-Quotation are invited for ascertaining rate of items (inclusive of all taxes) for preparing estimate of " Electromechanical items like Pump Motor, Stabilizer, Compressor ,switch panel & Change over Switch with complete job in Water Treatment Plant and Han d Pump Items. |
| 2 | कोटेशन वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 12 / 08 / 2025 के 12:30 बजे पूर्वाहन। |
| 3 | कोटेशन प्राप्त करने अंतिम तिथि एवं समय | 21 / 08 / 2025 के 2:00 बजे अपराहन। |
| 4 | कोटेशन खुलने की तिथि एवं समय | 22 / 08 / 2025 के 3:00 बजे अपराहन। |
| 5 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0. | कार्यपालक पदाधिकारी, धनवार नगर पंचायत कार्यालय, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार। |
| 6 | प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0. | 06554–796845 |

नोटः नियम एवं शर्ते ई0निविदा के वेबसाइट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0 / –
कार्यपालक पदाधिकारी,
धनवार नगर पंचायत।

PR 359535 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
कम्बाईण्ड बिल्डिग, प्रथम तल्ला, एल0सी0 रोड, धनबाद

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्याः- 07/RWD/DHANBAD/25-26 दिनांक :- 13.08.2025

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 01 | DMFT 19/25-26 | बाघमारा | राजगंज –बरटॉड़ मुख्य पथ से बड़दार गॉव होते हुए नीचे की ओर तक पथ निर्माण | 48.766 | अड़तालिस लाख छिहतर हजार छह सौ | 06 माह | प्रथम |
| 02 | DMFT 13/25-26 | बलियापुर | बेंगा मोड़ से सालपात्रा तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई – 2.20 कि0मी0) | 137.754 | एक करोड़ सैतिस लाख पचहतर हजार चार सौ | 09 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **19.08.2025**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **28.08.2025** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **30.08.2025** अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद, पिन– 826001
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0326–3554757

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, धनबाद।

PR 359554 (Rural Development) 25-26 (D)



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह**
**(जिला खेल शाखा)**
ई–मेलः–sports-giridih@jharkhandmail.gov.in

**आम सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय संकल्प संख्या– 04 दिनांक 10.06.2022 द्वारा प्रकाशित झारखण्ड खेल नीति–2022 की कंडिका – 7.4.4 मे निहित प्रावधान के तहत् झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ी, जो वर्त्तमान में व्यवहारिक तौर पर खेल में नहीं हैं, को मासिक पेंशन का लाभ दिये जाने हेतु मार्गदर्शिका के निर्माण के संबंधी में कार्रवाई की जा रही है। उक्त के क्रम में निम्न अहर्त्ताओं को पूर्ण करने वाले पूर्व खिलाड़ियों से संबंधित जानकारी खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची को दिनांक 14.08.2025 तक उपलब्ध कराया जाना हैः–

1. राज्य के मेजर ध्यानचन्द खेल रत्न पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी, अर्जुन अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, द्रोणाचार्य अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, ध्यानचन्द अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी ओलम्पिक गेम्स / पैरालम्पिक गेम्स में पदक विजेता खिलाड़ी, ओलम्पिक में भाग लेने वाले खिलाड़ी, कॉमनवेल्थ खेल / एशियन गेम / विश्व कप / विश्व चैम्पियनशिप (दो वर्ष या इससे अधिक के अंतराल पर आयोजित) / पैरा एशियन गेम्स / सैफ गेम्स / राष्ट्रीय खेल के पदक विजेता / ओलम्पिक गेम्स में शामिल खेल विधाओं में राष्ट्रीय खेल में भाग ले चुके वैसे खिलाड़ी, जो अब व्यवहारिक तेर पर खेल में नहीं हैं।
2. झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी हों एवं वह कम से कम 40 (चालीस) वर्ष की आयु का हो, (आयु सीमा में अधिकतम 10 वर्ष तक की छूट दी जा सकती है बशर्त्ते खिलाड़ी अचानक किसी चोट या शारीरिक विकलांगता या गंभीर बीमारी के द्वारा अक्षम हो गया हो एवं इसके परिणाम स्वरूप सक्रिय खेलों से समय से पहले दूर हो गया हो।)
3. ऐसे पूर्व खिलाड़ी पेंशन के हकदार नहीं होंगे, जो भारत सरकार / राज्य सरकार / पी0एस0यू0 आदि में स्थायी, संविदा अथवा अस्थायी रूप से कार्यरत हो।

अतः उपरोक्त अहर्त्ताएँ को पुरा करने वाले गिरिडीह जिला के वैसे खिलाड़ी दिनांक 13.08.2025 को अपना आवेदन जिला खेल कार्यालय, गिरिडीह में जमा कर सकते हैं।

नोटः– आवेदन पत्र जिले के आधिकारीक वेबसाईट www.giridih.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0 / –
जिला खेल पदाधिकारी,गिरिडीह

PR 359524 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs(25-26).D

# नई दिल्ली के स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होगी लखपति दीदी खिलेश्वरी

रायपुर,(ईएमएस)। बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गब्दी की खिलेश्वरी ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है, बल्कि अब वह नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने वाली है। लखपति दीदी के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली खिलेश्वरी की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे बालोद जिले के लिए गर्व का विषय है। नई दिल्ली में 15 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में खिलेश्वरी का विशेष अतिथि के रूप में शामिल होना एक ऐतिहासिक क्षण है। जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गब्दी की खिलेश्वरी, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत के तहत गठित जय संतोषी स्व-सहायता समूह की सदस्य है जिनका



परिवार कुछ समय पूर्व मुख्यतः कृषि मजदूरी पर निर्भर था किन्तु खिलेश्वरी देवांगन की परिवार को आगे बढ़ाने की ललक ने उन्हें एक नया मुकाम दिया है। उन्होंने अपनी मेहनत और उद्यमशीलता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव की एक नई कहानी लिखी है। उन्होंने बिहान योजना के अंतर्गत मुर्गीपालन और किराना दुकान का संचालन शुरू किया, जिसके जरिए उन्होंने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि लाखों रुपये की वार्षिक आय अर्जित कर लखपति दीदी का खिताब हासिल किया।इन्होंने सर्वप्रथम दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़ने पश्चात् महिलाओं के संगठन तैयार करना तथा वित्तीय साक्षरता सामुदायिक स्त्रोत व्यक्ति के रूप में चयनित होकर महिलाओं को वित्तीय साक्षरता प्रदान कर रही है। इस कार्य के माध्यम से 02 करोड़ से अधिक की राशि क्षेत्र के समूहों को बैंक ऋण दिलाने में सहयोग रहा है। इस सेवा हेतु मासिक 6360 रू. राशि मानदेय के रूप में प्राप्त हुआ है तथा खेती कार्य के साथ-साथ मुर्गीपालन, मछलीपालन, किराना दुकान, फैन्सी स्टोर्स गतिविधि प्रारंभ किया गया इस कार्य हेतु स्वयं के तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रदाय की जाने वाली सीआईएफ की राशि का उपयोग कर मुर्गी शेड का निर्माण, मुर्गी पालन हेतु डिंकर फ्रीडर की व्यवस्था हेतु किया गया। खिलेश्वरी को सभी गतिविधियों के माध्यम से कुल 04 लाख 60 हजार रूपए वार्षिक आय प्राप्त हुई है। कभी घर तक सीमित रहने वाली खिलेश्वरी देवांगन अपने दृढ़ इच्छाशक्ति एवं दीनदयाल अंत्योदय योजना (बिहान) के सहयोग से आज ''लखपति दीदी'' के रूप में पहचान बना चुकी है और क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनकर उभरी है। खिलेश्वरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि शासन की इन योजनाओं ने मुझे आत्मविश्वास और संसाधन दिए। मुर्गीपालन और किराना दुकान ने मेरे जीवन को बदला और आज मुझे दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का मौका मिल रहा है। यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। खिलेश्वरी ने जिला प्रशासन बालोद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन के निरंतर सहयोग से ही यह संभव हो पाया है कि ग्रामीण महिलाएं अब आत्मनिर्भर बनकर अपनी अलग पहचान बना पा रही हैं।

## 79वें स्वतंत्रता दिवस पर मरीन ड्राईव में होगा सीआरपीएफ का बैंड डिस्प्ले

रायपुर,(ईएमएस)।गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निर्देशानुसार 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रायपुर शहर के मरीन ड्राईव में विशेष बैंड डिस्प्ले का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 15 अगस्त को संध्या 5 बजे से 6 बजे तक आयोजित होगा। ग्रुप केन्द्र, सीआरपीएफ रायपुर द्वारा आयोजित इस बैंड डिस्प्ले में देशभक्ति और सांस्कृतिक धुनों का शानदार प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को आमजन के बीच और अधिक रोचक एवं प्रेरणादायक बनाना है। सीआरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि बैंड दल देशभक्ति गीतों के साथ-साथ विभिन्न पारंपरिक धुनें भी प्रस्तुत करेगा, जिससे शहरवासी स्वतंत्रता दिवस के गौरवमयी माहौल का आनंद उठा सकेंगे।कार्यक्रम में शहरवासियों को बड़ी संख्या में शामिल होकर स्वतंत्रता दिवस की खुशी साझा करने का आमंत्रण दिया गया है।

## कारपोरेट भारत छोड़ो आंदोलन के तहत गुना में प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

गुना (ईएमएस) । संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के राष्ट्रीय आव्हान पर गुना में भी जोरदार प्रदर्शन किया गया। कारपोरेट भारत छोड़ो और बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत छोड़ो के नारों से शहर का माहौल गूंज उठा। नगरपालिका के सामने स्थित हनुमान चौराहे पर बड़ी संख्या में किसान, मजदूर, महिला और युवा एकत्रित हुए। प्रदर्शन के बाद सभा आयोजित की गई, जिसमें सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. विष्णु शर्मा, सुरेन्द्र सैनी, इंटक के कैलाश यादव, नरेन्द्र सोनवार, एआईकेकेएमएस के राज्य अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव और अखिल भारतीय किसान सभा के जिला संयोजक सतेन्द्रपाल सिंह सिकरवार ने संबोधित किया। सभा का संचालन लोकेश शर्मा ने किया।सभा में वक्ताओं ने कहा कि देश की कृषि, उद्योग और श्रम नीतियां तेजी से कॉर्पोरेट घरानों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पक्ष में बनाई जा रही हैं, जिससे किसान, मजदूर और आम जनता का हित प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि अमेरिका और अन्य पूंजीवादी देशों के दबाव में विशेष व्यापार समझौते किए जा रहे हैं, जो भारत के हितों के खिलाफ हैं।सभा के बाद एक रैली निकाली गई, जो हनुमान चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची। वहां राष्ट्रपति के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में अमेरिका द्वारा थोपे गए 25 फीसदी और 50 फीसदी टैरिफ का कड़ा विरोध, नेशनल पॉलिसी फ्रेमवर्क ऑन एग्रीकल्चरल मार्केटिंग और नई नेशनल कोऑपरेटिव पॉलिसी को रद्द करना, सी2+ 50 फीसदी फार्मूले पर सभी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय कर उसकी खरीदी की गारंटी का कानून बनाना, किसानों का समग्र कर्जमाफी, माइक्रोफाइनेंस कंपनियों द्वारा उत्पीडऩ पर रोक, बिजली क्षेत्र के निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक, लंबित बिजली बिल माफ करने के साथ ग्रामीण क्षेत्र को 300 यूनिट मुफ्त बिजली व 18 घंटे बिजली आपूर्ति, सभी राज्यों में लैंड पूलिंग नीति को खारिज करना और भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को सख्ती से लागू करना शामिल हैं।इसके अलावा, ज्ञापन में सभी नागरिकों को 10,000 मासिक पेंशन, वृद्धावस्था, विधवा और विकलांग पेंशन को मौलिक अधिकार बनाने, वनाधिकार अधिनियम 2006 को मूल भावना में लागू करने, आदिवासी व अन्य वनवासियों का विस्थापन रोकने, सरकारी स्कूल बंद करने की नीति पर रोक लगाने और अतिवृष्टि व जलभराव से प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा देने की मांग भी रखी गई। इस आंदोलन में राजू जाटव, रामजीवन भार्गव, जयपाल सिंह जाट, मनोज तिवारी, फूल सिंह मोहरी, शांतिलाल, कमल सिंह, वेंकट त्रिवेदी, मुकेश भील, सुखराम, प्रकाश आदिवासी और अर्जुन अहिरवार सहित बड़ी संख्या में किसान-मजदूर शामिल हुए।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने किया स्वच्छता संस्कार-सफाई साथी आपके द्वार का शुभारंभ

जबलपुर, (ईएमएस)। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में मानस भवन में स्वच्छता संस्कार-सफाई साथी आपके द्वार के शुभारंभ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान विधायक अजय विश्नोई, सुशील तिवारी इंदू ,नीरज सिंह ठाकुर, संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया तथा भाजपा के ग्रामीण राजकुमार पटेल सहित कलेक्टर दीपक सक्सेना,सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, सभी जनपद सीईओ सहित गणमान्य नागरिक व पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल ने कहा कि लगातार स्वच्छता अभियान चलने से इसके प्रति लोगों की धारणा बदली है और स्वच्छता को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। उन्होंने स्वच्छता को लेकर की प्रेरक उदाहरण देते हुये कहा कि संपूर्ण स्वच्छता में जन सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मनः स्थिति में सुधारना होगा और इस काम को रोजगार पर ध्यान में रखकर स्वीकार करना होगा। साथ इस कार्य में नवीन तकनीक के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि एक दिन जबलपुर स्वच्छता की दिशा में नया मुकाम हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि सभी को यह प्रयास करना चाहिए कि राष्ट्रीय पर्वों के दो दिन पूर्ण अपने-अपने गांव को पूरा स्वच्छ रखे। साथ ही कहा कि 2026 में सभी जगह से यह ध्वनि आए की सफाई मित्र पुरस्कार लेने गए हैं। मंत्री पटेल ने कहा कि स्वच्छता अभियान निरंतर जारी रहेगा। वे स्वयं 3- 4 माह हमें व्यक्तिगत रूप से बैठकर इस कार्य का फीडबैक लेंगे। जनसहभागिता से मध्यप्रदेश का यह पहला स्वच्छता संस्कार-सफाई साथी आपके द्वार कार्यक्रम निश्चित ही सफल होगा।विधायक विश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर स्वच्छता के प्रति नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। सभी ने यह माना कि गंदगी फैलाना ठीक नहीं है, जिसके परिणाम स्वरूप स्वच्छता की दिशा में बेहतर कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक शौचालयों की सफाई एक चुनौती है जिसे स्वच्छता के प्रति जागरूकता से ठीक किया जा सकता है।विधायक सुशील तिवारी इंदू ने स्वच्छता, संस्कार के शुभारंभ पर कहा कि किसी भी घर, होटल या शासकीय भवनों की भव्यता उसके शौचालयों से पता चलता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है। अतः सभी की जिम्मेदारी है कि स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें, कयोंकि इससे बहुत सी बीमारियों से सुरक्षा होती है। जन सामान्य के लिए अब यह आवश्यक हो गया है कि स्वच्छता के इस संसार को अपनायें। विधायक संतोष बरकड़े ने कहा कि स्वच्छता ही मनुष्य का पर्याय है।

## जिलेभर में तिरंगा यात्रा का उत्साह
### हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली रैलियां

जबलपुर, (ईएमएस)। जिलेभर में हर घर तिरंगा, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम के तहत तिरंगा यात्राओं का भव्य आयोजन किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने मिलकर स्वतंत्रता दिवस से पहले माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक सिंह और अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित अन्य अधिकारियों ने पुलिस लाइन में विद्यार्थियों के साथ तिरंगा रैली निकाली। रैली में प्रतिभागियों ने हर घर तिरंगा के नारे लगाकर लोगों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने और स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।जबलपुर केंट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राँझी में विधायक अशोक रोहाणी के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। बड़ा पत्थर से मस्ताना चौक होते हुए दर्शन सिंह तिराहा तक चली इस यात्रा में 'ऑपरेशन सिंदूर' की झांकी विशेष आकर्षण रही। बड़ी संख्या में युवाओं, मातृशक्ति और जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर देशभक्ति का संदेश फैलाया। एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी, पुष्पराज सिंह सेंगर, गुड्डा केवट, पार्षद निशांत झरिया, अनुराग दहिया, संतोषी ठाकुर, सावित्री शाह, बाबा श्रीवास्तव, रीना ऋषि यादव और गोविंद यादव भी मौजूद रहे।कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों ने भी तिरंगा यात्रा निकाली, जो कलेक्ट्रेट से घंटा घर चौक तक गई और फिर वापस कलेक्ट्रेट पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारे लगाए और लोगों को हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने की अपील की।शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी ब्लॉकों और विद्यालयों में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भी तिरंगा यात्राएं निकालीं। रैलियों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस और स्वच्छता के महत्व पर संदेश दिया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक नारे लगाकर माहौल को जोश और देशप्रेम से भर दिया।

# स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में महाराष्ट्र के 15 सरपंच विशेष अतिथि होंगे

मुंबई, (ईएमएस)। देश भर के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 210 ग्राम पंचायत सरपंचों को 15 अगस्त को राजधानी दिल्ली के लाल किले में आयोजित होने वाले 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इसमें महाराष्ट्र के कुल 15 सरपंच शामिल हैं, जिनमें 9 महिला सरपंच शामिल हैं। ये सभी सरपंच 15 अगस्त को लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होकर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। इन सभी सरपंचों को केंद्र सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। दरअसल इन सरपंचों ने अपने गाँवों में बुनियादी ढाँचे, सार्वजनिक सेवाओं और समावेशी गतिविधियों में उल्लेखनीय सुधार लाए हैं। हर घर जल, प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण, मिशन इंद्रधनुष जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं को शत-प्रतिशत प्रभावी ढंग से लागू करने के साथ-साथ उन्होंने स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार नई पहल भी लागू की हैं।महाराष्ट्र से निर्वाचित ग्राम पंचायत सरपंच इस प्रकार हैं- प्रमोद नरहरि लोंढे (लोंधेवाडी, ताल. माढ़ा, जिला सोलापुर), जयश्री धनंजय इंगोले (खासला नाका, ताल. कामठी, जिला. नागपुर), संदीप पांडुरंग ढेरंगे (कोरेगांव भीमा, ताल. शिरूर, जिला. पुणे), डॉ. अनुप्रिता सचिन भांडे (म्हातोडी, ताल. अकोला, जिला. अकोला), नयना अशोक भुसारे (भावसे, ताल. शाहपुर, जिला ठाणे), सुनीता दत्तात्रेय मिटकरी (ढोरखेड़ा, ताल. मालेगांव, जिला वाशिम), अपर्णा नितिन राऊत (कोंढाला, ताल.देसाईगंज, जिला. गढ़चिरौली), संजीवनी वैजनाथ पाटिल (खर्डा, ताल. जामखेड़, जिला. अहिल्यानगर), चंद्रकुमार काशीराम बहेकार (भेजपार, ताल. सालेकसा, जिला. गोंदिया), रोमिला रामेश्वर बिसेन (केसलवढा/पवार, ताल. लाखनी, जिला. भंडारा), सूरज संतोष चव्हाण (चिंचली, ताल. दापोली, जिला. रत्नागिरी), पार्वती शेषराव हरकल (कुंभारी, ताल. जिंतुर, जिला. परभणी), प्रमोद किसान जगदाले (बिदल, ताल. मान, जिला. सतारा), शशिकांत माधवराव मांगले (कस्बेगवहान, ताल. अंजनगांव सुरजी, जिला. अमरावती) तथा प्रभावती राजकुमार बिराजदार (बामनी, ताल. उदगीर, जिला लातूर) यानि कुल 15 सरपंच हैं।इन विशिष्ट अतिथियों का औपचारिक अभिनंदन आज गुरुवार को किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। आत्मनिर्भर पंचायत, विकसित भारत की पहचान की अवधारणा पर आधारित इस कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सभा सार ऐप का शुभारंभ और ग्रामोदय संकल्प पत्रिका के 16वें अंक का प्रकाशन भी होगा।

## करोड़ों के भ्रष्टाचार संबंधी आरोपों की क्यों नहीं हुई जांच

जबलपुर, (ईएमएस)। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति द्वारिकाधीश बंसल की एकलपीठ ने सागर जिले की रहली जनपद पंचायत में करोड़ों का भ्रष्टाचार होने के आरोप संबंधी मामले में पूर्व आदेश का पालन न होने पर स्पष्टीकरण मांग लिया है। इस सिलसिले में सागर कमिश्नर को अवमानना नोटिस जारी किया गया है।अवमानना याचिकाकर्ता सागर निवासी मुकेश श्रीवास की ओर से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जनपद पंचायत रहली के रिटायर्ड सीईओ राजेश पटेरिया व प्रदीप पाठक, लेखपाल अधिकारी के द्वारा व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया था। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत रहली के कर्मचारियों को वेंडर बनाकर मनरेगा योजनाओं के 14 वें व 15 वें वित्त वर्ष 2016, 2017 से वर्ष 2025 तक करोड़ों का हेरफेर किया गया। इस मामले की जानकारी सीईओ पटेरिया के सेवानिवृत्त होने के बाद उजागर हुई। जिसके बाद मामले की शिकायत आवेदक की ओर से लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू व सागर कमिश्नर के समक्ष की गई थी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# तापी जिले के 28 आदिवासी छात्र चेन्नई के श्रीहरिकोटा स्थित इसरो की यात्रा पूरी कर सूरत एयरपोर्ट पहुंचे

### आदिवासी विकास एवं शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री मुकेश पटेल ने छात्रों का स्वागत किया

सूरत (ईएमएस)। तापी के तारे परियोजना के तहत, तापी ज़िले के 28 आदिवासी बच्चों ने पहली बार चेन्नई में इसरो का दौरा किया। इसरो भ्रमण पूरा करने के बाद, वे आज सूरत हवाई अड्डे पहुँचे। जहां आदिजाति विकास एवं शिक्षा मंत्री डॉ. कुबेर डिंडोर, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा तापी जिले के प्रभारी मंत्री मुकेश पटेल सभी विद्यार्थियों का स्वागत करने पहुंचे और सूरत एयरपोर्ट के कॉन्फ्रेंस हॉल में विद्यार्थियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके रोचक अनुभवों के बारे में जाना। तापी के सितारों ने श्रीहरिकोटा स्थित विश्व प्रसिद्ध सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (इसरो) की अपनी यात्रा, जिसे भारत का अंतरिक्ष बंदरगाह कहा जाता है, तथा अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के अनुभवों को याद किया। आदिवासी विकास विभाग और तापी जिला प्रशासन द्वारा विज्ञान सेतु - तापी के तारे परियोजना के अंतर्गत तापी जिले के 15 सरकारी स्कूलों के विज्ञान संकाय के 28 आदिवासी बच्चों ने 10 से 13 अगस्त तक श्रीहरिकोटा स्थित इसरो के उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र का शैक्षिक दौरा किया। इस अवसर पर आदिवासी विकास एवं शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि राज्य में पहली बार वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा विशेषकर आदिवासी बच्चों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए तापी जिला प्रशासन द्वारा की गई अभिनव पहल प्रेरणादायी है। शिक्षा का संगम - शैक्षिक प्रेरणा यात्रा का अभिनव प्रयोग - इस परियोजना को राज्य के अन्य आदिवासी जिलों में भी क्रियान्वित करने के लिए सक्रिय प्रयास किये जायेंगे। जनजातीय कार्य विभाग यह सुनिश्चित करने में सक्रिय रूप से योगदान देगा कि तापी जिले जैसे जनजातीय जिलों के बच्चे प्रेरणादायक शैक्षिक यात्राओं में भाग ले सकें और अपने करियर के बारे में एक नया दृष्टिकोण प्राप्त कर सकें। सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए मंत्री ने कहा कि यह प्रेरणादायक यात्रा जनजातीय बच्चों के लिए आजीवन यादगार रहेगी तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए एक कदम के रूप में भी काम करेगी। इस तरह की अभिनव यात्रा बच्चों की कल्पना और सपनों को नई उड़ान देती है। कुबेर डिंडोर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने देश को जय जवान, जय किसान का नारा दिया, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने जय जवान, जय किसान के साथ जय विज्ञान भी जोड़ा और देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जय अनुसंधान का नारा जोड़कर विज्ञान और अनुसंधान के महत्व को उजागर किया है।तापी ज़िले के प्रभारी मंत्री मुकेश पटेल ने कहा कि 28 आदिवासी छात्रों ने इसरो के शोध कार्यों, अंतरिक्ष विज्ञान और भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों को करीब से जाना है। चावल की रोटी खाने वाले छात्रों ने चेन्नई में डोसा का स्वाद चखा है। सरकारी स्कूलों के छात्र प्रतिभा और प्रतिभा की प्रेरणादायक मिसाल कायम कर रहे हैं। आशा है कि इनमें से ज़्यादा से ज़्यादा छात्र वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करेंगे। इसरो भ्रमण के दौरान बच्चों ने इसरो के अनुसंधान कार्य और अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में गहराई से जानकारी प्राप्त की तथा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से नए अनुभव प्राप्त किए। सभी छात्रों ने एक स्वर में कहा कि श्रीहरिकोटा स्थित इसरो के उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र का दौरा हमारे लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष में करियर बनाने के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ।

### ऐसी की गई थी छात्रों की चयन प्रक्रिया

इसरो के एक्सपोज़र विजिट के लिए चयन प्रक्रिया में, तापी ज़िले के आदिवासी विभाग और सरकारी स्कूलों सहित कुल 15 स्कूलों के कक्षा 11-12 के विज्ञान के छात्रों के लिए 100 अंकों की परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें कक्षा 9वीं और 10वीं की विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से प्रश्नपत्र तैयार किया गया था। यह परीक्षा बच्चों के लिए अपने ज्ञान और तर्क क्षमता को परखने का एक अनूठा मंच बनी। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को इस यात्रा के लिए चुना गया।

### इसरो भ्रमण छात्रों के लिए ज्ञान और विज्ञान की यात्रा बना

छात्रों ने श्रीहरिकोटा स्थित विश्व प्रसिद्ध सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (इसरो) का दौरा किया, जिसे भारत का अंतरिक्ष बंदरगाह कहा जाता है, और वहां प्रक्षेपण आधार अवसंरचना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, रॉकेट प्रक्षेपण प्रक्रिया पर नजर रखी गई, रॉकेट की स्थिति, कक्षा और वैज्ञानिक गतिविधियों को निकट से देखा। वाहन असेंबली भवन, प्रक्षेपण टॉवर, ईंधन प्रणाली और उलटी गिनती क्षेत्र में वैज्ञानिकों से रॉकेट के प्रकार, उपग्रह के उपयोग, प्रक्षेपण प्रक्रिया और अंतरिक्ष में आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

## संक्षिप्त ख़बरें

### स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में आयोजित की गई विदाई समारोह

दुमकाः सिदो कान्हु मुर्मू विवि के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में सेमेस्टर चार के छात्र /छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई .इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और विभाग में अपने बिताए दो वर्षों के अनुभव और संस्मरण को साझा किया.विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार सिन्हा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की .विभाग के शिक्षक डॉ अजय सिन्हा ने इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय के अनेक कार्यक्रम में योगदान करने और विभाग के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में पुरस्कार जीत कर विभाग का मान बढ़ाने के लिए सराहना की और उनको आगे सफलता प्राप्त करने की कामना की .डॉ इंद्रनील मंडल ने छात्रों को अपने लक्ष्य प्राप्ति तक कड़ी मेहनत करने की सलाह दी .इस कार्यक्रम में मंच संचालन शुश्लिना ने किया . इस कार्यक्रम के सफल संचालन में सोनिका , राहुल , आशा आदि छात्र -छात्राओं ने अहम भूमिका निभाई .

### उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने किया स्वतंत्रता दिवस के अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण

दुमकाःस्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बुधवार को पुलिस लाइन मैदान में आयोजित अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।गौरतलब है कि आगामी 15 अगस्त को संथाल परगना के आयुक्त द्वारा पूर्वाह्न 9 बजे पुलिस लाइन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इस अवसर पर मार्च पास्ट, परेड का आयोजन होगा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का यह पावन अवसर हम सभी के लिए गर्व और एकता का प्रतीक है। सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि समारोह में आने वाले नागरिकों को सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा और अन्य सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध हों।उन्होंने पुलिस प्रशासन, नगर परिषद, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत आपूर्ति, अग्निशमन विभाग एवं अन्य एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। अंतिम पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिला के अन्य वरीय अधिकारी और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक आयोजित

दुमकाःउपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बुधवार को समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई और आपसी समन्वय के माध्यम से योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाओं और कार्यक्रमों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। विभागों के बीच समन्वय और पारदर्शिता से ही बेहतर परिणाम संभव हैं।उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास योजनाओं, जनसुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं और विशेष अभियानों की प्रगति नियमित रूप से रिपोर्ट करें। साथ ही, आपसी संवाद और समस्या समाधान को प्राथमिकता देते हुए कार्य करें।बैठक में सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और जनता की शिकायतों के त्वरित निपटारे पर भी चर्चा करते हुए संबंधित को निर्देश दिया गया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय विभागाध्यक्ष एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे।

### बीडीओ ने बीईईओ को दिया विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति का निरीक्षण कराकर अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश

दुमकाःउपायुक्त दुमका के निर्देशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ विवेक किशोर ने पत्र जारी कर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जामा से विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति का निरीक्षण कराकर अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है। इस विषय के संदर्भ में उपायुक्त दुमका द्वारा बताया गया है कि विगत दिनों राजस्थान राज्य में एक स्कूल भवन की छत छज्जा गिरने से कई छात्रों के घायल होने घटना हुई थी जो बेहद चिंताजनक एवं गंभीर है।उक्त घटित घटना को दृष्टिपथ में रखते हुए यह आवश्यक है कि दुमका जिला अंतर्गत संचालित सभी सरकारी विद्यालय भवनों के संरचनात्मक मजबूती का विस्तृत अंकेक्षण कराया जाय, जिससे कि विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित पठन-पाठन का वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इस संदर्भ में जामा प्रखंड सहित दुमका जिला अंतर्गत संचालित सभी विद्यालय भवनों की जाँच कर संरचनात्मक जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय एवं यदि कोई विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में हो तो अविलंब सुरक्षित एवं उपयुक्त वैकल्पिक स्थान की खोज करते हुए उक्त स्थान पठन पाठन,अध्ययन-अध्यापन का कार्य प्रारंभ करें एवं तत्संबंधी जांच प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड समिति की बैठक आयोजित

दुमकाःगोपीकांदर प्रखंड प्रशिक्षण भवन परिसर में बुधवार को प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड समिति गोपीकांदर की बैठक प्रखंड अध्यक्ष उमेश हेंब्रम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। सभी ने उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए दो मिनट का मौन धारण किया।इसके पश्चात आगे की कार्यक्रम की चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष उमेश हेंब्रम ने बताया कि बैठक में सहायक अध्यापक के द्वारा समान काम समान वेतन की मांग हेतु 5 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम हेतु सभी सदस्यों ने अपनी-अपनी भागीदारी निर्वहन पर विशेष जोर दिया। इसके साथ-साथ संघ के विस्तारीकरण के लिए संकुल कमेटी की गठन करने का विचार विमर्श किया गया। इस दौरान प्रखंड सचिव पतरास मरांडी, कोषाध्यक्ष ढेना मुर्मू, हरिदास हांसदा, दिलिप हेंब्रम, बसंती किस्कू, मगदलिना मुर्मू, डेविड मरांडी, बाबूधन मुर्मू, शुधाशु शेखर झा, सुनील कुमार हांसदा सहित अन्य मौजूद थे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -3 के तहत स्वयं सेवकों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत



दुमकाःराष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 कार्यक्रम पदाधिकारी सह दुमका नोडल पदाधिकारी के नेतृत्व मे हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वयंसेवक गुलाब मोहली ने अपने लाटूलिया गाँव आसनबानी मे तिरंगा झंडा बच्चो के बीच बाँटकर बच्चो को देश भक्ति के प्रति जागरूक किया साथ ही बच्चो को राष्ट्रगान गाकर उन्हें देश भक्ति के प्रति त्याग समर्पण की भावना को समझाया। इस अवसर पर डॉ रूपम कुमारी ने मिडिया बंधुओ के माध्यम से यह सन्देश दिया स्वतंत्र दिवस मे प्रतेक वर्ष हम सभी आजादी की जश्न को मनाते है और आज राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से मैं सभी वालंटियर्स को देश भक्ति के प्रति जागरूकता अभियान कराती ताकि वालंटियर्स मे नैतिकता और देश भक्ति की भावना जागरूक हो इन्ही भावना से प्रेरित होकर वालंटियर्स गुलाब मोहली ने 13 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा अभियान के तहत बच्चो मे देश भक्ति की भावना को जागरूक किया जो एक अच्छी पहल है । आज के युवा देश के भविष्य है।हमें झंडे का सम्मान करना चहिये । प्रत्येक इंसान मे देश भक्ति की भावना जागरूक होनी चाहिए और इकाई 3 की ओर से इस अभियान का समापन अपने गोद लिए गाँव रानीश्वर बागतिपारा मे 15 अगस्त को किया जायेगा।

# संपादकीय

**कोयलांचल संवाद**

## विपक्षी दलों के 300 सांसदों का पार्लियामेंट से चुनाव आयोग तक मार्च

11 अगस्त को संसद से चुनाव आयोग तक जाने के लिए 300 सांसदों ने एक साथ मार्च किया इन सांसदों की गिरफ्तारी दिल्ली पुलिस द्वारा की गई इन्हें लगभग 2 घंटे तक पार्लियामेंट थाने में रोक कर रखा गया। इनके ऊपर कोई मुकदमा दर्ज हुआ है या नहीं, इसके बारे में अभी कोई बात सामने नहीं आई है क्योंकि यह पुलिस से बिना परमिशन लिए समूह में चुनाव आयोग तक जा रहे थे। कानून व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा इन्हें कुछ देर हिरासत में लिया गया। बाद में छोड़ दिया गया तो उसका असर अलग होगा, यदि कोई मुकदमा दर्ज किया होगा तो आगे चलकर या एक राजनीतिक मुद्दा बन सकता है। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे सहित सभी विपक्षी दलों के नेता और सांसद इस मार्च में शामिल थे। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद अखिलेश यादव ने बैरिकेट्स के ऊपर चढ़कर आगे जाने का प्रयास किया। महिला सांसदों ने भी बेरीकेट में चढ़कर विरोध दर्ज कराया। दो महिला सांसद बेहोश भी हो गईं। विपक्षी दलों के सांसदों का जो आक्रामक रुख था वह सरकार के लिए आगे चलकर परेशानी बढ़ाने का कारण बन सकता है। बिहार की एसआईआर के मुद्दे पर सदन में चर्चा नहीं हो रही है। इसके खिलाफ विपक्ष को एकजुट होने का मौका सरकार ने दे दिया है। सांसद अब संसद की बजाय सड़क पर उतरकर आ रहे हैं, जिसके कारण आने वाले समय में केंद्रीय चुनाव आयोग और भाजपा दोनों की ही मुसीबतें बढ़ सकती हैं। महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव में जिस तरह से वोट बढ़ाए गए थे 8 से 10 फ़ीसदी वोट बढ़ाकर अंतिम समय पर भाजपा को जीत हासिल हुई थी। कर्नाटक के एक लोकसभा चुनाव क्षेत्र के एक विधानसभा क्षेत्र का जो खुलासा राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट के आधार पर किया है उससे स्पष्ट है, चुनाव के दौरान भाजपा और चुनाव आयोग की मिली-भगत से चुनाव में बहुत सारी अनियमितता की गई है। विपक्ष ने भाजपा सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाया है। 25 से लेकर 80 सीटों के बीच यह गड़बड़ी हुई है। विपक्षी दल के सांसद चुनाव आयोग से वोटर लिस्ट और वीडियोग्राफी मांग रहे हैं। चुनाव आयोग ने उन्हें देने से इंनकार कर दिया है। रातों-रात कानून बदल दिया गया, कि 45 दिन के बाद सारा डाटा नष्ट कर दिया जाएगा। इसके बाद से केंद्रीय चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर संपूर्ण देश में सवाल खड़े हो रहे हैं। बिहार में जो एसआईआर हो रही है उसमें 65 लाख लोगों के नाम काटने की बात खुद चुनाव आयोग द्वारा की गई है। बिहार का चुनाव वोट काटकर भाजपा चुनाव जीतना चाहती है। मुसलमान और एससी/एसटी और गरीब लोगों के वोट काटकर चुनाव जीतने की जो रणनीति बनाई जा रही है उसको विपक्ष ने अब अच्छी तरह से समझ लिया है। केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा जो प्रारूप प्रदर्शित किया गया है उसे वोटर लिस्ट में कई तरीके की गड़बड़ियां पाई गई हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। केंद्रीय चुनाव आयोग कोई भी डाटा सार्वजनिक करने के लिए तैयार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में उसने यह लिखकर दे दिया है। उसके बाद से केंद्रीय चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर केवल भारत में ही नहीं दुनियाभर में सवाल खड़े हो रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स, राइटर और अल जजीरा जैसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इसे लगातार कवर किया जा रहा है। विपक्ष के प्रति लगातार सहानुभूति और लोकप्रियता बढ़ती चली जा रही है। राहुल गांधी और अन्य नेताओं की गिरफ्तारी के बाद विपक्ष के पक्ष में सहानुभूति की लहर देखने को मिल रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तनाव बढ़ता चला जा रहा है। अब तो लोग न्यायपालिका के ऊपर भी वह विश्वास नहीं कर पा रहे हैं जो पहले करते थे। अभी तक इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में तीन सुनवाई हुई हैं। तीनों बार उसके जज बदले गए हैं। इसको लेकर भी अब आम लोगों के बीच में यह कहा जाने लगा है, कि तारीख पर तारीख और समय पर फैसला नहीं करके सुप्रीम कोर्ट एक तरह से सरकार और केंद्रीय चुनाव आयोग को बचाने का काम कर रही है। विपक्ष भी अब संविधान को बचाने की बात कर रहा है। विपक्ष का आरोप है कि जब केंद्रीय चुनाव आयोग और भाजपा की मिली भगत से चुनाव होंगे जो सीट वो जीतना चाहते हैं वह सुनियोजित रूप से प्लानिंग करके जीतेंगे। चुनाव आयोग की पारदर्शिता पूरी तरह से खत्म हो गई है। नए-नए नियम बनाए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब वही सरकार बनेगी जो चुनाव आयोग और सरकार मिलकर तय कर लेंगे। अब तो चुनाव के पहले ही सीटों का दावा कर लिया जाता है। 2047 तक केंद्र में भाजपा की सरकार रहेगी यह दावा सरकार के मंत्री और भाजपा के नेता करते हैं। विपक्ष भी अब यह मानकर चल रहा है कि जिस तरीके से चुनाव कराए जा रहे हैं ऐसी स्थिति में वह जब तक चाहेंगे सरकार में बने रहेंगे। अब सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में सड़कों पर लड़ाई देखने को मिल रही है। एक बार फिर 1975 में जिस तरह से छात्र आंदोलन के माध्यम से सरकार को चुनौतियों का सामना करना पड़ा था लगभग वही स्थिति अब बनती हुई दिख रही है। केंद्र सरकार एक साथ कई मोर्चा पर लड़ रही है। आगे चलकर क्या हालात होंगे कहना मुश्किल है। इस पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण हो गई है। केंद्रीय चुनाव आयोग पर यदि सुप्रीम कोर्ट अंकुश नहीं लगा पाया तो भारत में न्यायपालिका पर आम लोगों का विश्वास घटेगा। देश इस समय सबसे बड़े संकट के दौर से गुजर रहा है। यह इससे कैसे निकलेगा कुछ कहा नहीं जा सकता है।

## 17 वर्षीय अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स को कब मिलेगा भारत रत्न!

**डा. श्रीगोपाल नारसन**

**बलिदान दिवस 14 अगस्त पर**

जिस उम्र में युवा अपनी पढ़ाई कर बेहतर भविष्य के सपने बुनते है उसी 17 वर्ष की उम्र में छात्र जगदीश प्रसाद वत्स ने भारत मां को आजाद कराने के लिए सीने पर गोलियां खाकर देशप्रेम व बहादुरी का एक इतिहास रचा था। 17 वर्षीय जगदीश प्रसाद वत्स,जिन्होंने सन 1942 में हरिद्वार के ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज में पढ़ते हुए आजादी का बिगुल बजाया और कालेज के छात्रों का नेतृत्व करते हुए 17 वर्षीय जगदीश प्रसाद वत्स ने तिंरगे झण्डे हाथ में लेकर अंग्रेज पुलिस को चुनौती देने का साहस किया था। 13 अगस्त सन 1942 की रात्रि में छात्रावास में हुई छात्रो की एक बैठक में 14 अगस्त को तिरंगे फैहराने के लिए सडको पर निकलने और भारत माता की जय,इंकलाब जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए, लिए गए निर्णय कोअमलीजामा पहनाते हुए छात्रों का दल 14 अगस्त की सवेरे ही हरिद्वार की सडको पर निकल पडा था। पुलिस की छावनी के बीच भी जब छात्र जगदीश प्रसाद वत्स ने सुभाष धाट पर पहला तिरंगा फैहराया तो अंग्रेज पुलिस की एक गोली उनके बाजू को चीरती हुई निकल गई । घायल जगदीश ने धोती को फाडकर घाव पर बांध लिया और फिर दुसरा तिरंगा फैहराने के लिए डाकधर की तरफ दौड लगा दी। पुलिस की गोली चलने से बाकी छात्र तो तितर बितर हो गए थे ,लेकिन 17 वर्षीय जगदीश तिरंगे फैहराने की जिद पर अडिग रहा और उसने दौडते हुए जाकर दुसरा तिरंगा डाकधर पर फैहरा दिया। वहां भी पुलिस ने गोली चलाई जो जगदीश वत्स के पैर में लगी। जगदीश ने फिर रेलवे पटरी के रास्ते स्टेशन पर पहुंचकर पाइप पर चढकर तीसरा तिरंगा फैहरा दिया था, जैसे ही जगदीश प्रसाद वत्स तिरंगा फैहराकर नीचे उतरा तो राजकीय रेलवे पुलिस के इन्सपैक्टर प्रेम शंकर श्रीवास्तव ने उन्हे धेर लिया। जगदीश ने तांव में आकर एक थप्पड इन्सपैक्टर श्रीवास्तव को मार दिया, जिससे वह नीचे गिर पडा। इन्सपैक्टर प्रेम शंकर श्रीवास्तव ने नीचे पडे हुए ही एक गोली जगदीश को मार दी जो उनके सीने में लगी। तीसरी गोली लगते ही जगदीश मुर्छित हो गया। हरिद्वार में डॉक्टर उपलब्ध न होने पर उन्हें इलाज के लिए देहरादून सेना अस्पताल ले जाया गया।

बताते है कि वहां जगदीश को एक बार होश आया था और उनसे माफी मांगने को कहा गया था परन्तु माफी न मांगने पर उन्हे कथित रूप में जहर का इंजेक्शन देकर उनकी हत्या कर दी गई। सहारनपुर जिले के ग्राम खजूरी अकबरपुर निवासी जगदीश वत्स का शव भी पुलिस ने उनके पिता पंडित कदम सिंह शर्मा को नही दिया था।उल्टे दुस्साहसी अंग्रेजो ने जगदीश वत्स को गोली मारने वाले पुलिस इन्स्पैक्टर प्रेम शंकर श्रीवास्तव को पुलिस मैडल प्रदान किया था। लेकिन देश आजाद होने पर प्रथम प्रधान मन्त्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने जगदीश वत्स की राष्ट्रभक्ति व वीरता की प्रंशसा करते हुए एक विजय ट्राफी वत्स परिवार को दी थी। जो धरोहर केरूप में आज भी सुरक्षित है।

# खुदा चाहे तो भारत की तरक्की रुक नहीं सकती

**मुस्ताअली बोहरा**

-- बहुत कुछ हुआ... बहुत होना है बाकी
फिर पहले जैसा आबाद हो जाऊं
मै भी अशफाक और आजाद हो जाऊं
हो जाऊं उधम, राजगुरु और बिस्मिल।
वन्दे मातरम की फरियाद हो जाऊं
हो मुकम्मल शेर ये वतन के लिए
हर मिशरे पे मै इरशाद हो जाऊं।।

आला चैहान मुसाफिर की ये पंक्तियां आजादी के इतने बरसों बाद भी मौजूं हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की सैन्य ताकत पूरी दुनिया देखी और इसकी गूंज अभी भी जारी है। आजादी के बाद से लेकर अब तक भारत ने सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक, सैन्य, कृषि, तकनीक, अंतरिक्ष, रक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, परिवहन सहित सभी क्षेत्रों ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। हिन्दुस्तान दुनिया का ऐसा इकलौता मुल्क हैं जहाँ विभिन्न धर्म, सम्प्रदाय, वर्ग-समूह, भाषा-बोली, कला-संस्कृति, पर्व-अनुष्ठान, वेशभूषा, खान-पान हैं। ऐसे देश के बाशिन्दे होने पर हम फख्र महसूस कर सकते हैं। लेकिन आजादी के इतने बरसों में उपलब्धियों के साथ ही हमने काफी कुछ खोया भी है, सामाजिक सदभाव, साम्प्रदायिक सौहार्दय का ह्रास हुआ है, अपराध बढ़े हैं, धर्म में राजनीति और राजनीति में धर्म का घालमेल हद से ज्यादा हो गया है। बेरोजगार शिक्षित युवाओं का एक वर्ग अवसाद और निराशा से गुजर रहा है। स्कूली विद्यार्थी से लेकर किसान तक और बेरोजगार युवा से लेकर कारोबारी और सरकारी कर्मचारी तक आत्महत्या कर रहे हैं। भ्रष्टाचार, बलात्कार, मॉब लीचिंग और सामूहिक हिंसा जैसे नासूर अभी भी कायम हैं। देश के कई इलाकों में आज भी हजारों लोग झुग्गियों में जीवन बसर करने के लिए विवश हैं, कई गांवों में आज भी साफ पेयजल मययसर नहीं है। आज भी देश में प्रदूषित पानी पीने से पनपने वाली कई बीमारियों से होने वाली मौतों की संख्या कम नहीं है। आज हम तकनीकी रूप से सुदृढ़ हुए हैं बावजूद इसके युवा बेरोजगारी की दर साल दर साल बढ़ रही है, माकूल चिकित्सा के अभाव में लोगों की जान जा रही है, आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी छोटे शहरों में उच्च शिक्षा संस्थान का अभाव है, एमबीए और इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बाद भी युवाओं को नौकरी नहीं मिल पा रही है। कुल मिलाकर, अभी तक बहुत कुछ हो चुका है और बहुत कुछ होना बाकी है। अहम सवाल ये है कि अपने देश की तरक्की की राह में हमारी भागीदारी-हमारी जिम्मेदारी कितनी है.....? खैर, तमाम विसंगतियों के बावजूद जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं तो खुद को आज आत्मनिर्भर, शक्तिशाली, समृद्ध देश के रूप में पाते हैं। मशहूर शायर फय्याज ग्वालियरी की एक नज्म की चंद लाईनें यहां हाले दिल बयां करने के लिए काफी हैं........

वो दिन आया कि अपना देश, आज आजाद-ए-कामिल है
नया सिक्का, नई अजमत, नई तौकीर हासिल है
हिमालय की तरह दुनिया में आज ऊंचा है सर अपना
कि राज अपना है, काज अपना है, घर अपना है, दर अपना
खड़े होंगे अब अपने पांव पर, हम अपनी ताकत से
करेंगे देश को आजाद गुरबत से, जहालत से
कोई भारत में अब दुख से तड़पता रह नहीं सकता
गुलामी ऐसी आजादी से अच्छी कह नहीं सकता
किसी के सामने अब अपनी गर्दन झुक नहीं सकती
खुदा चाहे तो भारत की तरक्की रुक नहीं सकती।

भारत की सीमाएं चारों तरफ से महफूज़ हैं और ऐसा हमारी सेना की बदौलत है। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत की सैन्य ताकत का नंबर आता है। आपरेशन सिंदूर के वक्त पूरी दुनिया भारत की सैन्य शक्ति को देख चुकी है। इंडियन आर्मी में फिलहाल 13 लाख 25 हजार सक्रिय सैनिक हैं। इंडियन आर्मी के बेड़े में सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस, अग्नि, पृथ्वी, आकाश और नाग जैसे मिसाइल हैं। भारत के पास 1,380 विमानों का बेड़ा है, जिसमें सुखोई एम 30, मिग-29, मिग-27, मिग-21, मिराज और जगुआर जैसे आधुनिक विमान हैं। ग्लोबल फायर पॉवर के मुताबिक 2025 सैन्य स्ट्रेंथ रैंकिंग में भारत और पाकिस्तान के बीच आठ पायदान का फासला है। साल 2025 में वैश्विक सैन्य ताकत के मामले में 145 देशों में भारत की रैंकिंग चौथी है। भारतीय वायुसेना शीर्ष 5 में जगह बनाते हुए चौथे स्थान पर शामिल है। भारत की शक्तिशाली नौसेना विश्व में 6वें स्थान पर हैं। भारत के पास कुल 51.37 लाख की सैन्य शक्ति है, जिसमें 14.55 लाख एक्टिव सैनिक, 11.55 लाख रिजर्व सैनिक हैं। भारतीय सेना में 21.97 सैन्यकर्मी, एयरफोर्स में 310575 और नेवी में 142251 सैनिक हैं। भारत के पास 25.27 लाख अर्द्धसैनिक बलों के जवान हैं। भारतीय सेना के पास करीब 22 लाख आर्मी जवान, 4,201 टैंक, करीब डेढ़ लाख बखतरबंद वाहन, 100 सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलरी और 3,975 खींच कर ले जाने वाली आर्टिलरी है। इसके अलावा मल्टी बैरल रॉकेट आर्टिलरी की संख्या 264 है। भारतीय एयरफोर्स के पास 3 लाख 10 हजार वायु सैनिक और कुल 2,229 विमान हैं जिनमें 513 लड़ाकू विमान और 270 ट्रांसपोर्ट विमान हैं। कुल विमानों में 130 हमला करने वाले, 351 ट्रेनर और छह टैंकर फ्लीट के विमान हैं। भारतीय सेना के तीनों अंगों के पास कुल हेलीकॉप्टरों की संख्या 899 है जिनमें 80 अटैक हेलीकॉप्टर हैं। भारतीय नेवी के पास 1.42 लाख नौसैनिक, कुल 293 पोत हैं जिनमें दो विमानवाहक पोत, 13 डिस्ट्रॉयर, 14 फ्रिगेट्स, 18 सबमरीन और 18 कॉर्वेट्स युद्ध पोत हैं। लॉजिस्टिक्स के तौर पर भारतीय सेना के पास 311 एयरपोर्ट्स, 56 बंदरगाह और 63 लाख किलोमीटर की सड़क और 65 हजार किलोमीटर की रेलवे कवरेज है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के पास 172 परमाणु वॉरहेड हैं। जहां तक ड्रोन की बात है तो भारत के पास अगले कुछ सालों में लगभग पांच हजार ड्रोन्स होंगे। बीते साल में भारत ने अमेरिका से साढ़े तीन अरब डॉलर मूल्य के 31 प्रीडेटर ड्रोन्स खरीदने का समझौता किया था। प्रीडेटर ड्रोन्स दुनिया के सबसे कामयाब और खतरनाक ड्रोन माने जाते हैं। इनके साथ 50 करोड़ डॉलर के उन ड्रोन्स के जरिए लक्ष्य को तबाह करने में इस्तेमाल होने वाले बम और लेजर गाइडेड मिसाइलें भी खरीदी जाएंगी। भारतीय सशस्त्र बल में तीन पेशेवर वर्दीधारी सेवाएँ अन्तर्गत हैं, भारतीय स्थल सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना। इसके अतिरिक्त भारतीय सशस्त्र बलों को केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल, असम राइफल्स, भारतीय तटरक्षक बल और विशेष सीमा बल भी है। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के स्वदेशी उत्पादन को भारत सरकार द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें 16 रक्षा पीएसयू शामिल हैं हिन्दुस्तान वैमानिकी लिमिटेड, भारत वैद्युतिकी लिमिटेड, भारत भूचालक लिमिटेड, भारत गतिकी लिमिटेड, माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, जीआरएसई, और मिधानि। हाल ही में ड्रोन से मिसाइल दागने का सफल परीक्षण किया गया है। आजादी के बाद भारत ने सन 1947, 1965, 1971 और 1999 में पाकिस्तान के साथ और 1962 में चीन के साथ युद्ध लड़े हैं। इसके अलावा हाल ही में भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर की धमक पूरी दुनिया में गूंजी। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के भीतर स्थित आतंकवादी ढांचों की कमर तोड़। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6 मई 2025 को भारतीय बलों ने कार्रवाई की। भारतीय वायु सेना ने न केवल पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकवादी ढांचों पर तबाही मचाई, बल्कि पाकिस्तान के उकसावे पर उसके सैन्य अड्डों को भी निशाना बनाया। भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस को निशाना बनाया, जिसमें अति महत्वपूर्ण रहीम यार खान और पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों के पास स्थित सरगोधा एयरबेस भी शामिल है।

बहरहाल, आजादी के बाद से अब तक देश ने हर क्षेत्र में तरक्की की है। बावजूद इसके, वास्तव में आजादी अभी भी अधूरी है। आजादी को पूरा करने के लिए सार्थक और ईमानदार प्रयत्नों, दृढ़ संकल्पों की आवश्यकता है। आजादी के इतने सालों तक सरकारें बदलती रहीं, देश ने रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकि, कृषि सहित अन्य क्षेत्रों में तरक्की की भी लेकिन अभी भी कुछ चीजें बदलनी बाकी हैं। अभी भी गरीबी और बेरोजगारी है, दूरस्थ अंचलों में अंधविश्वास खत्म नहीं हुआ है, दलितों और निचले तबकों पर अत्याचार हो रहे हैं, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी बहुत काम बाकी है। बढ़ती मंहगाई के कारण गरीब और मध्यम वर्ग हलाकान है। देश के हालातों को बदलने के लिए महज सरकार बदलने से कुछ नहीं होगा अपितु हमें भी खुद बदलना होगा, हर छोटे-बड़े काम के लिए सरकार पर निर्भरता कम करनी होगी। आज जरूरत है तो बस राजनैतिक इच्छाशक्ति और सामूहिक प्रयासों की ताकि अधूरे कार्यों को पूरा किया जा सके। आज जरूरत है देश के अंतिम व्यक्ति तक कानून में दिए गए मौलिक अधिकारों में शामिल मूलभूत सुविधाएं पहुंच सकें। आज जरूरत है कि हम अपने अधिकारों के साथ ही अपने कर्तव्यों को भी पहचानें और देश को समृद्ध-शक्तिशाली बनाने में अपना योगदान दें। और अंत में राम प्रकाश बेखुद की इन पंक्तियों के साथ.........

**जहाँ लिक्खा है हिन्दुस्तान, हिन्दुस्तान रहने दो**

**हमारी जान है इसको हमारी जान रहने दो।**

**हमें मजहब-धरम और जात के खानों में मत बांटों**

**खुदा के वास्ते इन्सान हैं इन्सान रहने दो।।**

**जयहिंद**

# अखंड भारत के साधक पेशवा बाजीराव

**डॉ. प्रवीण दाताराम गुगनानी**

**अखंड भारत दिवस 14 अगस्त एवं पेशवा बाजीराव जयंती**

चौदह अगस्त, 1947 अखंड भारत दिवस और अट्ठारह अगस्त वर्ष 1700, पेशवा बाजीराव प्रथम का जन्मदिवस; ये दोनों प्रसंग एक दूजे से गहनता से जुड़े हुए हैं। अखंड भारत दिवस को हम विभाजन विभीषिका दिवस के नाम से भी जानते हैं। अखंड भारत के अर्थात् वह प्राचीन भारत जिसमें वर्तमान अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और तिब्बत सम्मिलित थे।पेशवा बाजीराव बल्लाल इस अखंड भारत हेतु दृढ़प्रतिज्ञ थे। इस प्रतिज्ञा की पूर्ति हेतु ही उन्होंने अपना जीवन पुष्प भारत माँ के चरणों में अर्पित कर दिया था। इसके भी पूर्व मध्यावर्त, आर्यावर्त भी एक भौगोलिक इकाई रही जिसे भारतवर्ष भी कहा जाता था। वस्तुतः हमारा मूल भारत तो वही है जिसमें ईरान, इराक, थाईलैंड, इंडोनेशिया, बर्मा आदि भी सम्मिलित थे।

पेशवा बाजीराव वस्तुतः इस अखंड भारत की अवधारणा के ही सशक्त वाहक थे जिसके शास्त्रों में लिए कहा गया है -

उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम् |
वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः ||

अर्थात् समुद्र के उत्तर में और हिमालय के दक्षिण में जो देश है उसे भारत कहते हैं तथा उसकी संतानों (नागरिकों) को भारती कहते हैं। यह सूक्त कोई नया या काल्पनिक नहीं अपितु अष्टादश (अट्ठारह) पुराण में से एक विष्णु पुराण में लिखित है। विष्णु पुराण ऋषि पाराशर द्वारा रचा गया था।

चौदह अगस्त की तिथि को विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में मनाते हैं। इसी दिन हमारा राष्ट्र अपने सातवें विभाजन के दंश को झेल रहा था। इसके पूर्व वर्ष हम केवल सौ वर्षों के इतिहास को देखें तो हमें दिखता है कि भारतवर्ष के सात विभाजन तो 1857 से लेकर 1947 तक के एक छोटे से कालखंड में ही कर दिए गए थे। ये विभाजन कुछ और नहीं बल्कि इंग्लैंड के उस सांस्कृतिक भय की देन थे जिसमें उन्हें दिखता था कि यदि भारत इस रूप में ही अखंड रहा तो उनका देश व अन्य पश्चिमी ईसाई देश कभी भी ईसाइयत को एक महान धर्म व संस्कृति के रूप में स्थापित नहीं कर पायेंगे। वस्तुतः विस्तारवाद, अन्य देशों की संपत्ति को लूटना और उन देशों को निर्धन बनाकर धर्मांतरित कर लेना ही इन देशों का और उनके रिलीजन का लक्ष्य रहा है। अखंड भारत को हम इजराइल और यहूदियों के संदर्भ में भी स्मरण कर सकते हैं। यहूदियों का दुनिया में कोई अपना स्थान नहीं था, और 2500 वर्षों से जब भी एक यहूदी दूसरे यहूदी से, कहीं भी, किसी भी स्थिति में, मिलते थे, तो वे परस्पर चर्चा में अगले वर्ष यरूशलेम में मिलने की इच्छा व्यक्त करते थे। ढ़ाई हज़ार वर्षों तक यहूदी इसी प्रकार अपने यरुशलम में मिलने की इच्छा को पीढ़ी दर पीढ़ी व्यक्त करते रहे, अपने संकल्प को जीते रहे और अंततः एक दिन इन्होंने अपना यरुशलम प्राप्त कर ही लिया! इसी प्रकार हम भारतीयों को भी अखंड भारत के स्वप्न को अपने अंतःकरण में, मानस में, लेखन में, भाषण में, रणनीति में, स्वप्न में जीवित रखना चाहिए। हमें अंततोगत्वा अखंड भारत मिलेगा ही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखंड भारत की अवधारणा कोई विस्तारवाद की या भौगोलिक अवधारणा नहीं है। यह अवधारणा, वस्तुतः एक भू-सांस्कृतिक अवधारणा है। हम भारतीयों को समय-समय पर इस भू-सांस्कृतिक 'अखंड भारत' की अवधारणा को अपनी कल्पना-योजना में विकसित करते रहना चाहिए। पेशवा बाजीराव मात्र बीस वर्ष की आयु में पेशवाई गद्दी पर आसीन हुए। केवल बीस वर्ष ही शासन किया और बयालीस विकराल, विकट और विषम युद्धों में अविजित, अपराजेय रहे। बाजीराव पेशवा, कर्तव्य के इतने दृढ़ कि, भोजन करते हुए भी यह कहते हुए सहजता से भोजन की थाली छोड़कर उठ जाते हैं -

अगर मुझे पहुँचने में देर हो गई तो इतिहास लिखेगा कि एक राजपूत ने मदद मांगी और ब्राह्मण भोजन करता रहा।" इतिहास में यह भी अमिट है कि बाजीराव पेशवा ने दिल्ली पर आक्रमण करने हेतु दस दिन की दूरी पांच सौ अश्वों के बेड़े के साथ दो दिन में पूर्ण की थी। सामरिक या युद्ध साहित्य/इतिहास में यह अब तक का सबसे तेज जमीनी आक्रमण माना जाता है। इस आक्रमण से

किशोरवय बाजीराव ने दिल्ली में आज के तालकटोरा स्टेडियम के स्थान पर डेरा डालकर मुग़लों की घेराबंदी कर दी थी। "तेज गति से आक्रमण करो और दुश्मन को संभलने का मौका मत दो" - यह वीर बाजीराव की युद्ध नीति थी। इस युद्धनीति के बल पर ही उन्होंने मराठा शासन को दिल्ली तक विस्तारित कर दिया था।

बाजीराव पेशवा विश्व के उन तीन ऐतिहासिक सेनापतियों में गिने जाते हैं जिन्होंने कभी पराजय का मुँह नहीं देखा। नेपोलियन बोनापार्ट व जूलियस सीजर दो अन्य अविजित योद्धा हैं। बाजीराव की युद्धनीति इतनी प्रखर, प्रचंड व अभेद्य रहती थी की अमेरिका भी इसे आदर्श युद्ध नीति मानता है। अमेरिका सहित कई देशों में सैनिकों को आज भी पेशवा बाजीराव द्वारा पालखेड में उपयोग की गई युद्ध नीति सिखाई जाती है।

विश्वप्रसिद्ध पालखेड युद्ध में पेशवा ने निजाम के दाँत खट्टे कर दिए थे और उसे 'मुगी शिवगांव' संधि के लिए घुटने के बल होना पड़ा था। इस युद्ध के बाद बाजीराव ने निजाम पर कई शर्तें लाद थी थीं। इसके पश्चात् वीर बाजीराव ने 1731 में निजाम को पुनः पराजित किया और इसके बाद तो जैसे समूचा उत्तर भारत, पेशवा के अधीन हो गया था।

द्वितीय विश्व युद्ध में ब्रिटेन की ओर से जर्मन को पराजित करने वाले प्रसिद्ध व कुशल सेनापति विसकाउंट मोंटगोमरी पेशवा बाजीराव के प्रशंसक व युद्धनीति में बाजीराव के अनुगामी थे। मोंटगोमरी ने अपनी पुस्तक 'ए कन्साइस हिस्टरी ऑफ वॉरफेयर' में लिखा है - "1728 का पालखेड़ अभियान, जिसमें बाजीराव प्रथम ने निजाम-उल-मुल्क को परास्त किया, सामरिक गतिशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है।"

छत्रपति शिवाजी की कुल परंपरा का यह दिग्गज योद्धा

अटक से कटक तक और कन्याकुमारी से हिमालय तक हिन्दवी स्वराज की स्थापना में सफल रहा था। बाजीराव ने भारत का लगभग अस्सी प्रतिशत भूभाग हिन्दवी साम्राज्य का हिस्सा बना दिया था।

28 अप्रैल सन् 1740 को उस पराक्रमी अपराजेय योद्धा ने मध्यप्रदेश के रावेरखेड़ी में, नर्मदा तट पर अस्वस्थता के कारण प्राणोत्सर्ग किया था।

बाजीराव पेशवा का वर्ष 1731 का मालवा अभियान इतिहास में स्वर्णाक्षर से दर्ज है।1737 के बुंदेलखंड अभियान में राजा छत्रसाल की रक्षा की जिसके कारण छत्रसाल ने उन्हें झाँसी, कालपी, सागर जैसे क्षेत्र दे दिए थे। बाजीराव का 1737 का दिल्ली अभियान तो उनकी वीरता, युद्ध नीति, संगठन क्षमता व संकल्पशीलता का अद्भुत उदाहरण है। इस युद्ध में बाजीराव सुदूर महाराष्ट्र से चलकर मार्ग भर में विजयी सैन्य अभियान चलाते हुए, मुगल स्वामित्व वाली दिल्ली में प्रवेश कर गए थे।

इसी प्रकार 1738 के भोपाल युद्ध में भी वीर बाजीराव ने मुगलों और निजाम की संयुक्त सेना को धूल चटाई थी। इस युद्ध के बाद मुगलों को मराठों की अधीनता स्वीकार करनी पड़ी थी।

बाजीराव पेशवा ने अखंड भारत, हिन्दवी स्वराज हेतु केवल सैन्य अभियान ही नहीं चलाये बल्कि अनेकों राज्यों से मित्रता, संधि, परस्पर निर्भरता के नए आयाम भी स्थापित किए जिससे मराठों व राजपूतों में अद्भुत समन्वय स्थापित हो गया था।

# अखण्ड भारत बंद आंखों का स्वप्न नहीं खुली आंखों का संकल्प है

**सुरेन्द्र शर्मा**

**14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस**

15 अगस्त 1947 का दिन भारत के लिए एक ऐतिहासिक दिन था सदियों की विदेशी सत्ता समाप्त होकर भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई पर यह स्वतंत्रता खुशी के साथ आंसू भी लेकर आई। अंग्रेज स्वतंत्रता तो दे गये पर अपनी कुटिल चालों से भारत का विभाजन भी कराकर चले गए। 13 अगस्त तक जो राष्ट्र अखंड था 14 अगस्त को उसके दो टुकड़े हो गए जिस राष्ट्र ने 1905 में अपने एक प्रदेश बंगाल के विभाजन का पुरजोर विरोध किया एवं अंततः 1911 में अंग्रेजों को बंगाल का विभाजन रद्द करना पड़ा कमजोर नेतृत्व के कारण उसी राष्ट्र ने ठीक छत्तीस वर्ष पश्चात देश का विभाजन स्वीकार कर लिया। आजादी के जश्न में ना कोई जनता के आंसू देखने वाला था और ना ही कोई परिजनों के बिछड़ने पर सांत्वना देने वाला था । विभाजन की मांग को विलक्षण मूर्खता कहकर ठुकराने वाले या पकिस्तान मेरी लाश पर बनेगा कहकर जनता को विभाजन न होने देने का आश्वासन देने वाले आज मौन थे । आवाजें थीं तो स्वतंत्रता प्राप्ति के सरकारी आयोजनों की या फिर विभाजन के दंश को झेल रही आम जनता की। आखिर भारत का विभाजन हुआ क्यों ? अपनी आंतरिक दुर्बलताके कारण भारत लंबे समय तक विदेशी आक्रमणों को झेलता रहा एवं विदेशी शासकों के अधीन रहा । सन 1857 में पहली बार संगठित रूप से विदेशी दासता का प्रतिकार करने एवं स्वधर्म तथा स्वराज की रक्षा हेतु संग्राम लड़ा गया जिसने भारत से ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन समाप्त कर दिया एवं भारत पर सीधे ब्रिटेन का शासन हो गया इस क्रांति के पश्चात एक तरफ भारत की जनता में स्वतंत्रता प्राप्ति की इच्छा प्रबल हो चुकी थी दूसरी तरफ ब्रिटिश सरकार इस राष्ट्र भक्ति के ज्वार को ठंडा करने का हर संभव प्रयास करने लगी थी ब्रिटिश सरकार द्वारा अपनी फूट डालो और राज करो की नीति को और तेज गति से लागू करना प्रारंभ कर दिया था देश की एकता को तोड़ने के लिए रेजीमेंटों को जाति के आधार पर बांटना जनाक्रोश को दबाने के लिए 1885 में अंग्रेज आईसीएस अधिकारी ए ओ ह्यूम जो 1857 में इटावा के कलेक्टर थे एवं क्रांतिकारियों के डर से महिला का वेश रखकर इटावा से भागे थे के द्वारा कांग्रेस की स्थापना ,1905 में धर्म के आधार पर बंगाल प्रांत का विभाजन अंग्रेजों की सोची समझी चालों का परिणाम था पर भारत में राष्ट्रवाद का बेग अपने चरम पर था राष्ट्र भक्त जनता ने अंग्रेजों की सभी चालों को विफल किया हुआ था भारत के अंदर बंकिमचद्र चटर्जी , लोकमान्य तिलक लाला लाजपत राय बिपिन चंद्र पाल जैसे नेता जनता अंदर राष्ट्रभक्ति की ज्वाला को प्रखर कर रहे थे कांग्रेस भी अब अंग्रेज भक्त संस्था से राष्ट्र भक्त संस्था का रूप लेकर जन आंदोलन का नेतृत्व कर रही थी। जनता के इस ज्वार को सह पाना अंग्रेजों को असहनीय हो रहा था वह अपने लिए एक ऐसे मोहरे की तलाश कर रहे थे जो उनके लिए भारत विरोधी कार्य कर सके इसी उद्देश्य से 1905 में मुस्लिम लीग की स्थापना भी अंग्रेजों की योजना से हुई। परंतु प्रारंभ में वह निष्प्रभावी रही 1920 तक लोकमान्यय तिलक कांग्रेस के सर्वोच्च नेता थे 1 अगस्त 1920 को तिलक की मृत्यु के पश्चात मोहनदास करमचंद गांधी कांग्रेस के सर्वोच्च नेता बन गए गांधी जी का स्पष्ट मत कि हिन्दू मुस्लिम एकता के बिना स्वराज की प्राप्ति संभव नहीं है अतः मुस्लिम समुदाय को साथ रखने के लिए जो कुछ भी करना पड़े वह करना चाहिए जब भारत के मुसलमानो ने तुर्की के खलीफा के समर्थन में खिलाफत आंदोलन प्रारंभ किया उस समय कांग्रेस के प्रमुख नेताओं अध्यक्ष विजय राघवचारी, श्रीमती एनी बेसेंट, रवींद्रनाथ ठाकुर ने 1920 के कोलकाता अधिवेशन में खिलाफत आंदोलन का विरोध किया परंतु गांधी जी की इच्छा के आगे उनकी एक न चली परिणाम स्वरूप भारत में अलगाववाद का एक नया विचार प्रारंभ हुआ। खिलाफत आदोलन से हिंदू मुस्लिम एकता तो दूर उल्टे मुस्लिम कट्टर पंथियों एवं ब्रिटिश षडयंत्र कारियों को हिंदुस्तान को कमजोर करने का एक नया हथियार मिल गया। बात यही समाप्त नहीं हुई सरदार भगत सिंह एवं उनके साथियों की फांसी को रुकवाने का प्रयास न करना नेताजी सुभाषचद्र बोस को कांग्रेस के अध्यक्ष पद से त्याग पत्र देने के लिये मजबूर करना एवं मोहम्मद अली जिन्ना जब तक राष्ट्रवादी थे तब तक उनकी उपेक्षा करना और जब वह अलगाववाद का राग अलापने लगे तो उनके सामने झुकने जैसी अनेक गलतियां थी जो तत्कालीन नेतृत्व ने की एवं जो अततः भारत के लिए घातक साबित हुईं । मोहम्मद अली जिन्ना जो भारत के विभाजन के सूत्रधार बने प्रारंभ में प्रखर राष्ट्रवादी थे वह लोकमान्य तिलक के अनुयाई थे जब तिलक पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चला तब उन्होंने ही पैरवी की थी। 1906 में जब आगा खान ने पृथक निर्वाचन मंडल की मांग की तब जिन्ना ने यह कहते हुए विरोध किया कि इससे मुसलमानों में अलगाववाद की भावना बढ़ेगी। यहां तक की मुस्लिम लीग में शामिल होते समय जिन्ना ने स्पष्ट शब्दों मे कहा था की मेरी निष्ठा राष्ट्रीय हित के प्रति होगी जिन्ना ने खिलाफतआदोलन का भी यह कहकर विरोध किया था कि यह मामला हमारे देश से संबंधित नहीं है यह एक मजहबी मामला है और उसके कारण आगे चलकर मजहबी वैमनस्य बढ़ेगा पर राष्ट्रवादी जिन्ना को कांग्रेस ने अलग-थलग कर दिया एवं आगा खान, अली बंधुओं जैसे अलगाववादियों को महत्व देती रही एवं जब जिन्ना ने अलगाववाद का रास्ता अपना लिया तो कांग्रेस एवं उसके नेता जिन्ना को महत्व देने लगे।

तुष्टिकरण यही नहीं रुका उस समय कांग्रेस के अधिवेशनों की शुरुआत वन्देमातरम गायन से होती थी 1923 के कांग्रेस के काकीनाडा अधिवेशन में पंडित पलुस्कर ने जैसे ही वंदे मातरम का गायन प्रारम्भ किया कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद अली ने इसे रोकने का प्रयास किया मंचासीन एक भी नेता ने मोहम्मद अली का विरोध नहीं किया और तमाशा देखते रहे परंतु पंडित पलुस्कर तेजस्वी थे उन्होंने विरोध की परवाह न करते हुये वंदे मातरम का गायन पूर्ण किया मोहम्मद अली मंच से उठकर चले गए उन्हें रोकने की हिम्मत किसी ने नहीं की। यही नहीं 1937 में यह देखने के लिए एक समिति बना दी कि वंदे मातरम का कौन सा हिस्सा मुसलमानो के लिए आपत्तिजनक है आगे चलकर वंदे मातरम के केवल प्रथम दो ही पद गाए जाने लगे यह तुष्टिकरण की पराकाष्ठा थी। कांग्रेस का अधिकृत ध्वज निर्धारित करने के लिए 1931 में ध्वज समिति बनी समिति में पंडित जवाहरलाल नेहरू, मौलाना आजाद, सरदार वल्लभभाई पटेल , मास्टर तारा सिंह, डीबी कालेलकर, पट्टाभि सीतारमैया , एन.एम हार्डिकर सदस्य थे समिति ने सर्वसम्मति से भगवा रंग और चरखा यह प्रतीक इस प्रकार के ध्वज का प्रस्ताव दिया था परंतु इस ध्वज को ना मानते हुए गांधी जी द्वारा उस पर समय धार्मिक आधार पर सुझाए गए तिरंगा (जिसमें ऊपर का केसरिया हिंदुओं का , नीचे का हरा मुसलमानों का बीच में सफेद अन्य धर्म का प्रतीक था ) को कांग्रेस का राष्ट्रीय ध्वज स्वीकार कर लिया गया। हिंदी के स्थान पर हिंदी और उर्दू को मिलाकर हिंदुस्तानी भाषा के उपयोग पर जोर शिवाजी, महाराणा प्रताप , गुरु गोविंद सिंह जैसे महापुरुषों का महत्व कम किया गया एवं आगे चलकर 1934 में नागपुर में हुए हिंदी साहित्य सम्मेलन में कवि भूषण की रचना शिवा बावनी को सांप्रदायिक घोषित करते हुए उसके कुछ पदों को आधिकारिक और मान्यता प्राप्त प्रकाशनों से निकालने का प्रस्ताव पारित किया गया इस प्रकार देश के मान बिंदुओं से लगातार समझौते होते रहे।

## नीट पीजी 2025 का रिजल्ट 3 सितंबर तक होगा जारी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन्स इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) का कहना है, कि नीट पीजी 2025 परीक्षा का परिणाम 3 सितंबर 2025 तक घोषित किया जा सकता है। परीक्षा में शामिल हुए लाखों उम्मीदवारों की नजरें आने वाले रिजल्ट पर टिकी हुई हैं।
गौरतलब है कि देशभर के 301 शहरों में 1052 परीक्षा केंद्रों पर 3 अगस्त को आयोजित इस परीक्षा में लगभग 2.42 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। रिजल्ट एनबीईएमएस की आधिकारिक वेबसाइट एनबीई डॉट ईडीयू डॉट इन पर जारी होगा। बोर्ड के अनुसार, परिणाम पीडीएफ फॉर्मेट में उपलब्ध होगा, जिसमें उम्मीदवारों के रोल नंबर, अंक, अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) और योग्यता की स्थिति दी जाएगी। इस बार सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार परीक्षा एक ही पाली में आयोजित करवाई गई थी। पिछले वर्षों के रुझान के अनुसार, परीक्षा के लगभग 30 दिनों के भीतर रिजल्ट घोषित कर दिया जाता है। ऐसे में इस बार भी उम्मीदवारों को 3 सितंबर से पहले परिणाम मिलने की संभावना बनी हुई है।

## लुधियाना सेंट्रल जेल में आधी रात को हुई चेकिंग...15 मोबाइल फोन और 1 वाईफाई डोंगल मिला

लुधियाना (ईएमएस)। पंजाब की लुधियाना सेंट्रल जेल में बंद हवालाती किसी न किसी जुगाड़ से मोबाइल फोन बैरकों तक पहुंचा रहे हैं। इसके बाद जेल प्रशासन द्वारा अक्सर जांच-पड़ताल की जाती है, कई बार आधी रात को भी अचानक चेकिंग होती है। हाल ही में दो अलग-अलग मामलों में कुल 15 मोबाइल फोन और 1 वाईफाई डोंगल हवालातियों से बरामद हुए हैं। मामले में जेल प्रशासन ने थाना डिवीजन नंबर 7 में एफआईआर दर्ज करवा दी है। सहायक सुपरिटेंडेंट राजीव कुमार ने जेल के विभिन्न ब्लॉकों में अचानक चेकिंग अभियान चलाया, इसमें अलग-अलग बैरकों और बाथरूम की भी जांच की गई। इस जांच के बाद अधिकारियों को कुल 15 मोबाइल फोन मिले, जो विभिन्न कंपनियों के थे। वहीं एक वाईफाई डोंगल भी मिली है। बदमाश हवालाती वाईफाई डोंगल की मदद से जेल के अंदर से इंटरनेट का इस्तेमाल करते थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी मोबाइल और वाईफाई डोंगल की मदद से किन लोगों के संपर्क में थे। जो मोबाइल सिम इनके मोबाइल से मिले है वह किन लोगों के नाम पर चल रहे है। बता दें कि मान सरकार में जेल मंत्री लाल जीत सिंह भुल्लर ने भी जेल का निरीक्षण कर प्रशासन को सख्त आदेश दिए थे कि जेल में आए दिन चैकिंग अभियान चलाते रहे। वहीं कई हवालातियों ने समस्याएं भी उन्होंने सुनी थी। पुलिस ने आरोपी अर्जुन भाटी, महम्मद अफजल, कमलजीत सिंह, शरणजीत सिंह, धन्जय उर्फ दीपू, अनीकेत बुरी पर धारा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## कांग्रेस के युवा नेता और एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव चुन्नू सिंह लापता भाई ने कहा, चारों मोबाइल नंबर स्विच ऑफ

पटना,(ईएमएस)। कांग्रेस के युवा नेता और एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव शशि कुमार उर्फ चुन्नू सिंह बीते 24 घंटों से लापता हैं। उनके भाई ने पाटलिपुत्र थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। भाई की शिकायत के अनुसार, चुन्नू सिंह के चारों मोबाइल नंबर स्विच ऑफ हैं और भाई से संपर्क नहीं हो पा रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उनकी लोकेशन का पता लगाने के लिए तकनीकी सेल की मदद लेना शुरू कर दिया है। इसके अलावा, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और उनके दोस्तों और जान-पहचान वालों से पूछताछ भी की जा रही है। बात दें कि चुन्नू सिंह को राहुल गांधी का करीबी माना जाता है और उन्हें कांग्रेस के युवा थिंक टैंक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। वह एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव हैं और पार्टी की कई अहम रणनीतिक बैठकों में शामिल रहे हैं। इस मामले में पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच अभी जारी है और उनके सुरक्षित वापसी के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। बिहार कांग्रेस के गुट में घटना से काफी हलचल है और कई नेता उनके परिवार के संपर्क में हैं। चुन्नू सिंह के परिवार की चिंता भी बढ़ती जा रही है और वे प्रशासन से जल्द से जल्द उन्हें ढूंढने की अपील कर रहे हैं। यह मामला अब सिर्फ एक लापता व्यक्ति का नहीं, बल्कि राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है।

## सेबी ने अनिल अंबानी को दिया झटका, यस बैंक से जुड़े मामले की याचिका खारिज

मुंबई (ईएमएस)। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने उद्योगपति अनिल अंबानी की उस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने यस बैंक में किए गए निवेश से जुड़े आरोपों का निपटारा करने की मांग की थी। अब उन पर कम से कम 1,828 करोड़ रुपये का जुर्माना लग सकता है। मामला 2016-2019 के बीच रिलायंस म्यूचुअल फंड (जो तब अंबानी के नियंत्रण में था) द्वारा यस बैंक के अतिरिक्त टियर-1 बॉण्ड में 2,150 करोड़ रुपये के निवेश से जुड़ा है। साल 2020 में यस बैंक के डूबने पर यह रकम बट्टे खाते में डाल दी गई। सेबी ने बताया कि यह निवेश, यस बैंक से अंबानी समूह की अन्य कंपनियों को दिए गए कर्ज के बदले में किया गया था। इससे निवेशकों को 18.28 अरब का नुकसान हुआ। रिलायंस म्यूचुअल फंड को 2019 में निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस को बेच दिया गया था, लेकिन आरोप उस समय के हैं जब यह अंबानी के पास था। पिछले महीने ईडी ने यस बैंक से 3,000 करोड़ रुपये का लोन हड़पने की जांच के तहत अंबानी समूह के ठिकानों पर छापेमारी की थी। सेबी ने 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि बकाया करीब 77,800 करोड़ रुपये की वसूली मुश्किल है, जो पिछले साल से 2 प्रतिशत ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार, सेबी ने बाजार निगरानी बढ़ाई है।

## सरकार के लिए डायरेक्ट टैक्स के मोर्चे पर अच्छी खबर नहीं, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह कम हुआ

नई दिल्ली (ईएमएस)। मोदी सरकार के लिए डायरेक्ट टैक्स के मोर्चे पर अच्छी खबर नहीं है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अब तक 3.95 प्रतिशत घटकर 6.64 लाख करोड़ रुपये रहा। कर संग्रह में कमी का कारण रिफंड का अधिक होना है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से इसकी जानकारी मिली। प्रत्यक्ष कर में कंपनियों, व्यक्तियों, पेशेवरों और अन्य संस्थाओं की आय पर कर शामिल हैं। शुद्ध कंपनी कर संग्रह करीब 2.29 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि गैर-कंपनी कर (जिसमें व्यक्ति, हिंदू अविभाजित परिवार और कंपनी शामिल हैं) संग्रह 4.12 लाख करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 11 अगस्त के बीच प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) संग्रह 22,362 करोड़ रुपये रहा।
शुद्ध रूप से संग्रह 3.95 प्रतिशत घटकर करीब 6.64 लाख करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की इसी अवधि में 6.91 लाख करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष में अब तक जारी किया गया रिफंड 10 प्रतिशत बढ़कर 1.35 लाख करोड़ रुपये रहा। एक अप्रैल से 11 अगस्त के बीच सकल संग्रह (रिफंड से पहले) 1.87 प्रतिशत घटकर 7.99 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 8.14 लाख करोड़ रुपये था। मोदी सरकार ने चालू वित्त वर्ष (2025-26) में प्रत्यक्ष कर संग्रह 25.20 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है, जो सालाना आधार पर 12.7 प्रतिशत अधिक है।

## लालकिले की प्राचीर से 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित करने को तैयार पीएम मोदी

नई दिल्ली (ईएमएस)। 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के लालकिले की प्राचीर से लगातार 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित करने वाले है। इस बार भी कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी हो रही है। सूत्रों के अनुसार पीएम अपने संबोधन से अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को भारत का विजन देने वाले है। साथ ही, पूरा संबोधन सेना के शौर्य को समर्पित होगा। इसके अलावा, मोदी जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के मामले में केंद्र के रोडमैप का ऐलान भी कर सकते हैं। इस बारे में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल सिफारिशें दे चुके हैं। राज्य के दर्जे की बहाली की औपचारिक घोषणा के बाद विधायी और कार्यपालिका के स्तर पर तेजी से कदम बढ़ाए जा सकते है। सूत्रों के अनुसार राज्य का दर्जा बहाल करने के विधेयक में मौजूदा विधानसभा को राज्य विधानसभा के तौर पर आगे बढ़ाने का प्रावधान होगा।

# भारत और चीन के बीच जल्द शुरू होंगी सीधी उड़ान सेवाएं!



नई दिल्ली,(ईएमएस)।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ की बढ़ती चुनौती के बीच पूर्वी लद्दाख में बीते करीब साढ़े चार साल से जारी एलएसी विवाद की समाप्ति के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से सामान्य बनाने में जुटे भारत और चीन के लिए एक और अच्छी खबर सामने आई है। जिसमें यह जानकारी मिली है कि जल्द ही यानी अगले सितंबर महीने की शुरुआत में ही दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने एयर इंडिया और इंडिगो जैसी विमानन क्षेत्र की कंपनियों को छोटी अवधि में चीन के लिए उड़ानों के संचालन के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा कर सकते हैं। उस दौरान ही इस संबंध में दोनों देशों द्वारा आधिकारिक रूप से कोई घोषणा की जा सकती है। मामले पर अभी तक फिलहाल सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। यहां बता दें कि 2020 में पहले कोरोना महामारी और फिर उसके बाद एलएसी विवाद की वजह से भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान सेवाओं पर रोक लगाई थी। लेकिन बीते वक्त में दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व की तरफ से संबंधों में सुधार को लेकर जारी कवायद के बीच उठाए जाने वाले अहम कदमों में पुनः कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत से लेकर नई दिल्ली से बीजिंग तक सीधी उड़ान सेवाओं के आगाज और दोनों देशों की आम जनता के लिए वीजा सुविधा की बहाली मुख्य रूप से शामिल किए गए थे। कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। भारत ने पिछले महीने ही चीन के नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा की शुरुआत कर दी है। अब सीधी उड़ान सेवाओं के आगाज को लेकर भी सकारात्मक जानकारी सामने आ रही है। पूर्व में रोक से पहले दोनों देशों के प्रमुख महानगरीय शहरों के बीच सप्ताह में करीब दर्जनभर उड़ानें संचालित की जाती थीं। जिनमें दोनों की प्रमुख विमानन कंपनियां बीजिंग, शंघाई, कुनमिंग, ग्वांगझू और नई दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे शहरों के बीच उड़ान भरती थीं। बता दें कि 2020 में एलएसी विवाद की शुरुआत के तुरंत बाद पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई खूनी हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के कूटनीतिक संबंध पूरी तरह से पटरी से उतर गए थे। इस झड़प में भारत के 20 सैन्यकर्मी मारे गए थे। जबकि चीन के दो दर्जन से अधिक सैनिक काल के गाल में समा गए थे। एलएसी पर सरहदी तनाव चरम पर जा पहुंचा। दोनों ओर से भारी भरकम हथियारों के साथ सैनिकों की तैनाती बढ़ाई गई। लेकिन इसके बीच विवाद समाधान की कोशिशें भी जारी रही। दोनों तरफ से शीर्ष सैन्य कमांडर मिलते रहे।

## मिंता देवी ने राहुल और प्रियंका गांधी वाड्रा को लगा दी लताड़, केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने लिए विपक्ष के मजे

### रिजिजू ने पूछा, क्या मिंता देवी का मजाक उड़ाने के लिए देश से माफी मांगेगी?

नई दिल्ली,(ईएमएस)। मंगलवार को अपनी तस्वीर वाली टी-शर्ट पहन कर इंडिया ब्लॉक की ओर से प्रदर्शन पर बिहार की मिंता देवी की ओर से नाराजगी जताने के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। बिहार में चुनाव आयोग की ओर से चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ कांग्रेस की अगुवाई में पूरा विपक्ष वोट चोरी प्रदर्शन कर रहा है। तभी इंडिया ब्लॉक के हाथ मिंता देवी नाम की एक मतदाता की उम्र में विसंगति हाथ लग गई। विपक्ष ने उनकी तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनकर संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। लेकिन बाद में मिंता देवी ने माना कि जन्म का साल लिखने में गलती हो गई और उन्होंने इसका राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश के लिए राहुल और प्रियंका गांधी वाड्रा जैसे विपक्षी दल के नेताओं की जमकर लताड़ लगा दी। इसके बाद केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कांग्रेस से पूछ लिया है कि क्या मिंता देवी का मजाक उड़ाने के लिए वह देश से माफी मांगेगी?
केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने लिखा है, पूरे दिन कांग्रेस और विपक्षी सांसदों ने मिंता देवी की तस्वीर का इस्तेमाल किया, उनका यह कहकर मजाक उड़ाया कि वहां 124 साल की हैं!...क्या कांग्रेस देश से माफी मांगेगी? रिजिजू ने कर्नाटक के मंत्री केएन रजन्ना को बर्खास्त करने को लेकर भी कांग्रेस की खिंचाई कर कहा कि ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि उन्होंने माना कि राज्य में कांग्रेस के कार्यकाल में वोटर लिस्ट में गड़बड़ियां हुईं। उन्होंने लिखा, कर्नाटक में कांग्रेस के मंत्री ने भी अपनी ही कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया है।
रिजिजू ने वीडियो शेयर किया है, जिसमें प्रियंका गांधी वाड्रा रिपोर्टरों के सामने कह रही हैं कि संशोधित वोटर सूची में भी गड़बड़ियां हैं और फर्जी मतदाताओं के नाम लगाए गए हैं। उनके इन्हीं दावों के बाद मिंता देवी की प्रतिक्रिया भी है जिसमें वे कह रही हैं, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी मेरे कौन होते हैं? उन्हें अधिकार किसने दिया कि मेरे नाम, मेरी तस्वीर लगाकर टी-शर्ट पहनें? दरअसल यह विवाद तब शुरू हुआ जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की अगुवाई में विपक्षी सांसदों ने मिंता देवी की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनकर एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन किया। मिंता देवी बिहार की निवासी हैं। टी-शर्ट में मिंता देवी की तस्वीर के साथ लिखा था 124 नॉट आउट। बात दें, मिंता देवी का जन्म 1990 में हुआ है, लेकिन कथित रूप से चुनाव आयोग के कर्मचारियों की भूल से यह 1900 हो गया है। इसकारण उनकी उम्र 124 छप गया और कांग्रेस ने अपने आरोपों के लिए लिए बहुत बड़ा सबूत समझ लिया।

## फिरोजाबाद में तोड़ी पीर बाबा की मजार, रखी हनुमान जी की प्रतिमा

फिरोजाबाद,(ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में मकबरा तोड़े जाने पर बवाल के बाद अब फिरोजाबाद में मलखानपुर रोड स्थित पीर बाबा की सैकड़ों सालों पुरानी मजार को मंगलवार की देर रात असामाजिक तत्वों ने ध्वस्तीकरण कर वहां पर हनुमान जी की स्थापना कर दी। जब लोग मजार की सफाई करने आए तो मजार को गायब देखकर हैरत में पड़ गए। मजार तोड़ने की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी करते हुए मजार के निर्माण की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल हनुमान जी की मूर्ति को कब्जे में लेकर थाने भिजवाया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया। पुलिस ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि मजार तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया असामाजिक तत्वों ने पीर बाबा की मजार को तोड़ दिया है। सभी को समझा दिया गया है।

**पूर्व मध्य रेल**
**ई–निविदा सूचना**
**संख्या. एस. जी. 664–10– टेली–2025–26, धनबाद, दिनांक 11.08.2025**
**ई: निविदा सूचना सं एस. जी. 664–10–टेली–2025–26.** भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं० 1., कार्य का नाम :** 1) धनबाद मंडल के BIRT-MMLN, TORI - SVPO, BRKA - SDWR-SHANKI - MESRA - TATISILWA और BRKA - BRKA AVO - BERMO खंड में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत एसएंडटी निर्माण इकाई द्वारा बिछाई गई / बिछाई जाने वाली OFC का वार्षिक रखरखाव अनुबंध तीन (03) वर्षों के लिए करने हेतु **2)** धनबाद मंडल के MPO - PKA खंड में ABS/KAVACH की ओएफसी का तीन (03) वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध करने हेतु। **क्रम सं० 2. कार्य का आकलित मूल्य :** ₹ 3,87,03,819.57, **क्रम सं० 3. कार्य का अग्रधन राशि :** ₹ 3,43,500.00, **क्रम सं० 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 01–09–2025 (12:00 बजे )। क्रम सं० 5.** ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे।
**द्रष्टव्य** :– प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।
**कृते व.मं.संकेत एवं दूर सचांर अभियन्ता**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/0752/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/25–26/48

## केजरीवाल और सिसोदिया की याचिका पर सुनवाई 12 नवंबर तक

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज केस को रद्द करने की मांग कर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस मामले की सुनवाई 12 नवंबर तक के लिए टाल दी गई है। अपनी याचिका में केजरीवाल और सिसोदिया ने तर्क दिया कि ईडी ने इस मामले में केस चलाने के लिए आवश्यक अनुमति नहीं ली थी, इसलिए केस को रद्द कर देना चाहिए। वहीं ईडी की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने बताया कि केस चलाने की अनुमति ले ली गई थी और इस निचली अदालत में पेश भी किया गया था। आम आदमी पार्टी की वकील रेबेका जॉन ने ईडी के दावे का खंडन कर कहा कि नई अनुमति 14 फरवरी 2025 को रिकॉर्ड पर रखी गई थी।

## लुधियाना से आप विधायक सड़क हादसे में घायल

लुधियाना (ईएमएस)। लुधियाना से आम आदमी पार्टी (आप) विधायक राजिंद्रपाल कौर छीना का दिल्ली से लौटते समय एक सड़क हादसे में घायल हो गई हैं। यह हादसा खनौरी बॉर्डर के पास हुआ, जहाँ उनकी इनोवा गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। विधायक राजिंद्रपाल कौर छीना अमेरिका से एक कॉन्फ्रेंस में शामिल होकर लौट रही थीं और दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरी थीं। उन्हें लेने के लिए उनके पति, बेटा, गनमैन और ड्राइवर गए थे।

## राजस्थान में 8वीं जनगणना 2027 शुरू

जयपुर (ईएमएस)। राजस्थान में जनगणना 2027 का काम मंगलवार से शुरू हो गया है। 84 साल बाद एक बार फिर जाति जनगणना की जाएगी। 1941 में जाति जनगणना हुई थी। स्वतंत्रता के पश्चात यह पहली जाति जनगणना है। जिसमें जाति के आधार पर जनगणना का कार्य किया जा रहा है। जनगणना कार्य के निदेशक विष्णु चरण मलिक ने जानकारी देते हुए बताया, जनगणना के पहले चरण में मकानो की गिनती की जाएगी। दूसरे चरण में रहने वालों की गिनती होगी। इस जनगणना में जो लोग बेघर हैं। उनको भी जनगणना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि यह डिजिटल जनगणना होगी। जनगणना के लिए सेल्फ सेंसस वेब पोर्टल भी लॉन्च किया जा रहा है।

**कार्यालय : धनवार नगर पंचायत, गिरिडीह**
**ई०मेल- nagar.dhanwar@gmail.com**
**/ दूरभाष : 06554 796845**

**–:शुद्धि/रद्द पत्रः–**

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित **अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना – 01/2025– 26 PR No. 358172** को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
धनवार नगर पंचायत

**PR 359543 (Urban Development and Housing)25-26*D**

## ओबीसी क्रीमीलेयर पर सरकार का बड़ा प्रस्ताव

# आरक्षण दायरे से बाहर हो सकते हैं ये लोग




नई दिल्ली,(ईएमएस)। सरकार मौजूदा समय में अन्य पिछड़ा वर्ग क्रीमी लेयर का दायरा बढ़ाकर नए मानदंड लागू करना चाहती है, ताकि ओबीसी आरक्षण का लाभ समाज के निचले तबके तक पहुंच सके और इस समुदाय के संपन्न या उच्च पदों पर मौजूद लोगों को इससे बाहर किया जा सके। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि आय बहिष्करण मानदंड लागू करने और समतुल्यता स्थापित करने के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह प्रस्ताव सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, विधि मामलों के मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, नीति आयोग और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के बीच परामर्श के बाद तैयार किया गया है। बता दें कि 1992 में इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद ओबीसी के भीतर क्रीमी लेयर की अवधारणा को आरक्षण नीति में शामिल किया गया था। इसके तहत जो लोग सरकारी नौकरियों में उच्च पदों पर नहीं थे, उनके और अन्य के लिए क्रीमी लेयर की आय सीमा शुरुआत में 1993 में 1 लाख रुपये प्रति वर्ष निर्धारित की गई थी। बाद में 2004, 2008 और 2013 में इस आय सीमा में संशोधन किया गया। 2017 में क्रीमीलेयर की आय सीमा बढ़ाकर 8 लाख रुपये प्रति वर्ष की गई, जो अभी भी बरकरार है।
रिपोर्ट में कहा गया है कि चूँकि विश्वविद्यालयों के सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर जैसे शिक्षण कर्मचारियों का वेतन आमतौर पर लेवल 10 और उससे ऊपर से शुरू होता है, जो सरकारी पदों में ग्रुप-ए के पदों के बराबर या उससे अधिक है, इसलिए इन पदों को भी अब क्रीमी लेयर के रूप में वर्गीकृत करने का प्रस्ताव है। इसका सीधा-सीधा अर्थ ये है कि अगर सरकार ने समतुल्यता प्रस्ताव लागू किया तो इन पदों पर कार्यरत लोगों के बच्चे ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं उठा पाएंगे। इसी तरह निजी क्षेत्र में भी पदों की विभिन्न कैटगरी, उनके वेतन और सुविधाओं को देखते हुए सरकार समतुल्यता स्थापित करना चाह रही है। यानी प्राइवेट सेक्टर में भी जि लोगों का पद और वेतन लेवल 10 के समकक्ष है, वो भी क्रीमीलेयर के दायरे में लाए जा सकते हैं।
केंद्रीय/राज्य स्वायत्त निकायों और केंद्रीय/राज्य वैधानिक संगठनों के लिए भी उनके स्तर/समूह/ वेतनमान (जैसा भी मामला हो) के आधार पर, केंद्र सरकार के अधिकारियों की सूची के साथ समतुल्यता स्थापित करने का प्रस्ताव है, क्योंकि वे भी केंद्र और राज्य सरकारों की संबंधित श्रेणियों का वेतनमान अपनाते हैं। इसी प्रकार, विश्वविद्यालयों के गैर-शिक्षण कर्मचारियों को उनके स्तर/समूह/वेतनमान (जैसा भी मामला हो) के आधार पर क्रीमी लेयर में लाने का प्रस्ताव है।

**उपायुक्त–सह–जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह**
**(शिक्षा विभाग)**
ई–मेलः–mdmgiridih@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड राँची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025 एवं 1504 दिनांक 31.07.2025 (यथा संशोधित) के आलोक में झारखण्ड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 मेंसफल एव अनुशंसित स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य **(कक्षा 6–8 भाषा)**अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की जानी है।

सफल एवं अनुशंसितस्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य**(कक्षा 6–8 भाषा)**अभ्यर्थियों की सूची एव जाँच पत्रक जिला के अधिकारिक बेवसाईटwww.giridih.nic.inपर प्रकाशित है।

निदेश है कि सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थी,**जाँच पत्रक** (जो अभ्यर्थी द्वारा स्वयं भर कर जाँच दलको समर्पित किया जाना है)के साथ–साथ शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्र की मूल प्रति, छाया प्रति के साथ निर्धारित तिथि को ससमय काउंसिलिंग में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। त्रुटिपूर्ण जाँच पत्रक स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**काउंसिलिंग की तिथि का निर्धारण निम्नवत् हैः–**

| क्र0 | क्र0सं0 | दिनांक | समय | काउंसिलिंग का स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 –93तक | 18.08.2025 | 11:00 बजेपूर्वाहन | डी0आर0डी0ए0 सभागार समाहरणालय भवन (द्वितीय तल्ला) पपरवाटांड, गिरिडीह |

**काउंसिलिंग से संबंधित आवश्यक जानकारी के लिए निम्न कर्मियों के मोबाईल नं0 में सम्पर्क किया जा सकता है :–**

| क्र0 | नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|
| 1 | श्री त्रिपुरारीशरण पाण्डेय, लिपिक, कार्यालय, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, धनवार, गिरिडीह | 7250142959 |
| 2 | श्रीओमप्रकाश सुमन, कार्यालय सहायक समग्रशिक्षा, गिरिडीह | 8709233403 |

उक्त से संबंधित अन्य सूचना जिला के अधिकारिक बेवसाईट www.giridih.nic.in पर देखी जा सकती है।

**जिला शिक्षा अधीक्षक,उपायुक्त,**
**गिरिडीह**

**PR 359518 (School Education and Literacy)25-26*D**

## संक्षिप्त खबरें

### पोस्ट ऑफिस लाया पत्नियों की टाइम डिपॉजिट स्कीम, दे रहा अच्छा ब्याज

नई दिल्ली,(ईएमएस)। आप सुरक्षित निवेश योजना की तलाश में हैं, तो पोस्ट ऑफिस की टाइम डिपॉजिट (टीडी) स्कीम शानदार विकल्प है। यह बैंकों की फिक्स्ड डिपॉजिट की तरह है, जिसमें आपका पैसा तय समय के लिए जमा होता है और मैच्योरिटी पर आपको फिक्स ब्याज के साथ मिलता है। भारत में अब भी कई लोग अपनी पत्नी के नाम से निवेश करते हैं, जिससे उन्हें टैक्स में छूट के साथ-साथ आर्थिक मजबूती भी मिलती है। इस स्कीम में एम साल से लेकर पांच साल तक के लिए पैसे जमा किए जा सकते हैं। बता दें पोस्ट ऑफिस टीडी पर आकर्षक ब्याज दे रही हैं। एक साल के निवेश पर 6.9फीसदी, दो साल पर 7.0फीसदी, तीन साल पर 7.1फीसदी और पांच साल के निवेश पर 7.5फीसदी ब्याज दिया जा रहा है। खास बात यह है कि सभी ग्राहकों को, चाहे वे पुरुष हों, महिला हों या वरिष्ठ नागरिक, एक समान ब्याज दर मिलती है। अगर आप अपनी पत्नी के नाम पोस्ट ऑफिस में 2 साल की एफडी में 1,00,000 जमा करते हैं, तो मैच्योरिटी पर कुल 1,07,185 मिलेंगे। इसमें आपके मूलधन के साथ 7,185 का फिक्स ब्याज शामिल होगा। हालांकि, इस स्कीम का लाभ लेने के लिए पत्नी का पोस्ट ऑफिस में बचत खाता होना जरूरी है। सुरक्षित रिटर्न और स्थिर ब्याज दरों के कारण यह स्कीम उन निवेशकों के लिए खास है जो बिना जोखिम के पत्नी के नाम से बचत करना चाहते हैं और भविष्य में लाभ पाना चाहते हैं।

### अब एचडीएफसी बैंक के सेविंग अकाउंट में भी रखना होगा ज्यादा मिनिमम बैलेंस

नई दिल्ली,(ईएमएस)। आईसीआईसीआई बैंक के बाद अब एचडीएफसी बैंक ने भी सेविंग अकाउंट के नियम बदल दिए हैं। 1 अगस्त 2025 से नया खाता खोलने वाले ग्राहकों को अब मेट्रो, शहरी और अर्ध-शहरी शाखाओं में हर समय कम से कम 25,000 रुपए बैलेंस रखना होगा। पहले यह सीमा शहरी क्षेत्रों में 10,000 और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 5,000 थी। अगर बैलेंस तय सीमा से कम हुआ तो बैंक हर महीने चार्ज वसूलेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण शाखाओं में भी बदलाव किया गया है पहले बैंक में 5,000 रखना जरूरी था, अब यह बढ़ाकर 10,000 कर दिया गया है। सैलरी अकाउंट और बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट अकाउंट पर इन नियमों का असर नहीं होगा, क्योंकि इनमें जीरो-बैलेंस की सुविधा है। आईसीआईसीआई बैंक में पहले न्यूनतम औसत मंथली बैलेंस 10,000 रुपए था। अब इसे बढ़ाकर 50,000 कर दिया है यानी अब आपको सेविंग अकाउंट में पहले से 5 गुना ज्यादा बैलेंस रखना होगा। ये नियम सिर्फ 1 अगस्त 2025 से खोले गए नए सेविंग अकाउंट पर लागू होगा। पुराने ग्राहकों के लिए फिलहाल नियम वही रहेंगे, जब तक बैंक अलग से बदलाव न बताए। सैलरी अकाउंट पर कोई असर नहीं होगा क्योंकि ये जीरो-बैलेंस अकाउंट होते हैं। बीएसबीडीए यानी बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट अकाउंट पर भी असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि इसमें भी न्यूनतम बैलेंस की जरूरत नहीं होती।

### ईपीएफओ ने यूनिवर्सल अकाउंट नंबर बनाने की प्रक्रिया में किया बदलाव

नई दिल्ली,(ईएमएस)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) बनाने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। 1 अगस्त 2025 से नए यूएएन के लिए आधार कार्ड से फेस ऑथेंटिकेशन अनिवार् कर दिया गया है। यह प्रक्रिया सिर्फ उमंग एप के जरिए पूरी की जा सकेगी। नया नियम केवल नए कर्मचारियों पर लागू होगा। पहले से ईपीएफओ में रजिस्टर्ड और यूएएन धारकों पर इसका असर नहीं पड़ेगा। जिनका मोबाइल नंबर आधार से लिंक नहीं है, यहां जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है या जिनके फोन का कैमरा सही से काम नहीं करता, उन्हें फेस ऑथेंटिकेशन में दिक्कत आ सकती है। बड़ी स्टाफिंग कंपनियां और कॉन्ट्रैक्ट पर काम कराने वाले नियोक्ता भी इस बदलाव से प्रभावित हो सकते हैं। अगर यूएएन नहीं बन पाया, तब कर्मचारी का पीएफ खाता सक्रिय नहीं होगा, जिससे हर महीने पीएफ का पैसा समय पर जमा नहीं हो पाएगा और बैलेंस अपडेट में देरी होगी। ईपीएफओ का कहना है कि यह कदम एक ही व्यक्ति के नाम पर दो यूएएन बनने या गलत आधार डिटेल के इस्तेमाल जैसी गड़बड़ियों को रोकने के लिए उठाया गया है। फेस ऑथेंटिकेशन से कर्मचारियों की पहचान पूरी तरह सही तरीके से सुनिश्चित की जा सकेगी।

### स्पाइसजेट ने पांच बोइंग 737 विमानों के लिए समझौता किया.....'डैम्प-लीज के आधार पर शामिल

मुंबई,(ईएमएस)। घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने सर्दियों से पहले पांच बोइंग 737 विमानों के लिए समझौते को अंतिम रूप देने की जानकारी दी। इन विमानों को 'डैम्प-लीज के आधार पर शामिल किया जाएगा। 'डैम्प-लीज के तहत एक विमानन कंपनी (पट्टा देने वाली) अपना विमान किसी दूसरी विमानन कंपनी (पट्टा लेने वाली) को किराये पर देती है। इस व्यवस्था में विमान के साथ आमतौर पर चालक दल के सदस्यों जैसे पायलट और सह-पायलट आदि को भी साझा किया जाता है। विमानन कंपनियों के बेड़े पर नजर रखने वाली फर्म के आंकड़ों के अनुसार, स्पाइसजेट के बेड़े में कुल 53 विमानों में से वर्तमान में 13 बोइंग-737 और छह क्षेत्रीय जेट विमान परिचालन में हैं। विभिन्न कारणों से 34 विमान उड़ान नहीं भर रहे थे। स्पाइसजेट ने पांच अन्य विमानों के संबंध में 25 जुलाई को भी इसी प्रकार की घोषणा की थी। विमानन कंपनी ने कहा, ''स्पाइसजेट ने पांच और बोइंग 737 विमानों के लिए पट्टा समझौते को अंतिम रूप दे दिया है, जिससे आगामी सर्दियों से पहले उसका बेड़ा और मजबूत हो जाएगा। इसमें से अधिकतर विमान अक्टूबर में बेड़े में शामिल होने वाले हैं, जबकि कुछ के एक-दो सप्ताह पहले आने की उम्मीद है। स्पाइसजेट ने कहा कि वह 2025 की सर्दियों की कार्यक्रम सारणी आने से पहले और अधिक विमान पट्टे पर लेने के लिए चर्चा कर रही है। सर्दियों का सत्र हर साल अक्टूबर से शुरू होता है।

### भारत-ब्रिटेन के सीईटीए समझौते से घरेलू खनिज क्षेत्र को मिलेगा लाभ

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) घरेलू खनिज क्षेत्र के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। खान मंत्रालय के सचिव वी एल कांता राव ने एफटीए भागीदार देश में बेहतर बाजार पहुंच और प्रतिस्पर्धात्मकता के संदर्भ में भारतीय खनिज क्षेत्र, विशेष रूप से एल्युमीनियम उद्योग पर प्रकाश डाला। सीईटीए प्रावधानों का बेहतर इस्तेमाल करने के लिए उन्होंने रोड शो के जरिए ब्रिटेन में उत्पाद की मांग को समझने की जरुरत पर बल दिया। उन्होंने दोनों देशों के बीच आरएंडडी सहयोग के अवसरों का भी उल्लेख भी किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खान मंत्रालय ने भारत-ब्रिटेन सीईटीए से उत्पन्न होने वाले संभावित लाभों और अवसरों पर चर्चा करने के लिए भारतीय खनिज उद्योग को एक साथ लाने के उद्देश्य से एक वेबिनार आयोजित किया। इस वेबिनार में उद्योग जगत के 230 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। एल्यूमीनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से वेदांता समूह के सीईओ ने भारत-यूके सीईटीए के बाद भारतीय एल्यूमीनियम उद्योग के लिए अवसरों पर प्रजेंटेशन दिया। नाल्को के सीएमडी, बाल्को के सीईओ, एफआईएमआई के डीजी और हिंडाल्को, एएसएमए तथा एमआरएआई के अन्य उद्योगपतियों ने अपने वक्तव्यों में इस व्यापार समझौते का स्वागत किया और उन तरीकों पर प्रकाश डाला जिनसे भारतीय खनिज उद्योग, विशेष रूप से प्राथमिक और माध्यमिक एल्यूमीनियम क्षेत्र, यूके के बाजार में गति प्राप्त कर सकता है। जेएनएआरडीडीसी के निदेशक ने जानकारी साझा की कि अनुसंधान एवं विकास में संस्थागत सहयोग को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है।
भारत-यूके समझौते के तहत भारत 90 फीसदी ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क में कटौती करेगा, जबकि यूके 99 फीसदी भारतीय निर्यात पर शुल्क कम करेगा। कई क्षेत्रों में टैरिफ लाइनों और नियामक बाधाओं में इस महत्वपूर्ण ढील का उद्देश्य बाजार तक पहुंच बढ़ाना और दोनों पक्षों के व्यवसायों की लागत कम करना है। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए इस समझौते से स्कॉच व्हिस्की, जिन, लग्जरी कार, सौंदर्य प्रसाधनों और चिकित्सा उपकरणों जैसी आयातित वस्तुओं की कीमतें कम होंगी। भारतीय निर्यातकों, विशेष रूप से कपड़ा और चमड़ा क्षेत्र के निर्यातकों को शून्य शुल्क से लाभ होगा, जिससे बांग्लादेश और कंबोडिया जैसे देशों के मुकाबले उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 304 , निफ्टी 131 अंक ऊपर आया




मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 304.32 अंक बढ़कर 80,539.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 131.95 अंक ऊपर आकर 24,619.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान अपोलो हॉस्पिटल ,हिंडाल्को , डॉ. रेड्डीज़ लैब्स , हीरो मोटोकॉर्प के अलावा सिप्ला का शेयर तेजी के साथ बंद हुआ। वहीं इंडसइंड बैंक, अदानी पोर्ट्स के अलावा टाइटन व आइईटीसी का शेयर आज करीब गिरावट के साथबंद हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुआ। आज एनएसई पर 3,058 शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें से 1,673 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। वहीं 1,292 शेयरों में गिरावट रही जबकि 93 शेयरों की कीमत मे बदलाव नहीं आया। महंगाई आंकडे घटने से भी निवेशकों में उत्साह का माहौल है जिससे भी बाजार ऊपर आया है। वहीं मंगलवार को बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।
इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। बाजार में ये बढ़त दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही मेटल और फार्मा शेयरों में खरीददारी हावी रहने से आई है। सेंसेक्स 200 से ज्यादा उछलकर 80,492 अंक पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी 24,586 अंक पर खुला। सुबह ये बढ़त के साथ ही 24,569 पर कामकाज कर रहा था। ब्रोडर मार्केटस में बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.63 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था, जबकि बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.65 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। सेक्टोरल मोर्चे पर निफ्टी मेटल और हेल्थकेयर सेक्टर की अगुवाई में सभी सेक्टर इंडेक्स लाभ के साथ ही ऊपर आये। इनमें 1 फीसदी से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी, ऑटो, बैंक, फार्मा और रियल्टी इंडेक्स भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।
कंज्यूमर प्राइसिंग इंडेक्स आधारित रिटेल इन्फ्लेशन दर जुलाई में घटकर 1.55 फीसदी रह गई , जो करीब आठ साल में इसका सबसे कम आंकड़ा है।
जून में इसका आंकड़ा 2.1 फीसदी था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार आखिरी बार इससे कम खुदरा मुद्रास्फीति जून 2017 में दर्ज की गई थी। वह आंकड़ा 1.46 फीसदी रहा था। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में बुधवार को दर्ज की गई। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.37 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.94 फीसदी, जापान का निक्केई इंडेक्स 1.3 फीसदी तथा दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.38 फीसदी बढ़ गया।

## सेबी ने अनिल अंबानी को दिया झटका, यस बैंक से जुड़े मामले की याचिका खारिज







मुंबई (ईएमएस)। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने उद्योगपति अनिल अंबानी की उस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने यस बैंक में किए गए निवेश से जुड़े आरोपों का निपटारा करने की मांग की थी। अब उन पर कम से कम 1,828 करोड़ रुपये का जुर्माना लग सकता है। मामला 2016-2019 के बीच रिलायंस म्यूचुअल फंड (जो तब अंबानी के नियंत्रण में था) द्वारा यस बैंक के अतिरिक्त टियर-1 बॉण्ड में 2,150 करोड़ रुपये के निवेश से जुड़ा है। साल 2020 में यस बैंक के डूबने पर यह रकम बट्टे खाते में डाल दी गई।
सेबी ने बताया कि यह निवेश, यस बैंक से अंबानी समूह की अन्य कंपनियों को दिए गए कर्ज के बदले में किया गया था। इससे निवेशकों को 18.28 अरब का नुकसान हुआ। रिलायंस म्यूचुअल फंड को 2019 में निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस को बेच दिया गया था, लेकिन आरोप उस समय के हैं जब यह अंबानी के पास था। पिछले महीने ईडी ने यस बैंक से 3,000 करोड़ रुपये का लोन हड़पने की जांच के तहत अंबानी समूह के ठिकानों पर छापेमारी की थी।
सेबी ने 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि बकाया करीब 77,800 करोड़ रुपये की वसूली मुश्किल है, जो पिछले साल से 2 प्रतिशत ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार, सेबी ने बाजार निगरानी बढ़ाई है। एल्गोरिथम ट्रेडिंग और डिजिटल प्लैटफॉर्म बढ़ने के बीच सेबी ने कंप्लायंस कड़ा किया और इनसाइडर ट्रेडिंग और असामान्य सौदों पर निगरानी तेज की।

## बंद होने की कगार पर पहुंची 133 साल पुरानी कंपनी

मुंबई (ईएमएस)। 133 साल पुरानी फोटोग्राफी कंपनी ईस्टमैन कोडक बंद होने के कगार पर है। कंपनी ने निवेशकों से कहा है कि उसके लिए लंबे समय तक बाजार में अपने को बयान रखना मुश्किल है। कंपनी ने कहा कि उसे 50 करोड़ डॉलर का कर्ज देना है लेकिन इसके लिए उसके पास नकदी नहीं है। हालांकि कंपनी का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हाल में लगाए गए टैरिफ से उसके बिजनस पर कोई अगर नहीं होगा। इसका कारण उसके प्रोडक्ट जैसे कैमरे, इंक और फिल्म अमेरिका में ही बनते हैं। मंगलवार को कंपनी के शेयरों में 25 फीसदी से अधिक की गिरावट आई।
कंपनी की स्थापना 1982 में ईस्टमैन कोडक कंपनी के रूप में हुई थी। लेकिन इसका इतिहास 1879 में शुरू हुआ जब जॉर्ज ईस्टमैन को प्लेट कोटिंग मशीन के लिए पेटेंट मिला। साल 1888 में अपना पहला कोडक कैमरा 25 डॉलर में बेचा। उस जमाने में फोटोग्राफी बिजनस के लिए खास तरह के स्किल और सामना की जरूरत होती थी। लेकिन कोडक कैमरे ने आम लोगों के लिए आसान बना दिया। बस एक बटन दबाइए और फोटो आपके सामने। करीब 100 साल तक कैमरा और फिल्म बनाने में इस कंपनी का दबदबा रहा। 1970 के दशक में अमेरिकी बाजार में 90 फीसदी फिल्म और 85 फीसदी कैमरे इसी कंपनी के बिकते थे।
दरअसल कोडक ने 1975 में पहला डिजिटल कैमरा लांच किया। लेकिन कंपनी की यहीं टेक्नोलॉजी कोडक को ले डूबी। दूसरी कंपनियों ने इसमें सुधार करके कोडक को पीछे छोड़ दिया। 2012 में कंपनी ने बैंकरप्सी के लिए आवेदन दिया। उस समय कंपनी पर 100,000 लोगों का कर्ज था जिसकी कुल वैल्यू 6.75 अरब डॉलर थी। 2020 में कंपनी को उस समय थोड़ी राहत मिली जब सरकार ने इसे फार्मा एनग्रिएंट्स प्रॉड्यूसर बनाने की कोशिश की। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। यह कंपनी अब भी फोटोग्राफी और मूवी इंडस्ट्री के लिए फिल्म और केमिकल बनाती है।

## सरकार ने की दिवालिया कानून में आमूल-चूल परिवर्तन की पहल

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सरकार ने ऋण शोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) में सुधार के लिए बड़ा कदम उठाया। सरकार ने लोक सभा में मंगलवार को एक विधेयक पेश किया जिसमें बड़े सुधारों के प्रस्ताव पेश किए। दिवालिया प्रक्रिया में कंपनियों को तेजी से शामिल करने, मामलों के त्वरित समाधान और परिसमापन के लिए उक्त विधेयक पेश किया हुआ। इन सुधारों में समूह एवं सीमा पार ऋण शोधन अक्षमता और बड़ी कंपनियों के लिए पहले से तैयार ऋण शोधन अक्षमता भी शामिल हैं। सरकार ने दिवालिया कानून में आमूल-चूल परिवर्तन की पहल की है।
इस प्रस्तावित विधेयक में कई अहम सुधार शामिल हैं और एक नया क्लॉज भी जोड़ा गया है। इस क्लॉज में दिवालिया समाधान प्रक्रिया के तहत व्यक्तिगत गारंटीदाता की परिसंपत्तियां ऋणदाताओं को स्थानांतरित करने की अनुमति दी गई है। इस विधेयक में एक स्पष्टीकरण भी दिया गया है जो मामले राज्य या केंद्र के प्राधिकरणों द्वारा किए जाने वाले दावों से जुड़ा है। इसमें कहा गया है कि संबंधित पक्षों के बीच ऐसे दावों के लिए अनुबंध आधारित समझौता होने की सूरत में ही उन्हें सुरक्षित ऋणदाता माना जाएगा और उन्हें स्वतः आईबीसी में उच्च प्राथमिकता नहीं दी जाएगी।
इस संशोधन विधेयक में कहा गया है, यह स्पष्ट किया जाता है कि दो या इससे ज्यादा पक्षों के बीच हुए समझौते के तहत किसी जायदाद पर अधिकार, इसमें दिलचस्पी या इसे लेकर दावे की सूरत में सुरक्षा हित मौजूद रहेंगे। किसी अस्थायी कानून के प्रभाव में तैयार सुरक्षा हित इसमें शामिल नहीं किए जाएंगे। इस विधेयक पर 2023 से ही चर्चा चल रही थी। सरकार ने इस विधेयक पर विस्तृत चर्चा के लिए इसे प्रवर समिति को भेज दिया था।
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन अनावश्यक देरी से निजात दिलाएगा और अंशधारकों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाएगा। इसके साथ ही दिवालिया संहिता के तहत सभी प्रक्रियाओं के लिए संचालन में सुधार लाएगा।

## फिर होगी अमेरकी स्ट्राइकर की रीट्रायल जेवलिन एटीजीएम की ताकत परखेगी सेना

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय सेना में नए आधुनिक हथियारों से पुराने हथियारों को बदला जा रहा है। भारतीय सेना के मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री में 2000 के करीब रूसी आईसीवी बीएमपी-2 को बदलने के प्लान पर काम कर रही है। इसके लिए अमेरिकी आईसीवी स्ट्राइकर को चुना है। फिलहाल सेना जल्द 500 से ज्यादा इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल को अमेरिकी आईसीवी स्ट्राइकर से बदलने जा रही है। पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में लद्दाख के हाई एल्टिट्यूड इलाके में सेना को स्ट्राइकर और "जावेलिन" एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल्स का डेमो भी दिया गया। यह डेमो नो कॉस्ट नो कमिटमेंट के तहत अमेरिकी कंपनी ने दिया था। डेमो 13000 से 18000 फीट की ऊंचाई पर हुआ था।
रिपोर्ट के मुताबिक कुछ कमी सामने आई थी। अब माना जा रहा है कि जल्द एक बार फिर से रीट्रायल के लिए स्ट्राइकर और "जेवालिन" एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल्स भारत आ सकते हैं। ट्रंप के टैरिफ वॉर के बाद से सोशल मीडिया पर मौजूदा संभावित डील को लेकर भ्रामक खबरें सामने आई थीं, लेकिन रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने इस तरह की रिपोर्ट को झूठी और मनगढ़ंत बताया था। यह साफ है खरीद के विभिन्न मामलों में मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार प्रगति हो रही है।
भारत और अमेरिका के बीच जारी साझा बयान में सेना के लिए आईसीवी स्ट्राइकर और जेवलिन का रास्ता भी साफ कर दिया गया था। बयान में कहा गया था कि 'अमेरिका भारत के साथ अपने मिलिट्री सेल और सह-निर्माण को बढ़ाएगा। इसके साथ यह घोषणा की गई थी कि इस साल "जेवलिन" एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल्स और "स्टाइकर" इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स के लिए नई खरीद और को-प्रोडक्शन व्यवस्थाओं पर काम किया जाएगा ताकि भारत की रक्षा जरूरतों को तेजी से पूरा किया जा सके।
स्ट्राइकर के अलग-अलग वेरिएंट हैं जिसमें इन्फैंट्री कैरियर, मोबाइल गन सिस्टम, मेडिकल इवैक्यूएशन, फायर सपोर्ट, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल कैरियर और रेकॉनेन्स व्हीकल शामिल हैं। भारतीय सेना को एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल कैरियर की जरूरत है। सूत्रों के मुताबिक लद्दाख में स्ट्राइकर के डेमो के दौरान जेवलिन एटीजीएम का भी ट्रायल कंपनी ने दिया है।
स्ट्राइकर 8 व्हील ड्राइव कॉम्बैट व्हीकल है। इसमें 30 एमएम गन और 105 मोबाइल गन लगी है। इसकी रेंज 483 किलोमीटर है और यह 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से मूव कर सकता है। सैनिकों की सुरक्षा के लिए बोल्ट ऑन सेरेमिक आर्मर्ड प्रोटेक्शन से लैस है। यह आसानी से दुश्मन के एरियल अटैक, लैंडमाइन और आईइडी से रक्षा कर सकता है। खास बात यह है कि इसे चिनूक हेलिकॉप्टर के जरिए आसानी से हाई ऑल्टिट्यूड इलाके में पहुंचाया जा सकता है।
भारतीय सेना के पास मौजूद बीएमपी-2 एम्फीबियस यानी की नदी-नाले को आसानी से पार कर सकती है। स्ट्राइकर में यह खूबी नहीं है। हाई ऑल्टिट्यूड एरिया के कम तापमान में ट्रैक वाली बीएमपी के रखरखाव में खासा मशक्कत करनी पड़ती है लेकिन आईसीवी पहिए वाली हो तो उसका मेंटेनेंस आसान होता है।
भारत की एक नीति साफ है कि अगर स्ट्राइकर इस रेस को जीत जाता है तो मेक इन इंडिया के तहत इन आईसीवी का को-प्रोडक्शन और को-डेवलपमेंट करना होगा। इसके अलावा क्रिटिकल टेक्नोलॉजी ट्रांसफर जैसे कि जेवलिन एटीजीएम की तकनीक भी ट्रांसफर करनी होगी।

### आईटीआर की डेडलाइन खत्म होने के बाद भी बिना जुर्माना भरे कर सकेंगे टीडीएस रिफंड का दावा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। इनकम टैक्स टीडीएस और पीएफ में लोगों को समझने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कुछ लोग टीडीएस को ही पीएफ समझते हैं, तो कुछ को पता ही नहीं होता है कि टीडीएस एक इनकम टैक्स की तरह ही है। यही नहीं सबसे बड़ी दिक्कत तब आती है जब इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की तारीख निकल जाती थी और लोग टीडीएस रिफंड का दावा करते थे, लेकिन इसमें या तो आप पर जुर्माना लगता था या फिर आपको पैसा नहीं मिल पाता था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन सभी दिक्कतों को दूर करने के लिए सरकार नया इनकम टैक्स बिल लेकर आ रही है, जिससे करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। यह नया इनकम टैक्स बिल बेहद आसान होगा, ताकि आम जनता इसे समझ सके। बता दें इनकम टैक्स विधेयक लोकसभा में पास हो गया है। संसद ने मंगलवार को नए आयकर विधेयक को पारित कर दिया है। अब इस बिल को राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। यह नया विधेयक करीब 64 साल पुराने आयकर विधेयक 1961 की जगह लेगा।

## क्या आने वाले 5 साल में 2,50,000 तक पहुंचेगी 10 ग्राम सोने की कीमत



नई दिल्ली,(ईएमएस)। एक समय 10 ग्राम सोने की कीमत 30,000 रुपये के करीब हुआ करती थी। फिर धीरे-धीरे यह आंकड़ा 50,000 के पार गया, और अब 1 लाख रुपये का स्तर भी पार कर चुका है। दिल्ली में बुधवार को 24 कैरेट 10 ग्राम सोना 1,02,640 रुपए पर बिक रहा है, जो देशभर के बाकी शहरों में भी लगभग समान है। यानी, 6 सालों में सोने की कीमतों में लगभग 200 प्रतिशत का उछाल दिखाई दिया है।
वित्तीय जानकारों का मानना है कि सोने की कीमतों में तेजी के पीछे वैश्विक तनाव सबसे बड़ा कारण है। वर्तमान में रूस-यूक्रेन युद्ध, इरान-इजरायल टकराव, वैश्विक मंदी की आहट और कोविड-19 के बाद की अनिश्चितताओं ने निवेशकों को अस्थिर बाजारों से बचकर सुरक्षित संपत्ति यानी गोल्ड की ओर रुख करने पर मजबूर किया है। इसके साथ ही, मुद्रास्फीति और कमजोर होती करेंसी वैल्यू भी निवेशकों को सोने में पनाह लेने के लिए प्रेरित कर रही है। पारंपरिक रूप से भारतीय बाजार में सोना एक भावनात्मक और आर्थिक निवेश रहा है। लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय निवेशक भी सोने को सेफ हेवन' एसेट के रूप में देख रहे हैं। इसका उदाहरण अप्रैल 2025 में देखने को मिला, जब एमसीएक्स(मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) पर 10 ग्राम सोना 1,01,078 तक पहुंच गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर सोने की कीमतें इसी गति से बढ़ती रहीं (18 प्रतिशत प्रतिवर्ष के हिसाब से), तब अगले 5 वर्षों में 10 ग्राम गोल्ड की कीमत 2,25,000 से 2,50,000 तक पहुंच सकती है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स संकेत देती हैं कि सोने का बाजार अब संभावित समेकन की स्थिति में प्रवेश कर रहा है। इसका मतलब यह है कि जब तक कोई बड़ा वैश्विक झटका नहीं आता, कीमतों में ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को नहीं मिलेगा। चीन ने अपने बीमा सेक्टर की कुल संपत्तियों का मात्र 1 प्रतिशत ही गोल्ड में निवेश किया है। कई सेंट्रल बैंक अब सोने की खरीद में धीमी गति अपना रहे हैं।
इन कारकों से संकेत मिलता है कि आने वाले समय में सोने की कीमतें एक सीमा पर स्थिर हो सकती हैं, लेकिन कोई नया बड़ा भू-राजनीतिक या आर्थिक संकट सामने न आए।
लेकिन लॉन्ग टर्म निवेश में सोना अभी भी एक मजबूत विकल्प माना जा सकता है।
बाजार विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि अपने पोर्टफोलियो का 5-10 प्रतिशत हिस्सा सोने में निवेश करना फायदेमंद हो सकता है। छोटे निवेशकों के लिए गोल्ड ईटीएफ, डिजिटल गोल्ड या सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जैसे विकल्प भी मौजूद हैं, जो शारीरिक सोने से सुरक्षित और अधिक व्यावसायिक हैं।

## पेटीएम को आरबीआई ने दी पेमेंट एग्रीगेटर लाइसेंस की मंजूरी




नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश के प्रमुख डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म पेटीएम को ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर के रूप में काम करने की औपचारिक मंजूरी दे दी है। यह फैसला पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के लिए राहत और बाजार में भरोसे की वापसी का संकेत है। मंजूरी मिलने के बाद पेटीएम की पेमेंट सर्विस यूनिट, पेटीएम पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल), अब नए मर्चेंट्स को ऑनबोर्ड कर सकेगी। नवंबर 2022 से यह सुविधा रोक दी गई थी, जब आरबीआई ने विदेशी निवेश अनुपालन संबंधी कारणों से पेटीएम पर नए व्यापारियों को जोड़ने पर रोक लगा दी थी। पेटीएम ने मार्च 2020 में पेमेंट एग्रीगेटर लाइसेंस के लिए आवेदन किया था, लेकिन चीन की अलीबाबा और एंट फाइनेंशियल के प्रभाव के कारण यह मामला अटक गया। मंगलवार को आरबीआई ने "इन-प्रिंसिपल अप्रूवल" देते हुए साफ कहा कि अब कंपनी पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007 के तहत वैध रूप से काम कर सकती है। इस मंजूरी में सबसे अहम भूमिका पेटीएम के स्वामित्व में हुए बदलाव की रही। अलीबाबा ग्रुप और उसकी सहयोगी कंपनी एंट फाइनेंशियल ने हाल ही में वन97 कम्युनिकेशंस से अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच दी है। लाइसेंस मिलने के बाद पेटीएम अब छोटे और मध्यम व्यवसायों को डिजिटल पेमेंट सुविधा देने के लिए फिर से अपने नेटवर्क का विस्तार करेगा। यह कदम गूगल पे, फोनपे और अन्य यूपीआई सेवा प्रदाताओं के साथ प्रतिस्पर्धा में उसकी स्थिति मजबूत करेगा। विदेशी स्वामित्व से मुक्त होकर पेटीएम अब भारतीय निवेशकों के लिए ज्यादा पारदर्शी और भरोसेमंद विकल्प के रूप में सामने को तैयार है। आरबीआई की मंजूरी से यह भी साफ हो गया कि कंपनी अब सभी नियामकीय अनुपालनों का पालन कर रही है, जिससे उसके संचालन में स्थिरता और विश्वास दोनों लौट आए हैं।

# रुस-यूक्रेन में जमीनों की अदला-बदली पर यूरोप के 26 देश हुए ट्रंप के खिलाफ



ब्रुसेल्स,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि रूस को जो जमीनें चाहिए उसे यूक्रेन दे दे। इसके लिए संविधान भी बदलना पड़े तो बदल लें। पुतिन के साथ होने वाली मुलाकात से पहले उन्होंने ये वादा किया है। दो दिन बाद यानी 15 अगस्त को यह मुलाकात होने वाली है। उससे पहले यूरोप के 26 देश ट्रंप के इस इरादे के खिलाफ हैं। यूरोपीय यूनियन के इन देशों ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन की सीमाओं को बलपूर्वक नहीं बदला जाना चाहिए।एक संयुग्त बयान जारी कर यूरोपीय नेताओं ने कहा कि यूक्रेन के लोगों को अपना भविष्य तय करने की आजादी होनी चाहिए। उसकी क्षेत्री अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए और इंटरनेशनल बॉर्डर को ताकत के दम पर नहीं बदला जाना चाहिए। इस बयान पर 27 में से 26 नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं, सिर्फ हंगरी के पीएम विक्टर ऑर्बन ने इससे दूरी बना ली। विक्टर ऑर्बन का राष्ट्रपति पुतिन के साथ दोस्ताना रिश्ता है। जब ऑर्बन से पूछा गया कि क्या यूक्रेन युद्ध जीत सकता है, जिस पर ऑर्बन ने उन्हें 'मूर्खतापूर्ण सवाल' बताया और संकेत दिया कि रूस तब तक लड़ता रहेगा जब तक वह जीत नहीं जाता।यूरोपीय देशों का यह बयान बताता है कि ट्रंप के बयान के बाद वे कितने परेशान हैं। खासकर वे देश जो रूस की सीमा से लगे हैं और जिन्होंने सोवियत युग में कब्जे का दौर देखा है। उन्हें लगता है कि अगर यूक्रेन में ऐसा हुआ तो उनके लिए खतरा हो सकता है। हाल के वर्षों में स्वीडन और फिनलैंड नाटो में शामिल हो चुके हैं, बाल्टिक देशों ने सैन्य भर्ती फिर से शुरू की है और पोलैंड ने रूस की सीमा पर दीवार बनाने के लिए अरबों डॉलर अलग रखे हैं।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूरोप के इतिहास में सीमाएं कई बार खूनी युद्धों से बदली गई हैं, इसलिए अमेरिका द्वारा यूक्रेन में ऐसा होने की अनुमति देने का विचार भी उन्हें अस्वीकार्य है। यूरोपीय यूनियन रूस द्वारा बलपूर्वक कब्जाए गए क्षेत्रों की कानूनी मान्यता को स्वीकार नहीं कर सकता। ट्रंप ने कहा है कि किसी भी शांति समझौते में कुछ क्षेत्रों की अदला-बदली शामिल हो सकती है, जिसमें रूस पूरे डोनबास क्षेत्र और क्रीमिया को अपने पास रखे, बदले में खेरसॉन और जापोरिजिया क्षेत्रों को छोड़ दे, जिन्हें वह आंशिक रूप से कंट्रोल करता है।नाटो प्रमुख मार्क रुटे ने कहा था कि कुछ क्षेत्र रूस के नियंत्रण में रह सकते हैं, लेकिन इसकी औपचारिक मान्यता नहीं दी जानी चाहिए। औपचारिक मान्यता के लिए यूक्रेन के संविधान में संशोधन और जनमत संग्रह की जरुरत होगी, जो संसद की मंजूरी पर निर्भर है। यह राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के लिए कठिन होगा और उनकी सरकार के अंत का कारण बन सकता है।

## नोबेल पाने के लिए इस तरह के हथकंड़ अपना रहे डोनाल्ड ट्रंप, पूर्व अमेरिकी डिप्लोमैट ने बता दी सच्चाई



वाशिंगटन,(ईएमएस)। भारत पर टैरिफ, पाकिस्तान पर मेहरबानी और रूस से बैक चैनल बातचीत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ये चाल देखकर हर कोई हैरान है। सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के डिप्लोमैट को समझ नहीं आ रहा कि ट्रंप आखिर चाहते क्या हैं? मगर पूर्व अमेरिकी डिप्लोमैट जॉन बोल्टन ने उनके इरादे का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर पर प्यार, भारत पर डबल टैरिफ और रूस से गुपचुप बातचीत किसी प्लान का हिस्सा नहीं, बल्कि ट्रंप की नोबेल पीस प्राइज पाने के सपने का सबूत है।पूर्व अमेरिकी डिप्लोमैट सीन ने कहा कि भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदा, तब ट्रंप ने टैरिफ की गाज गिरा दी। मजेदार बात ये है कि चीन ने भी रूस से तेल खरीदा, लेकिन ट्रंप के बयानों में बीजिंग का कोई ज़िक्र नहीं है। अगर अमेरिका खुद रूस से एनर्जी डील करे, तब राष्ट्र के हित में लिया गया फैसला बताया जाता है। उधर पाकिस्तान को रेड कार्पेट वेलकम देकर ट्रंप मानो ये मैसेज दे रहे हों कि देखो, मैं सभी को साथ ला सकता हूं। सवाल है कि क्या ये विदेश नीति है, या बस ओस्लो से आने वाली एक कॉल का इंतजार? बोल्टन का दावा है कि ट्रंप की पाकिस्तान से अचानक दोस्ती महज इसलिए है क्योंकि वे खुद को एक इसतरह के लीडर के रूप में पेश करना चाहते हैं जो भारत और पाकिस्तान के बीच शांति समझौता करा सके और इसके लिए नोबेल के लिए नाम भेज सके।अमेरिका-रूस के टॉप डिप्लोमैट्स के बीच एक सीक्रेट बैकचैनल खुलने की चर्चा है। रिपोर्ट्स कहती हैं कि ये इनिशिएटिव व्हाइट हाउस की ओर से आया और पर्सनली ट्रंप के इशारे पर हुआ। इसका मकसद सभी के सामने यूक्रेन को हथियार देना और रूस को आक्रामक बताना, लेकिन बैकग्राउंड में पीस टॉक की इमेज बनाना, ताकि ये कहा जा सके कि देखो, मैंने जंग खत्म करवा दी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### चीन का दावा, अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस हिगिंस समुद्री क्षेत्र से खदेड़कर बाहर किया

बीजिंग (ईएमएस)। दक्षिण चीन सागर के स्कारबोरो शोल इलाके में चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है। चीन की सेना ने दावा किया है कि उन्होंने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस हिगिंस को उनके समुद्री क्षेत्र से बाहर कर दिया। चीन का कहना है कि यह अमेरिकी युद्धपोत बिना अनुमति के उनके जलक्षेत्र में दाखिल हुआ था, जो उनकी संप्रभुता और सुरक्षा का उल्लंघन है। दूसरी ओर, अमेरिकी नौसेना की सातवीं फ्लीट ने चीन के दावे को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि उनका यह ऑपरेशन फ्रीडम ऑफ नेविगेशन अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत किया गया था। अमेरिका का कहना है कि वे उन सभी जगहों पर उड़ान भरने, जहाज चलाने और ऑपरेशन करने का अधिकार रखते हैं, जहां अंतरराष्ट्रीय कानून इसकी अनुमति देता है।यह घटनाक्रम तब हुआ है, जब हाल ही में फिलीपींस ने चीन पर इसी इलाके में खतरनाक तरीके से जहाज चलाने और गैरकानूनी दखल का आरोप लगाया था। फिलीपींस ने दावा किया कि इस हफ्ते चीन के जहाजों की हरकतों के चलते दो जहाज आपस में टकरा गए थे। स्कारबोरो शोल एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इलाका है, जिस पर चीन, फिलीपींस, ताइवान और वियतनाम सहित कई देश अपना दावा करते हैं। 2016 में, एक अंतरराष्ट्रीय अदालत ने चीन के ऐतिहासिक दावों को खारिज कर दिया था, लेकिन चीन ने उस फैसले को मानने से इंकार किया था।

### एआई चैटबॉट ग्रोक ने ट्रंप को बताया 'सबसे कुख्यात अपराधी'

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क के एआई चैटबॉट ग्रोक ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को वॉशिंगटन डीसी का 'सबसे कुख्यात अपराधी' बताया है। दरअसल, एक यूजर ने ग्रोक से वाशिंगटन में अपराध के हालात में बारे में पूछा था।इस दौरान यूजर ने पूछा कि डीसी का सबसे कुख्यात अपराधी कौन है? इसके जवाब में ग्रोक ने कहा कि न्यूयॉर्क में बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी के 34 गंभीर मामलों में दोषी ठहराने के कारण ट्रंप शहर के सबसे कुख्यात अपराधी हैं। ग्रोक का यह बयान तब आया जब ट्रम्प खुद राजधानी में बहुत ज्यादा अपराध होने की बात कह रहे हैं। उन्होंने राजधानी को संघीय सरकार के कंट्रोल में ले लिया है और वहां 800 से ज्यादा नेशनल गाड्र्स तैनात कर दिए हैं।बात दें कि एआई चैटबॉट ग्रोक पहले भी विवादों में रहा है। पिछले महीने ग्रोक ने कई बार एडॉल्फ हिटलर की तारीफ की थी। ग्रोक ने अलग-अलग बातचीत में बार-बार हिटलर की विचारधारा या उसके काम को उदाहरण की तरह पेश किया। इतना ही नहीं, ग्रोक ने 'नए नरसंहार' की भी बात की। सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि ग्रोक ने एक जवाब में खुद को 'मेकाहिटलर' कह डाला। मेका का मतलब किसी इंसान का रोबोट जैसा संस्करण होता है।

### पुतिन और ट्रंप की मुलाकात से पहले रुस ने 110,000 सैनिक तैनात किए

मास्को | रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए 15 अगस्त को पुतिन और ट्रंप के बीच होने वाली मुलाकात से पहले तनाव बढ़ गया है। यूक्रेनी जनरल स्टाफ के अनुसार, पुतिन ने डोनेट्स्क फ्रंटलाइन पर लगभग 110,000 सैनिक तैनात किए हैं, और रूसी सेना ने कोयला खनन वाले शहर डोब्रोपिलिया के पास 10 किमी की बढ़त बना ली है। रूस ने ब्रिटेन पर आरोप लगाया है कि वह ट्रंप-पुतिन शांति वार्ता को विफल करने की कोशिश कर रहा है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर ने पुतिन को अविश्वसनीय बताकर चेतावनी दी कि रूस युद्धविराम का इस्तेमाल फिर से हथियारबंद होने के लिए कर सकता है। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने साफ कर दिया है कि वह देश के पूर्वी हिस्से, खासकर डोनबास क्षेत्र, को रूस के हवाले नहीं करने वाले है। उनका कहना है कि ऐसा करने से पुतिन को तीसरा युद्ध शुरू करने का मौका मिलेगा। लेकिन वे ऐसा कतई नहीं करने देने वाले है।रूस ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन एक उकसावे की कार्रवाई की तैयारी कर रहा है, जिसमें आवासीय इलाके या अस्पताल पर हमला करके नागरिक हताहतों की संख्या बढ़ाना शामिल है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन से टेलीफोन पर बात की और यूक्रेन की घुसपैठ से कुर्स्क क्षेत्र को मुक्त कराने में उत्तर कोरिया के समर्थन की सराहना की। माना जा रहा है कि यह उत्तर कोरिया द्वारा भेजे गए सैनिकों के बारे में है।ट्रंप का कहना है कि उनकी कोशिश है कि पुतिन और जेलेंस्की को एक साथ बैठाकर मसला हल करवाया जाए, जिसमें जमीन की अदला-बदली भी शामिल हो सकती है। दक्षिणी यूक्रेन के एक बीच पर हुए ब्लास्ट में कम से कम तीन सैलानियों की मौत हो गई।

### किम जोंग-उन ने रूस को पूर्ण समर्थन का वादा किया

मॉस्को,(ईएमएस)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फ़ोन पर बात की और यूक्रेन युद्ध में रूस को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। यह जानकारी उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने दी। यह बातचीत तब हुई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन के बीच अलास्का में एक शिखर सम्मेलन होना है, जिसमें यूक्रेन युद्ध पर चर्चा होने की उम्मीद है।किम ने कहा कि उत्तर कोरिया पिछले साल जून में हुए रक्षा समझौते के प्रति हमेशा वफादार रहेगा और रूस के भविष्य के सभी कदमों का समर्थन करेगा। इस समझौते के तहत, अगर किसी भी पक्ष पर हमला होता है, तब दूसरा पक्ष बिना देरी के सैन्य सहायता प्रदान करेगा। पुतिन ने यूक्रेन युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों के साहस और बलिदान की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से रूस के कुर्स्क क्षेत्र को मुक्त कराने में उत्तर कोरियाई पीपुल्स आर्मी के योगदान की तारीफ की। दोनों नेताओं ने भविष्य में आपसी सहयोग बढ़ाने और लगातार संपर्क बनाए रखने पर सहमति जाहिर की है। रूसी मीडिया के अनुसार, पुतिन ने किम को ट्रंप के साथ होने वाली अपनी आगामी बैठक के बारे में भी बताया, हालांकि केसीएनए ने इस विवरण का उल्लेख नहीं किया।पुतिन ने 15 अगस्त को उत्तर कोरिया की 80वीं मुक्ति वर्षगांठ पर किम को बधाई दी, जो जापान के औपनिवेशिक शासन से कोरिया की मुक्ति का प्रतीक है। उत्तर कोरिया पहले ही रूस को सैनिक और हथियार भेज चुका है। रूसी मीडिया ने यह भी बताया कि उत्तर कोरिया कुर्स्क में पुनर्निर्माण के लिए 5,000 सैन्य निर्माणकर्मी और 1,000 सैपर भेजेगा।

# शेख हसीना की दलीलें रखने कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट को नहीं दी इजाजत

**जजों के पैनल के चेयरमैन ने कहा, सरकार ने एक वकील किया है नियुक्त**



ढाका,(ईएमएस)। बांग्लादेश में पूर्व पीएम शेख हसीना इस वक्त भारत में हैं, लेकिन उनके खिलाफ ढाका में मुकदमा चल रहा है। वहां कोर्ट ने शेख हसीना की दलीलें रखने के लिए सीनियर एडवोकेट तक रखने की इजाजत नहीं दी। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या शेख हसीना पर चल रहे मुकदमे में न्याय हो पाएगा या नहीं। सीनियर एडवोकेट जीआई खान ने शेख हसीना का बचाव करने की इच्छा जताई थी, लेकिन उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया।अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के तीन जजों वाले पैनल के चेयरमैन एम गुलाम मोर्तुजा मोजुमदर ने कहा कि सरकार ने शेख हसीना के लिए एक वकील नियुक्त किया है। इस मामले में अब कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायाधिकरण के अधिकार क्षेत्र में है कि वह किसे बचाव पक्ष का वकील नियुक्त करे। उन्होंने एक वरिष्ठ वकील की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि अब जब गाड़ी चल पड़ी है, तो अब स्टेशन मास्टर से पूछना कि बोर्डिंग का इंतजाम करें, उचित नहीं।बता दें शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल के खिलाफ उनकी गैर-मौजूदगी में मुकदमा चल रहा है। कोर्ट ने उन्हें बचाव के लिए एक वकील अमीर हुसैन नियुक्त किया है। मुकदमे में तीसरा आरोपी, पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल-ममुन, 'अपरोवर' बन गया है और वह सह-अभियुक्तों के खिलाफ गवाही दे रहा है। जबकि याचका दाखिल करने वाले जीआई खान पन्ना सीनियर एडवोकेट हैं, जिन्हें 1971 के बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम के बारे में जानकारी है। वे बांग्लादेश बार काउंसिल के कानूनी सहायता समिति के अध्यक्ष भी हैं, वे खुले तौर पर पूर्व आवामी लीग सरकार की आलोचना करते रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि वे शेख हसीना का बचाव करना चाहते हैं। पन्ना वर्तमान में यूनुस सरकार की आलोचना करते हैं और आरोप लगाते हैं कि वे 1971 की आजादी के विरोधी शक्तियों का संरक्षण कर रहे हैं।कार्यवाही को देख रहे ब्रिटिश पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता डेविड बर्गमैन ने कोर्ट की कार्यवाही पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दोनों आरोपियों के लिए एक ही वकील नियुक्त करना उचित नहीं है क्योंकि उनके मामले अलग-अलग हैं, जिससे उनके लिए उचित बचाव संभव नहीं हो पाता। इसके अलावा बचाव पक्ष को मुकदमे की तैयारी के लिए बेहद कम समय मिला है। इस मुकदमे में शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप है, जिसमें आरोप है कि उन्होंने जुलाई 2024 में हुए छात्रों के विरोध आंदोलन के दौरान हिंसक कार्रवाई के आदेश दिए थे। इस दौरान करीब 1,400 लोग मारे गए थे। शेख हसीना ने अगस्त 2024 में पद से इस्तीफा दिया और तब से भारत में रह रही हैं।

### अमेरिका ने की तारीफ कहा, पाकिस्तान आतंकियों के खिलाफ कर रहा है जोरदार कार्रवाई

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका ने पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं में हुई जानमाल की हानि पर संवेदना व्यक्त की, जिसमें जाफर एक्सप्रेस आतंकी हमला और खुज़दार में स्कूल बस पर बम धमाका शामिल हैं। संयुक्त बयान के मुताबिक, संयुक्त राज्य अमेरिका ने उन आतंकवादी संगठनों को नियंत्रित करने में पाकिस्तान की निरंतर सफलताओं की सराहना की है जो क्षेत्र और विश्व की शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं।इससे एक दिन पहले अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और इसके उग्रवादी धड़े मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया। आपको बता दें बीएलए दशकों से पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी आंदोलन चला रही है और इस क्षेत्र की स्वतंत्रता की मांग करती है। अमेरिका ने बीएलए को 2019 में स्पेशली डिजिग्नेटेड ग्लोबल टेररिस्ट घोषित किया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा, 2019 के बाद से बीएलए ने कई और हमलों की जिम्मेदारी ली है, जिनमें मजीद ब्रिगेड के हमले भी शामिल हैं।

## आयरलैंड में भारतीयों पर हमला: भड़के राष्ट्रपति ने लगाई फटकार, गिना दी उपलब्धियां



डबलिन(ईएमएस)। आयरलैंड में भारतीयों पर हो रहे हमलों को लेकर राष्ट्रपति माइकल डी हिगिंस नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने इन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें घिनौना और देश के मूल्यों के साथ गद्दारी करार दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय मूल के लोग न सिर्फ आयरलैंड की पहचान का अहम हिस्सा हैं, बल्कि उनकी मौजूदगी से यहां का सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन और समृदध हुआ है। राष्ट्रपति हिगिंस ने एक बयान में भारतीय समुदाय के प्रति गहरी कृतज्ञता जताई और कहा- 'चिकित्सा, नर्सिंग, देखभाल, संस्कृति, कारोबार और उद्यमिता में उनका योगदान हमारे साझा जीवन के लिए एक वरदान रहा है।उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब देश में नस्ली हिंसा को लेकर चिंता बढ़ी है। पिछले कुछ हफ्तों में भारतीय मूल के कई लोग हमले के शिकार हुए हैं। हालात ये हो गए कि भारतीय दूतावास को सुरक्षा से जुड़ी सलाह भी जारी करना पड़ा। इसमें भारतीय नागरिकों को सुनसान इलाकों से बचने की सलाह दी गई। राष्ट्रपति ने दोनों देशों के ऐतिहासिक रिश्तों का जिक्र किया, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के साझा अनुभव और आयरिश महिला मार्गरेट कजिन्स की ओर से ऑल इंडिया वीमेंस कॉन्फ्रेंस की स्थापना जैसी मिसालें शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'इस तरह की हिंसा हम सभी को छोटा कर देती है और भारत के लोगों की और से इस देश को दिए गए अनगिनत लाभों को ढक देती है।सोशल मीडिया पर फैलने वाले नफरत और हिंसा से जुड़े पोस्ट को भी आयरलैंड की मेहमाननवाजी और दोस्ती की परंपरा के लिए जहर बताया। उन्होंने कहा कि मेहमाननवाजी और दोस्ती का सिद्धांत आयरलैंड के हर व्यक्ति पर बिना किसी अपवाद के लागू होने चाहिए, ताकि सभी समुदाय यहां सुरक्षा, गरिमा और आपसी सम्मान के साथ रह सकें। बीते हफ्तों में कई हिंसक घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। 19 जुलाई को टालहट, डबलिन में भारत से महज तीन सप्ताह पहले पहुंचे 40 साल के अमेजन कर्मचारी पर एक किशोर गैंग ने हमला किया। पीड़ित को पीटा गया, चेहरे पर चाकू से हमला किया गया और कपड़े तक फाड़ दिए गए। पुलिस इसे संभावित हेट क्राइम मान रही है। एक आयरिश महिला, जेनिफर मरे, जो बीच-बचाव के लिए आई थीं, ने वीडियो में बताया कि कम से कम चार भारतीय पुरुषों और एक अन्य व्यक्ति के चेहरे पर इस गैंग ने चाकू से वार किया।

## अब शरीफ के बिगड़े बोल, भारत को दुश्मन बताया कहा, पानी की एक बूंद नहीं छीनने देंगे



इस्लामाबाद(ईएमएस)। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को कहा कि भारत को पाकिस्तान के पानी की एक बूंद भी छीनने नहीं दी जाएगी। प्रधानमंत्री शरीफ ने यहां एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा, मैं आज दुश्मन को बताना चाहता हूं कि अगर आप हमारा पानी रोकने की धमकी देते हैं तो यह बात ध्यान में रखें कि आप पाकिस्तान के पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकते। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भारत ने ऐसी कोई कार्रवाई की तो आपको फिर ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि आपको पछताना पड़ेगा।पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के एक दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक कदम उठाए, जिनमें 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित करना भी शामिल था। पाकिस्तान ने बार-बार चेतावनी दी है कि पानी रोकने के लिए किसी भी हस्तक्षेप को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। मुनीर की अमेरिकी धरती से भारत को दी गई परमाणु हमले की धमकी पर नयी दिल्ली ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को कहा कि परमाणु हथियारों की धमकी देना पड़ोसी मुल्क की आदत है। भारत ने कहा कि मुनीर की टिप्पणी ने सेना और आतंकवादी समूहों के बीच सांठगांठ वाले पाकिस्तान में परमाणु कमान और नियंत्रण की विश्वसनीयता को लेकर व्याप्त संदेह को और पुष्ट किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाता रहेगा। विदेश मंत्रालय ने अमेरिका को एक स्पष्ट संदेश में कहा कि यह खेदजनक है कि ये टिप्पणियां किसी तीसरे मित्र देश की धरती से दी गई हैं।इससे पहले फ्लोरिडा के टैम्पा में पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भविष्य में भारत के साथ युद्ध के दौरान अपने देश के अस्तित्व को खतरा होने की स्थिति में कथित तौर पर परमाणु हमला करने की धमकी दी थी। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कहा कि अगर भारत ने पाकिस्तान की ओर जल प्रवाह को बाधित किया, तो इस्लामाबाद भारतीय बुनियादी ढांचे को नष्ट कर देगा। मीडिया में आई खबरों में मुनीर के हवाले से कहा गया है, हम एक परमाणु राष्ट्र हैं। अगर हमें लगता है कि हम तबाह होने जा रहे हैं, तो हम अपने साथ आधी दुनिया को भी तबाही के रास्ते पर ले जाएंगे। खास बात है कि मुनीर की तरफ से ये बयान अमेरिका में ऐसे समय पर दिए गए थे, जब टैरिफ को लेकर दोनों मुल्कों में तनाव जारी है।

# अमेरिकी कूटनीतिक भारत-पाकिस्तान के लिए समान रूप से प्रतिबद्ध, दोनों से अच्छे संबंध: ब्रूस



वाशिंगटन,(ईएमएस)। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के अमेरिका दौरे के दौरान परमाणु युद्ध के धमकी वाले बयान के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने साफ कहा है कि उसका भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ संबंधों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ब्रूस ने कहा कि अमेरिकी कूटनीतिक दल दोनों देशों के प्रति समान रूप से प्रतिबद्ध है।बता दें जनरल मुनीर बीते दो महीनों में दूसरी बार अमेरिका पहुंचे थे। उसने वॉशिंगटन से बयान देते हुए भारत पर परमाणु हमला करने और आधी दुनिया को तबाह करने की धमकी दी थी। यह माना जा रहा है कि यह पहली बार है जब किसी तीसरे देश को अमेरिकी धरती से परमाणु हमले की खुली चेतावनी दी गई है। ब्रूस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को भी दोहराया, जिसमें उन्होंने भारत–पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के बाद अमेरिका की सुलह में भूमिका को बहुत गर्व का पल बताया था। ब्रूस ने कहा कि हमने तुरंत उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, राष्ट्रपति ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ मिलकर हमलों को रोकने और दोनों पक्षों को साथ लाने का काम किया। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है।जब बूंस से पूछा गया कि क्या ट्रंप और मुनीर की मुलाकात के बाद अमेरिका पाकिस्तान को अधिक सैन्य मदद और हथियार देगा। इस सवाल के जवाब में ब्रूस ने कहा कि हमारा भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ संबंध अच्छे हैं और अपरिवर्तित रहेंगे। हमारे राजनयिक दोनों देशों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। ब्रूस ने मंगलवार को इस्लामाबाद में हुई अमेरिका–पाकिस्तान काउंटर-टेररिज्म डायलॉग का उल्लेख करते हुए बताया कि दोनों देशों ने हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साझा प्रतिबद्धता दोहराई है।

## मैं राष्ट्रपति भवन में तुम्हारा इंतजार कर रहा हूं, देर मत करो कायरों!

काराकस,(ईएमएस)। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने गिरफ्तार करने की चुनौती दी है। मादुरो ने कहा कि उन्हें गिरफ्तार करने आओ, मैं यही मिराफ्लोरेस (राष्ट्रपति भवन) में तुम्हारा इंतजार कर रहा हूं। देर मत करना कायरों। अमेरिका ने मादुरो पर 7 अगस्त को 50 मिलियन डॉलर यानी करीब 420 करोड़ रुपए का इनाम रखा था। इसके अलावा उनसे जुड़े 700 मिलियन डॉलर से ज्यादा की संपत्ति भी जब्त की गई है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं।ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि मादुरो ड्रग तस्कर हैं और ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानाइल मिला कोकीन भेज रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि मादुरो के पास 7 टन कोकीन है, जिसे वे अमेरिका भेजने की तैयारी कर रहे हैं। मादुरो ने राजधानी काराकस में नेताओं और सैन्य प्रमुख की मौजूदगी में अमेरिका को उनके घरेलू मामलों में दखल न देने की चेतावनी दी। उन्होंने अमेरिका से कहा कि वे ऐसा करने की कोशिश भी न करें, क्योंकि तब उन्हें ऐसा जवाब मिलेगा जिससे अमेरिकी साम्राज्य का अंत भी हो सकता है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सेना प्रमुख डोमिंगो हर्नांडिज लारेज ने मादुरो का समर्थन करते हुए कहा कि सेना उनके साथ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका हॉलीवुड की किसी वेस्टर्न फिल्म की तरह हमारे राष्ट्रपति के लिए इनाम का ऐलान करता है, यह हमारे लिए अपमानजनक है। वहीं, वेनेजुएला के विदेश मंत्री इवान गिल ने भी मादुरो पर दोगुना इनाम लगाने के फैसले पर नाराजगी जताई।

# आईसीसी टी20 रैंकिंग में टिम डेविड ने लंबी छलांग लगायी

### रोहित एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिम डेविड ने छह पायदान की लंबी छलांग लगायी है। डेविड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। इससे वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। डेविड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। ऑस्ट्रेलिया के ही कैमरन ग्रीन भी इसी सूची में छह स्थानों के लाभ के साथ ही 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के युवा ब्रेविस डार्विन ने भी अपने अच्छे प्रदर्शन से 21वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने हाल में अपनी टीम की ओ से 125 रनों की आक्रामक पारी खेली थी। ब्रेविस के ही हमवतन ट्रिस्टन स्टब्स टी20आई बल्लेबाजों की सूची में 12 पायदान के लाभ के साथ ही 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम को वेस्टइंडीज के खिलाफ खराब प्रदर्शन से नुकसान हुआ है और



वह एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर फिसल गए हैं। भारतीय एकदिवसीय टीम के कप्तान रोहित दूसरे स्थान पर आ गए हैं। शुभमन पहले स्थान पर बने हुए हैं। दूसरी ओर गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड तीन पायदान के लाभ के साथ ही 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा 15 पायदान के लाभ के साथ ही 44वें स्थान पर और लुंगी एनगिडी 14 पायदान ऊपर आकर 50वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट रैंकिंग की बात करें तो न्यूजीलैंड के कई खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे पर 2-0 से सीरीज जीतने के बाद लाभ हुआ है। अनुभवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि कप्तान पैट कमिंस चौथे स्थान पर फिसल गये हैं। बल्लेबाजों की श्रेणी में रचिन रवींद्र 15 स्थान के लाभ के साथ ही 23वें स्थान पर, डेवोन कॉनवे सात स्थान के लाभ के साथ ही 37वें स्थान पर) और हेनरी निकोल्स (छह स्थान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर) को जिम्बाब्वे में उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला। एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में वेस्टइंडीज के स्पिनर गुडाकेश मोती पांच पायदान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गए। उनके साथी तेज गेंदबाज जेडन सील्स 24 पायदान की छलांग लगाकर 33वें स्थान पर पहुंच गए।



सिनसिनाटी में कार्लोस अल्कारेज टेनिस मुकाबले में भाग लेते हुए।

## अंपायर धर्मसेना भी हुए सिराज के प्रशंसक

कोलंबो (ईएमएस)। श्रीलंकाई अंपायर कुमार धर्मसेना ने भी भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की प्रशंसा की है। धर्मसेना भारत-इंग्लैंड सीरीज में अंपायर थे। ओवल टेस्ट में जिस प्रकार सिराज ने जैक क्रॉली को धीमी यॉर्कर पर बोल्ड किया था उसकी सभी ने प्रशंसा की थी पर धर्मसेना सबसे अधिक प्रभावित अंतिम विकेट के तौर पर गस एटकिंसन को की गयी गेंद पर हुए थे। उनका कहना है कि वह इस प्रकार की गेंदबाजी देखकर वह अपने को खुशकिस्मत मान रहे हैं। सिराज ने अपनी यॉर्कर से एटकिंसन का ऑफ स्टंप उड़ा दिया था। उसकी एक तस्वीर को सोशल मीडिया में भेजते हुए धर्मसेना ने लिखा, बहुत भाग्यशाली हूं कि सबसे अच्छी जगह से इस गेंद को देखा। ओवल टेस्ट के अंतिम दिन गस एटकिंसन के आउट होने के साथ ही भारतीय टीम ने मुकाबला जीत लिया था। एटकिंसन गंभीर रूप से चोटिल क्रिस वोक्स के साथ इंग्लैंड को जीत के करीब ले जा रहे थे। एटकिंसन 17 रन बनाकर खेल रहे थे और उन्होंने एक छक्का भी लगाया था। सिराज ने अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर एंटकिंसन का ऑफ स्टंप गिराकर भारतीय टीम को जीत दिला दी। सीरीज का दूसरा 5 विकेट हॉल। आखिरी टेस्ट में वह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। सिराज ने सीरीज में सबसे ज्यादा 23 विकेट झटके। उनके लिए यह इंग्लैंड दौरा बहुत ही खास और यादगार रहा।

# 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा भारत

### भारतीय ओलंपिक संघ ने दी मंजूरी

नई दिल्ली(ईएमएस)। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को यहां अपनी विशेष आम बैठक (एसजीएम) के दौरान 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए देश की बोली को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी। भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अहमदाबाद को मेजबान शहर बनाते हुए पहले ही आशय पत्र जमा कर दिया है। भारत को हालांकि 31 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव जमा करने होंगे।

**भारत की दावेदारी मजबूत** :कनाडा के दौड़



से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल के अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने तथा गुजरात सरकार के अधिकारियों से चर्चा करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था।

भारत कर चुका है 2010 सीडब्ल्यूजी की मेजबानी इस महीने के अंत में राष्ट्रमंडल खेलों के एक प्रतिनिधिमंडल के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा नवंबर के आखिरी हफ्ते में ग्लासगो में मेजबान देश का फैसला करेगी। भारत इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर चुका है।

## शमी के भारत-वेस्टइंडीज सीरीज से वापसी करने की उम्मीदें

नई दिल्ली (ईएमएस)। पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से वापसी कर सकते हैं हालांकि इससे पहले उन्हें दिलीप ट्रॉफी में अपनी फिटनेस साबित करने के साथ ही बेहतर प्रदर्शन भी करना होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई के अधिकारी ने , शमी का टेस्ट करियर खत्म नहीं हुआ है. लेकिन अब सबकुछ उनकी फॉर्म और फिटनेस पर निर्भर करेगा। 28 अगस्त से शुरु हो रही दलीप ट्रॉफी में उनके प्रदर्शन पर हमारी नजरें रहेंगी। उन्होंने कहा, 'हमें उनकी फिटनेस देखनी होगी वे रणजी मैचों में एक स्पेल में तीन-चार ओवर गेंदबाजी करते थे और मैदान से बाहर चले जाते थे इसलिए यह देखना होगा कि उनका शरील लंबे स्पेल के लिए कितना तैयार हुआ है। यह उनके साथ सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है।' शमी ने अपना आखिरी टेस्ट मैच दो साल पहले खेला था। इसके बाद उन्होंने एकदिवीसय में वापसी तो की पर इंग्लैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम में उन्हें जगह नहीं मिली थी। शमी ने अंतिम बार टेस्ट मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खेला था, जो जून 2023 में खेला गया था। शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस मैच में 4 विकेट लिए थे।

## जब सुपर जायंट्स को महंगे दामों पर खरीदा था तो मेरी आलोचना हुई थी : गोयनका

नई दिल्ली (ईएमएस)। द हंड्रेड लीग की मैनचेस्टर ऑरजिनल्स फ्रेंचाइजी खरीदने वाले आरपीएसजी ग्रुप के चेयरमैन संजीव गोयनका ने कहा है कि जब उन्होंने पहली बार आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स को महंगे दामों पर खरीदा था तो सभी ने उनका मजाक उड़ाया था। लोगों ने 900 मिलियन डॉलर एक टीम पर लगाने के लिए उनकी आलोचना भी की थी। वह पहले से ही खेलों से जुड़े हुए थे पर इतना बड़ा निवेश खेलों में उन्होंने पहली बार किया था। गोयनका ने बताया है कि जब उन्होंने आईपीएल टीम खरीदी तो पूरी दुनिया को लगा कि ये पागलपन है पर अब इसी टीम की कीमत दो गुने के करीब पहुंच गयी है। इसी प्रकार द हंड्रेड लीग की उनकी टीम की कीमत भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा, जब मैंने पहली बार सुपर जायंट्स खरीदने के लिए 900 मिलियन डॉलर का निवेश किया, तो पूरी दुनिया को लगा कि मैं पागल हो गया हूं। वहीं साढ़े तीन साल में इसकी कीमत 1.5 बिलियन डॉलर हो गई है। आईपीएल एक शानदार लीग है पर अभी इंग्लैंड में जारी द हंड्रेड भी आगे बढ़ती रहेगी। हमें भरोसा है कि यह लीग भी बहुत तेजी से आगे बढ़ेगी। आरपीएसजी ग्रुप ने द हंड्रेड लीग की मैनचेस्टर ऑरजिनल्स फ्रेंचाइजी की 70 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। ईसीबी ने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि कितनी कीमत पर गोयनका ने टीम खरीदी है।



चीन में विश्व गेम्स के दौरान जर्मनी के एलसेंडा व क्रिस्टय मिश्रित डूओ परा फाइनल में भाग लेते हुए।

# कप्तान शुभमन के दिलीप ट्रॉफी में खेलने से अच्छा संकेत जाएगा : गावस्कर

### बीसीसीआई के श्रीलंका टीम न भेजने के फैसले को भी सही बताया

मुम्बई (ईएमएस)। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल सहित कई अन्य खिलाड़ियों के घरेलू क्रिकेट में खेलने के फैसले की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा है कि घरेलू क्रिकेट में शुभमन के खेलने से अन्य क्रिकेटरों को भी एक अच्छा संकेत जाएगा। गावस्कर ने बांग्लादेश दौरा स्थगित होने के बाद उसकी जगह टीम को श्रीलंका नहीं भेजने के क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले को भी सही कदम बताया है। श्रीलंकाई बोर्ड ने भारतीय टीम को दौरे पर भेजने का



प्रस्ताव दिया था पर बोर्ड ने स्वीकार नहीं किया। गावस्कर ने लिखा, यह अच्छा है। बांग्लादेश का दौरा अगले साल तक के लिए स्थगित होने के बाद भी बीसीसीआई टीम को सफेद गेंद सीरीज के लिए इस महीने श्रीलंका भेजे जाने के लालच में नहीं आया। ऐसा करके बोर्ड ने घरेलू क्रिकेट को महत्व दिया है जो एक सकारात्मक बात है। अब अधिकतर बड़े खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसमें शुभमन उत्तरी क्षेत्र की कप्तानी करेंगे। यह इस टूर्नामेंट के लिए बहुत अच्छा रहेगा। इस टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध होकर कप्तान ने टीम के दूसरे सदस्यों को भी इसमें खेलने के स्पष्ट संकेत दे दिये हैं। दलीप ट्रॉफी इस महीने से शुरू हो रही है। इसके साथ ही इस साल के घरेलू सत्र की शुरुआत होगी। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार जब जब कोई भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम न हो और फिटनेस का मसला न हो तो सभी क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। बोर्ड ने यह फैसला बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत की 1-3 से हार के बाद लिया था।

## युवराज ने विश्वकप के लिए महिला क्रिकेटरों का उत्साह बढ़ाया

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने महिला क्रिकेटरों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा है कि उनके पास इस बार घरेलू मैदान में खेले जाने वाले विश्वकप को जीतने का सुनहरा अवसर है। युवराज ने कहा कि अपनी धरती पर मैच होने का लाभ भारतीय टीम को उठाना चाहिए। महिला विश्वकप 2025 में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएंगा। है। युवराज ने कहा है कि अभी तक सभी ने लड़कों का समर्थन किया है पर अब लड़कियों का समर्थन करने का समय है। युवराज ने कहा कि यह अवसर काफी अहम है। सफलता टीम के साथ जमे रहने पर है। मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में युवराज ने कहा, "मुझे लगता है कि 50 ओवरों का विश्व कप ही असली विश्व कप है। यह भारत में हो रहा है और इसलिए मुझे लगता है कि सभी को इसके लिए उत्साहित होना चाहिए। मेरा मानना है कि ये पल आपके जीवन में बार-बार नहीं आते।"उन्होंने साथ ही कहा, मुझे लगता है कि यह इतिहास रचने का एक शानदार अवसर है पर इसका मतलब यह नहीं है कि शुरुआत से ही आपको लगे कि आप जीत रहे हैं। आपको इसके पूरे रहस्य का अनुभव करना होगा। आपको यह महसूस करना होगा कि आप पूरी प्रक्रिया में लगे हैं और परिणाम जरूर आएंगे। मुझे लगता है महिला टीम कुछ फाइनल हार गई है। हम भी उस दौर से गुजरे हैं और यह बहुत जरूरी है कि आप इस पल का आनंद लें। आगे के बारे में सोचने की जगह वर्तमान में रहें। साथ ही कहा कि अब सभी को अपनी महिला टीम का विश्वकप के लिए उत्साह बढ़ाना चाहिये।

## रोहित-विराट को टेस्ट क्रिकेट की जगह एकदिवसीय से लेना चाहिये था संन्यास : चोपड़ा

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को टेस्ट की जगह पर एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेना चाहिये था। आकाश के अनुसार इन दोनो ने गलत प्रारूप को छोड़ा है। आज के समय में



एकदिवसीय क्रिकेट के काफी कम मुकाबले होते हैं जिससे अभ्यास का काफी कम अवसर मिलता है। इसलिए उन्हें एकदिवसीय प्रारुप को अलविदा कहना चाहिये था। हाल में ऐसी रिपोर्ट आई थीं कि रोहित और विराट एकदिवसीय भी छोड़ सकते हैं। इसी को लेकर आकाश ने टिप्पणी की है। ये भी कहा गया था कि दोनों ही साल 2027 में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया में होने वाले आईसीसी विश्व कप के लिए टीम की योजनाओं में शामिल नहीं हैं। इन दोनो ने ही इंग्लैंड दौरे से पहले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। चोपड़ा ने कहा, इन दोनो ने ही गलत प्रारुप से संन्यास लिया है। उन्होंने टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 छोड़ दिया था पर अगर वे टेस्ट खेलना जारी रखते और एकदिवसीय को छोड़ देते तो स्थिति कुछ और होती। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले 12 महीनों में भारतीय टीम ने केवल 6 एकदिवसीय खेले थे। उन्होंने साथ ही कहा, हो सकता है कि आप साल में केवल छह टेस्ट खेलें पर अगर ये सिर्फ छह टेस्ट भी हैं, तो ये 30 दिन का क्रिकेट है। अगर केवल छह एकदिवसीय खेले जाते हैं, तो ये केवल छह दिन का क्रिकेट होगा। ऐसे में आपके अंतिम आईपीएल मैच से लेकर अगले एकदिवसीय मैच तक 100 दिन से ज्यादा का समय रहेगा जिसमें आपको खेलने का कोई अवसर नहीं मिला। चोपड़ा के अनुसार आजकल एकदिवसीय सीरीज में अंतर काफी बढ़ रहा है। ऐसे में अपनी फॉर्म, फिटनेस और आहार का ध्यान रखान काफी कठिन हो गया है। साथ ही कहा, तीन मैचों की एक सीरीज सात से आठ दिनों में खत्म हो जाती है।

फिर अगली सीरीज तीन महीने बाद होगी। इस प्रकार दो सीरीज के बीच काफी अंतर होता है। इससे बीच में प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने का मौका भी नहीं रहता। इस कारण लय बनाये रखना कठिन होता है। वहीं अगर ये दोनो टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखते और एकदिवसीय छोड़ देते, तो लय में बने रहना कठिन होता। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, जब आप टेस्ट से संन्यास ले लेते और एकदिवसीय क्रिकेट ज्यादा नहीं खेला जाता, तो इसका कोई विशेष प्रभाव नहीं होता। वहीं दो महीने के आईपीएल से ही आपको 14 से 16 पारियां खेलने को मिलती हैं।

# वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय में पाकिस्तान को 202 रनों से हराया



### 34 साल बाद पाक के खिलाफ सीरीज जीती

तरौबा (ईएमएस)। वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 202 रनों से हराकर 2-। से सीरीज जीत ली है। इसी के साथ ही मेजबान वेस्टइंडीज को 34 साल बाद पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में जीत मिली है। इस मैच में पाक टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और वह लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 92 रन ही बना पायी। उसे पांच खिलाड़ी अपना खाता भी नहीं खोल पाये।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप के 120 रनों की सहायता से 6 विकेट पर 294 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम 29.2 ओवर में केवल 92 रन ही बना पायी। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जायडेन सील्स ने पहले ही ओवर में पाक के सईम अयूब को 0 पर ही आउट कर दिया। इसके बाद तीसरे ओवर में दूसरे सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक भी शून्य पर ही आउट हो गये।

सील्स के सामने पाक बल्लेबाज बेबस नजर आये। यहां तक कि कप्तान मोहम्मद रिजवान, सईम अयूब, अब्दुल्लाह शफीक सहित पांच बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल पाये। सील्स ने इस मैच में छह विकेट लिए। वहीं इससे पहले बल्लेबाजी के दौरान वेस्टइंडीज को भी परेशानी आई पर कप्तान शाई होप ने एक छोर संभाले रखा। वह 94 गेंदों में 120 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 10 चौके और पांच छक्के लगाये। इस तरह वह एकदिवसीय में 18वां शतक लगाते हुए वेस्टइंडीज की ओर से सबसे अधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गये। वहीं गेंदबाज सील्स ने नया रिकार्ड बनाया। वह वेस्टइंडीज की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय में सबसे अच्छी गेंदबाजी करने वाले बने गये हैं। इससे पहले फ्रैंकलिन रोज ने अप्रैल 2000 में किंग्सटाउन में 5/23 का रिकॉर्ड बनाया था।

## किरमानी को विश्व का नंबर एक विकेटकीपर मानते हैं अजहरुद्दीन

हैदराबाद (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन का मानना है कि सैयद किरमानी विश्व क्रिकेट में अब तक के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। अजहरुद्दीन ने कहा कि कई लोग महेन्द्र सिंह धोनी, ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट या दक्षिण अफ्रीका के मार्क बाउचर को विश्व का सबसे अच्छा विकेटकीपर बल्लेबाज मानने हैं। इन तीनों ने ही अपने करियर में कई उपलब्धियां हासिल कीं पर किरमानी की बात ही अलग थी। किरमानी साल 1983 विश्व कप विजेता भारतीय टीम में शामिल थे। अजहर ने कहा, "किरमानी अभी भी विश्व के नंबर-1 विकेटकीपर हैं। ऐसा विकेटकीपर कभी पैदा ही नहीं हुआ। उनके समय में चार स्पिनरों के साथ विकेटकीपिंग करना आसान नहीं था। 1983 विश्व कप में उन्होंने कई अच्छे कैच लिए। यहाँ तक कि जिस मैच में कप्तान कपिल देव ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 175 रन बनाए थे, उसमें भी किरमानी ने 24 रनों की पारी खेली।"गौरतलब है कि किरमानी ने 1976-86 तक 88 टेस्ट और 49 एकदिवीसय मैच खेले। उन्होंने टेस्ट में 124 पारियों में 27.04 की औसत से 2759 रन बनाए, जिसमें दो शतक और 12 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 160 कैच लिए और 38 स्टंपिंग कीं। किरमानी ने एकदिवसीय में 31 पारियों में 20.72 की औसत से 373 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 48 रहा। उन्होंने एकदिवीसय में 27 कैच लिए और 9 स्टंपिंग कीं। उन्होंने 1983 विश्व कप में 14 शिकार किए, जिनमें 12 कैच और दो स्टंपिंग थे। वह टूर्नामेंट में दूसरे सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर थे। उनसे आगे वेस्टइंडीज के जेफ डुजॉन ने 16 शिकार किये थे। ।

# सुप्रीम कोर्ट ने सुशील कुमार की जमानत रद्द की



नई दिल्ली (ईएमएस)। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार को करारा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुशील कुमार की जमानत रद्द करते हुए उन्हें एक सप्ताह में सरेंडर करने का आदेश दिया है। सुशील जूनियर पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के मुख्य आरोपी हैं। शीर्ष अदालत की एक पीठ ने सागर के पिता अशोक धनखड़ की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा सुशील को दी गई जमानत रद्द करते हुए उन्हें एक सप्ताह में सरेंडर करने के लिए कहा है। सागर के पिता ने सुशील को जमानत दिये जाने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

सागर की हत्या 4 मई 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम के पार्किंग क्षेत्र में हुए झगड़े में हुई थी। इस दौरान उनके दो दोस्तों पर भी हमला हुआ था। आरोप है कि यह हमला सुशील कुमार और उनके साथियों ने संपत्ति विवाद के कारण किया गया। सागर हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल में उसकी मौत हो गयी थी। वहीं उसके साथी भी गंभीर रुप से घायल हुए।

इस मामले के बाद सुशील कुमार फरार हो गये थे। उन्हें दिल्ली पुलिस ने 23 मई 2021 को मुंडका इलाके से गिरफ्तार किया था। तब सुशील एक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी की स्कूटी पर रकम लेने पहुंचे थे। गिरफ्तारी के बाद उनसे उन्हें रेलवे की नौकरी से निलंबित कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अक्टूबर 2022 में कई धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत उनपर आरोप तय किए गए।

दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में सुशील को साजिश का मास्टरमाइंड बताया। पुलिस ने दावा किया कि उन्होंने कुश्ती जगत में अपना दबदबा कायम करने के लिएही ये हमला करवाया। वहीं सुशील ने इन आरोपों से इनकार किया और कहा कि वे पहले ही साढ़े तीन साल जेल में रहे हैं। मुकदमे में अब तक 222 में से केवल 31 गवाहों के बयान दर्ज हुए हैं। इन्हीं आधारों पर दिल्ली हाईकोर्ट ने मार्च 2024 में उन्हें जमानत दी थी, जिसे शीर्ष अदालत ने रद्द कर दिया है। गौरतलब है कि सुशील कुमार ने बीजिंग ओलंपिक 2008 में कांस्य पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने लंदन ओलंपिक 2012 में रजत पदक जीता था। वहीं एशियाई खेलों में उनके नाम स्वर्ण पदक है। इसके अलावा भी इस पहलवान के नाम कई कुश्ती स्पर्धाओं में पदक हैं।



चीन में इटली की गैबरीला लेनजिलाओ किक बाक्सिंग मुकाबले में भाग लेती हुई।

## 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर इप्टा ने आयोजित की गई बैठक



धनबाद, जमशेदपुर, बुधवार को भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा की 380 वीं बैठक बनस्थली एजुकेशन आदित्यपुर में देव झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर डॉ, परमानंद मोदी डॉक्टर नथुनी सिंह, एस डी प्रसाद, रंजीत श्रीवास्तव, देव झा, पंकज कुमार गुप्ता, आदि मौजूद थे।

## तिरंगा यात्रा में माँ शारदा सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट धनबाद ने किया शर्बत और पानी की व्यवस्था




धनबाद। युवा संघर्ष मोर्चा के द्वारा मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा जोड़ाफाटक से शुरू हुई। युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह ने तिरंगा लहराते हुए यात्रा शुरू कराई। यात्रा जोड़ाफाटक होते हुए पुराना बाजार पानी टंकी मार्ग से होते हुए बिरसा चौक बैंकमोड पहुंचकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में माँ शारदा सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट धनबाद की ओर से बैंक मोड़ में शर्बत और पानी की व्यवस्था की गई थी। मौके पर हरेराम कुमार,अंकित पासवान,विक्रम कुमार,रवि कुमार ,सनी राय ,विश्वजीत महतो ,राहुल कुमार,सनी रजक, रोहित कुमार।रौनक सिंह, धर्मेंद्र कुमार,मुन्ना, डूगु ,राज, गोलू,राजवीर आशुतोष मौजूद थे।

# बीबीएम जनजातीय कन्या विद्यालय, राजगंज में शिबू सोरेन को लोगो ने दी श्रद्धांजलि



राजगंज, (धनबाद), श्रद्धांजलि सभा विनोद ज्ञान ज्योति सेवा ट्रस्ट राजगंज की ओर से बीबीएम जनजातीय कन्या विद्यालय राजगंज मे झारखंड के जननायक पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से गुरु जी के आंदोलन के साथी रहे झारखंड आंदोलनकारी शंकर किशोर महतो, झारखंड आंदोलन के दौरान सक्रिय भूमिका निभाने वाले इंद्र नारायण महतो, शिव शंकर शर्मा, प्रमोद चौरसिया, जितेंद्र नाथ महतो, महेन्द्र प्रसाद महतो, गिरीधारी महतो,रामेश्वर महतो, नरेश महतो, विजय महतो, हीरालाल महतो, धनंजय महतो, अयोध्या प्रसाद महतो, हुब लाल महतो, चुन्नीलाल अग्रवाल, रोहन महतो, अशोक रजक, मोहम्मद इसराइल, राकेश कुमार महतो, रोहन महतो, रवि निषाद,सहदेव महतो, पूनम देवी, किशुन महतो, मंसाराम मुर्मू, सुरेश बुलगनिया, दुर्गेश झा, संतोष महतो ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अंत में स्वर्गीय गुरु जी के याद में पौधा वितरण किया गया।

## जेपीएससी में 144वीं रैंक लाने वाले अरबाज हसन का राजगंज में लोगों ने किया भव्य स्वागत

राजगंज, (धनबाद), राजगंज थाना कुल्ही के युवक अरबाज हसन ने जेपीएससी परीक्षा में 144वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। बुधवार को उनके घर वापसी पर मस्जिद के पास मित्रों और ग्रामीणों में फहीम अंसारी, मोहम्मद जैनुल, मोहम्मद सफीक अंसारी, नन्हे मास्टर, खुर्शीद आलम, फिरोज अंसारी, मोहम्मद अकबर, मुमताज अंसारी और फारूख ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।अरबाज हसन मस्जिद में जाकर अल्लाह का शुक्र अदा किया और अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि लगन और परिश्रम से पढ़ाई करने पर निश्चित रूप से सफलता मिलती है।अरबाज के पिता सजरूल हसन, जो सिलाई मशीन से सिलाई का काम करते हैं, ने कहा की हमने अपने रोजगार से बेटे को पढ़ाया और इस मुकाम तक पहुंचाया, मुझे अपने बेटे पर गर्व है।

## रांची में 'स्वच्छ पथ अभियान' की शुरुआत, टूटी सड़कें होंगी दुरुस्त, मच्छरों पर लगेगा ब्रेक

रांची(ईएमएस)।रांची नगर निगम ने शहर की सड़कों को गड्ढा-मुक्त और इलाकों को मच्छर-मुक्त बनाने के लिए नया अभियान शुरू किया है, जिसका नाम है स्वच्छ पथ अभियान।बारिश के बाद कई जगह सड़कों में गड्ढे बन गए हैं और पानी भरने से मच्छरों का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए नगर निगम ने तेजी से मरम्मत और सफाई का काम शुरू कर दिया है।अभियान के तहत गड्ढों को स्टोन डस्ट से भरकर सड़कें समतल की जा रही हैं।पानी जमा होने वाले इलाकों में फॉगिंग और कीटनाशक का छिड़काव किया जा रहा है।मोहल्लों में साफ-सफाई और बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।हर वार्ड में टीम बनाकर काम किया जा रहा है।नगर निगम ने लोगों से अपील की है कि मरम्मत और सफाई के दौरान यातायात नियमों का पालन करें और अगर कहीं गड्ढा या पानी जमा हो तो तुरंत हेल्पलाइन 1800-570-1235 पर सूचना दें।

# जुलाई की मंईयां सम्मान राशि रांची की लाखों महिलाओं के खातों में पहुंची




रांची(ईएमएस)।रांची की बहनों के लिए खुशखबरी है।मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जुलाई महीने की 2500 की सम्मान राशि सीधे बैंक खाते में भेज दी गई है।पहले चरण में 3 लाख 86 हजार 693 महिलाओं को कुल 96 करोड़ 67 लाख 32 हजार 500 रुपये डीबीटी के जरिए मिले हैं। जिले के अलग-अलग इलाकों में यह राशि इस तरह दी गई है अनगड़ा में 16,490, अरगोड़ा (नगर निगम) में 11,923, बड़गाईं (नगर निगम) में 8,924, बेड़ो में 20,622, बुंडू में 8,489, बुंडू नगर पंचायत में 3,424, बुढ़मू में 17,657, चान्हो में 19,715, हेहल (नगर निगम) में 15,170, इटकी में 10,455, कांके में 31,540, कांके (नगर निगम) में 1,291, खलारी में 9,675, लापुंग में 11,216, मांडर में 23,279, नगड़ी में 17,677, नगड़ी (नगर निगम) में 7,439, नामकुम में 17,696, नामकुम (नगर निगम) में 8,368, ओरमांझी में 18,164, राहे में 9,527, रातू में 18,467, सिल्ली में 21,194, सोनाहातू में 12,820, तमाड़ में 18,500 और सदर (नगर निगम) में 26,971 महिलाओं को लाभ मिला है।जिन महिलाओं का नाम पहले से लिस्ट में है लेकिन बैंक खाते से आधार लिंक नहीं है, उन्हें तुरंत आधार सीडिंग करानी होगी, वरना आगे पैसा नहीं मिलेगा। वहीं जिनका भौतिक सत्यापन बाकी है, उनका काम भी तेजी से चल रहा है।जैसे ही सत्यापन पूरा होगा, बाकी योग्य महिलाओं को भी पैसा भेज दिया जाएगा।अगर आपका सत्यापन लंबित है, तो आप अपनी आंगनबाड़ी दीदी से मिलकर फॉर्म भर सकती हैं।

## सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया की गवर्निंग बॉडी के सदस्य निर्वाचित

रांची(ईएमएस)।दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के गवर्निंग बॉडी चुनाव 2025 में झारखंड के राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह पहली बार है जब झारखंड के किसी सांसद ने इस प्रतिष्ठित क्लब की गवर्निंग बॉडी में सदस्य पद हासिल किया है। बताते चलें कि 1947 में स्थापित यह क्लब देश के सांसदों एवं पूर्व सांसदों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक मंच है। इस चुनाव में कुल 1295 वोटरों ने हिस्सा लिया, जिसमें झारखंड से 23 वोटर शामिल थे और 21 ने मतदान किया। चुनाव के दौरान कई राष्ट्रीय स्तर के बड़े नेता, जैसे माननीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मतदान के लिए उपस्थित रहे।

# नगड़ी में 24 अगस्त को होगा 'हल जोतो, रोपा रोपो' कार्यक्रम



रांची(ईएमएस)।नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति ने 24 अगस्त को सुबह 11 बजे नगड़ी मौजा में 'हल जोतो',' रोपा रोपो' कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। बुधवार को प्रेस क्लब में मिडिया को यह जानकारी दी।सम्मेलन में समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन किसानों के पक्ष के लिए होगा।कृषि योग्य भूमि को बचाने के लिए है, जिसमें नगड़ी के ग्रामीण भी सहयोग करेंगे।समिति ने रिम्स-2 निर्माण प्रस्ताव को किसानों के हित में तत्काल रद्द करने की मांग की गई। आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण कानून 2013 की धारा 24(2), पेसा कानून और छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम का उल्लंघन बताया है।

कृषि योग्य भूमि हड़पी जा रही है। उनका कहना है कि रांची जिला के आसपास ग्रामीणों की जीविका का एकमात्र साधन खेती है, जिसे किसी भी कीमत पर छीना नहीं जा सकता।समिति ने बताया कि 15 जुलाई 2012 को तत्कालीन स्टीयरिंग कमेटी अध्यक्ष व दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने भी नगड़ी में जनसभा आयोजित की थी। इस सभा में कहा था कि कृषि योग्य भूमि किसी भी कीमत पर लूटने नहीं दी जाएगी।इसी संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए सभी सामाजिक, धार्मिक और जन संगठनों समेत पक्ष-विपक्ष के लोग जमीन पर हल चलाने उतरेंगे।

आदिवासी विधायकों को इस आंदोलन में शामिल होने का न्योता दिया गया है। मौके पर विकास टोप्पो, सीता कच्छप, नंदी कच्छप समेत अन्य शामिल थे।

## अधीक्षक का कार्यालय, शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद

पत्रांक :– 1312/SNMMCH दिनांक :– 13.08.2025

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मानक स्तर के निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत एवं अनुभवी वितरक से 1000 LMP PSA Plant Make:- L&T के मरम्मति (सभी मरम्मति में उपयोग होनेवाले सामग्रियों सहित) हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आपूर्ति हेतु 2–बोली व्यवस्था (2-bid system) के अन्तर्गत निम्नांकित शर्तो के अधीन ONLINE निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि– 25.08.2025 को संध्या 5.00 बजे तक होगी।

ह0/–
अधीक्षक
भाहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद।

PR.NO.359550 Health Med Edu and Family Welfare(25-26):D

# राष्ट्र धर्म रक्षा मंच का अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ रांची के मोरहाबादी में प्रदर्शन




रांची(ईएमएस)।राष्ट्र धर्म रक्षा मंच के तत्वावधान में बुधवार को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के सामने अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर मंच के कार्यकर्ताओं और कई सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने अमेरिका की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की।मौके पर संघ अध्यक्ष अमृतेश पाठक ने कहा कि भारत आज वैश्विक मंच पर मजबूती से उभर रहा है और उसकी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की इस आर्थिक तरक्की से अमेरिका और चीन जैसे देश अस्थायी रूप से लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं।इसी वजह से 50 फीसदी टैरिफ लगाकर भारत पर आर्थिक दबाव डालने की कोशिश की जा रही है।

संघ अध्यक्ष ने कहा कि भारत पर किसी भी तरह का दबाव काम नहीं करेगा।हमारे देश की 150 करोड़ की आबादी में बड़ी संख्या में युवा हैं।भारत अब किसी भी मायने में कमजोर देश नहीं है। अमृतेश पाठक ने लोगों से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि देश को मजबूत बनाना है तो पहले खुद को मजबूत करना होगा। उन्होंने युवाओं को नशा, अपराध और अश्लीलता से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखने की सलाह दी।इसके साथ ही उन्होंने झारखंड में रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाने की घोषणा भी की।इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व चैंबर अध्यक्ष अरुण बुधिया, लेखिका व समाजसेवी रेणुका तिवारी, सियाराम सिंह, राजेश्वर यादव, रोहित जी, श्याम सिंह सहित सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया।

## भाजयुमो ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, गूंजे देश भक्ति के नारे

धनबाद(ईएमएस)।भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने बुधवार की सुबह धनबाद में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इसका उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस से पहले लोगों में देश भक्ति की भावना जगाना और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश देना था। हाथों में तिरंगा थामे स्कूली छात्र-छात्राएं, युवा-युवतियां, महिला कार्यकर्ता व भाजपा नेता जोश व उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। यात्रा का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने किया। तिरंगा यात्रा डीआरएम चौक से शुरू होकर कोर्ट रोड होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंची, जहां शहीद रणधीर वर्मा को श्रद्धांजलि दी गई।पूरे मार्ग में भारत माता की जय, वंदे मातरम और हर घर तिरंगा के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा।बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं रास्ते में शहरवासियों ने घरों और प्रतिष्ठानों से यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया. जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि हर भारतीय की है, जो देश की एकता, अखंडता और गर्व का प्रतीक है।

## एमजीएम अस्पताल में खुला ऑडियोलॉजी सेंटर, कान की होगी जांच

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर के ईएनटी डिपार्टमेंट में एक ऑडियोलॉजी सेंटर खोला गया है। यहां कान के मरीजों की सुनने की क्षमता की जांच (ऑडियोमेट्री टेस्ट) होगी. ज्ञात हो कि उम्र बढ़ने के साथ ही लोगों की सुनने की क्षमता कम होने लगती है। यानी कम सुनाई देने लगता है। मरीजों के बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल प्रबंधन ने यह सेंटर खोला है। अस्पताल के इएनटी विभाग के डॉ रोहित झा ने बताया कि सेंटर में दो मशीनें स्थापित की गई हैं, जिनसे लोगों के सुनने की क्षमता की जांच होगी।

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो। (जिला पर्यटन कला–संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)

Email:-dsobokaro1@gmail.com

**आम सूचना**

विभागीय संकल्प – 4/ दिनांक– 10.06.2022 द्वारा प्रकाशित झारखण्ड खेल नीति–2022 कंडिका –7.4.4 में निहित प्रावधान के तहत् झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ी, जो वर्तमान में व्यवहारिक तौर पर खेल में नहीं है, को मासिक पेंशन का लाभ दिये जाने हेतु मार्गदर्शिका के निर्माण के संबंध में कार्रवाई की जा रही है। जिसके क्रम में मंत्रिमण्डल सचिवालय विभाग के परामर्श के आलोक में विषयक योजना के क्रियान्वयन से राजकोष में पड़ने वाले वित्तीय भार का आकलन किया जाना है।

उक्त के क्रम में निम्न अहर्त्ताओं को पूर्ण करने वाले पूर्व खिलाडियों से संबंधित जानकारी /सूचना की आवश्यकता है –

1. राज्य के मेजर ध्यानचन्द्र खेल रत्न पुरस्कार प्राप्त खिलाडी, अर्जुन अवार्ड प्राप्त खिलाडी, द्रोणचार्य अवार्ड प्राप्त खिलाडी, ध्यानचन्द्र अवार्ड प्राप्त खिलाडी ओलम्पिक गेम्स में भाग लेने वाले खिलाडी, कॉमनवेल्थ खेल /एशियन गेम /विश्व कप/विश्व चौम्पियनशिप (दो वर्ष या इससे अधिक के अंतराल पर आयोजित)/पैरा एशियन गेम्स/राष्ट्रीय खेल के पदक विजेता/ओलम्पिक गेम्स में शामिल खेल विधाओं में राष्ट्रीय खेल में भाग ले चुके ऐसे खिलाड़ी जो अब व्यवहारिक तौर पर खेल में नहीं है।
2. झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी हो एवं वह कम–से कम 40 (चालीस) वर्ष की आयु का हो, (आयु सीमा में अधिकतम 10 वर्ष तक की छूट दी जा सकती है बशर्त्ते खिलाडी अचानक सक्रिय खेलों से समय से पहले दूर हो गया हो।
3. ऐसे पूर्व खिलाडी पेंशन के हकदार नहीं होगे जो भारत सरकार/राज्य सरकार/पी0एस0यू0 आदि में स्थायी, संविदा अथवा अस्थायी रूप से कार्यरत हो।

संलग्न विहित प्रपत्र में उपरोक्त वर्णित अहर्त्ताओं/शर्त्तो को पूर्ण करने वाले पूर्व खिलाडियों से संबंधित सूचना संलग्न विहित प्रपत्र में जिला खेल कार्यालय, बोकारो को दिनांक– 14.08.2025 तक निश्चित रूप से उपलब्ध कराया जाय, ताकि प्रासंगिक मार्गदर्शिका के निर्माण मे अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

जिला खेल पदाधिकारी,
बोकारो।

PR 359541 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 25-26 (D)

# फाईलेरिया से ग्रसित रोगियों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए शिविर का आयोजन

### दिव्यांगत्ता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए की गई 49 रोगियों की अनुसंशा



धनबाद, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कनकनी में फाईलेरिया से ग्रसित रोगियों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए आज एक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यकम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ० आलोक विश्वकर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

शिविर में चिकित्सीय जाँच के पश्चात 49 फाईलेरिया रोगियों का दिव्यांगत्ता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए अनुसंशा की गई। शिविर को सफल बनाने में सहिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके द्वारा विभिन्न गाँवों के फाईलेरिया रोगियों को शिविर में लाया गया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन ने कहा कि फाईलेरिया गन्दे पानी में पनपने वाली एक सबसे अधिक आवादी वाले संक्रमित मादा क्युलेक्स मच्छर के काटने से अपंगता पैदा करने वाली द्वितीय सबसे बड़ी लाईलाज बीमारी है। इसकी वजह से हाथ, पांव (हाथीपांव) का फूलना और हाइड्रोसील होता है। वर्ष में एक बार डीईसी एवं अल्बेण्डाजोल दवा का एकल खुराक सेवन कराकर फाईलेरिया पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने कहा फाईलेरिया के रोगाणु अपने पूरे जीवन काल में करोड़ों माइक्रो फाईलेरिया रोगाणुओं को जन्म देते हैं। दवा सेवन के इस अभियान द्वारा माइक्रो फाईलेरिया को समुदाय में फैलने से रोका जा सकता हैं, जिससे मच्छरों द्वारा अन्य स्वस्थ्य व्यक्तियों को इसके संक्रमण से बचाया जा सकता है।

उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि कोई भी फाईलेरिया रोगी जो दिव्यांग है, उन्हें प्रत्येक गुरुवार को सदर अस्पताल, धनबाद में आयोजित दिव्यांग बोर्ड में सम्मलित होकर अपना दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत कराएं। जिससे सरकार द्वारा दी जाने वाली सारी सुविधाओं का लाभ उन्हें प्राप्त हो सके।

..दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए चिकित्सीय दल में जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ० सुनील कुमार, धनबाद सदर के प्राभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० अनिता चौधरी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ० हरेन्द्र कुमार, सर्जन डॉ० जितेन्द्र कुमार चौधरी शामिल थे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला वीबीडी सलाहकार, रमेश कुमार सिंह, प्रखण्ड कार्यकम प्रबंधक, अभिजीत, एमटीएस, अमर चन्द्र मंडल, बीटीटी, मुक्ति रंजन दास, एमपीडब्लू, महावीर महतो व गणेश कुमार, पीरामल स्वास्थ्य के मो. आबिद सरदार व जयशंकर का भी सराहनीय योगदान रहा।

## उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, जिला परिषद, बोकारो

**–:आम सूचना:–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुल 12 माह के लिए चास प्रखण्ड/अंचल अन्तर्गत मेन रोड बोकारो स्थित रवीन्द्र भवन की बन्दोबस्ती खुली डाक के माध्यम से दिनांक 22.08.2025 को 11:00 बजे पूर्वा0 में जिला परिषद् कार्यालय में किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 21.08.2025 तक कार्यालय अवधि में निबंधित डाक/स्वयं मुहरबंद लिफाफा में आवेदन जमा कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। रविन्द्र भवन की न्यूनतम सुरक्षित राशि कुल 12,35,000.00 (बारह लाख पैतिस हजार) रू0 मात्र निर्धारित किया गया है। डाक में भाग लेने वाले डाक वक्ता के लिए कार्यालय द्वारा निर्धारित शर्तो को पूरा करना अनिवार्य है, जो निम्नलिखित है:–

1. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को आवेदन पत्र के साथ वांछित कागजात की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है :–
   (I) आचरण प्रमाण पत्र ( उपायुक्त, बोकारो/ पुलिस अधीक्षक, बोकारो द्वारा निर्गत )
   (II) पहचान पत्र (आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र)
   (III) विवाह मंडप/डाक बंगला/रेस्टोरेन्ट/आवासीय भोजनालय का परिचालन करने से संबंधित दो वर्शों का अनुभव प्रमाण पत्र एवं वर्तमान के प्रतिश्ठान संचालन करने से संबंधित दस्तावेज मान्य होगा।
   (IV) वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 का दाखिल आयकर सफाया प्रमाण पत्र
   (V) वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 में औसत टर्नओवर न्यूनतम 20,00,000.00 रू0 होना अनिवार्य है।
2. डाक में भाग लेने के पूर्व न्यूनतम सुरक्षित जमा राशि का 10% राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो DDC-cum-CEO, Zila Parishad, Bokaro के पदनाम से देय हो, जमानत के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. अधिकतम डाक वक्ता को सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि 15 दिन के अन्दर जमा कर एकरारनामा करना होगा तथा शेश 50% माह दिसम्बर 2025 में जमा करना अनिवार्य होगा।
4. किसी इवेंट में उपस्कर उपलब्ध कराने से संबंधित दस्तावेज मान्य नहीं होंगे।
5. डाकवक्ता के विरूद्ध किसी भी संस्थान यथा (सरकारी/गैरसरकारी) में काली सूची में नाम सम्मिलित नहीं होने से संबंधित शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. डाक की बोली न्यूनतम सुरक्षित राशि से प्रारंभ होगी।
7. डाकवक्ता को स्वयं अथवा प्राधिकृत व्यक्ति को डाक में भाग लेने हेतु उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।
8. डाकवक्ता भारतीय नागरिक हो, जिनकी न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है।
9. उच्चतम डाकवक्ता/सफल आवेदक को रवीन्द्र भवन का आवंटन किया जाएगा। नीलामी के उपरांत डाक की राशि समय से जमा कर एकरारनामा नहीं करने की स्थिति में जमा की गई सुरक्षित राशि जब्त कर द्वितीय उच्चतम डाकवक्ता को आवंटित करने की कार्रवाई की जाएगी।
10. रवीन्द्र भवन (विवाह मंडप) का आवंटन को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद् ,बोकारो के पास सुरक्षित होगा।
11. बंदोबस्ती की शेष सभी शर्तें एकरारनामा में सन्निहित रहेगा।
12. उपरोक्त शर्तो को पूरा करने वाले व्यक्ति ही डाक में भाग लेने हेतु वैध माने जाएँगे।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, बोकारो।

PR 359509 Panchayati Raj(25-26)D

# हर घर तिरंगा अभियान के दूसरे दिन

# बीसीसीएल में स्वच्छता, देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन







भारत सरकार और कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में चल रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आज बीसीसीएल द्वारा कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ संचालित की गयी। स्वच्छता, देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।सर्वप्रथम कोयला नगर अस्पताल में डॉ. पूनम दुबे (मुख्य चिकित्सा सेवाएं) के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें डॉ. सस्वती पंडित, डॉ. झूलन मुखर्जी, डॉ. रेनू, डॉ. रजनीबाला, डॉ. गोपाल और डॉ. एस.बी.पी. सिंह सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों ने स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान अधिकारियों ने 15 अगस्त को हर घर तिरंगा फहराने की अपील के साथ प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने का आह्वान किया और परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के महत्व को बताया।

सेंट्रल हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मियों ने मिलकर राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया और नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों, प्रतिष्ठानों और कार्यस्थलों पर तिरंगा फहराने की अपील की। इस अवसर पर प्लास्टिक के उपयोग को रोकने हेतु 'Say No to Plastic' के संदेश के साथ अस्पताल परिसर में अधिकारियों एवं कर्मियों ने सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। अवसर पर डॉ. वंदना ठाकुर (मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ. एन.के. पांडेय (विभागाध्यक्ष - मेडिसिन), डॉ. रश्मि रैना (विभागाध्यक्ष - नेत्र विज्ञान), डॉ. मुकेश (विभागाध्यक्ष –-अस्थि रोग), डॉ. रणविजय प्रताप (विभागाध्यक्ष – पैथोलॉजी), श्री अंशुल (वरिष्ठ विशेषज्ञ), श्रीमती ई. रेणु कुजूर (वरिष्ठ प्रबंधक – मानव संसाधन), श्री विनीत सिन्हा (प्रबंधक – मानव संसाधन) सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहें।डीएवी पब्लिक स्कूल, कोयला नगर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और बीसीसीएल कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिलकर 'हर घर तिरंगा' और 'Say No to Plastic' का संदेश प्रसारित किया। इस दौरान 'Say No to Plastic' थीम पर आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में बच्चो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्लास्टिक के रोकथाम के जन-जागरूकता फैलाई। वही डीएवी अलकुसा में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने अपने रंगों और कल्पना के माध्यम से देशभक्ति की भावनाओं को कैनवास पर जीवंत किया। कार्यक्रम ने बच्चों ने राष्ट्रप्रेम और रचनात्मकता का अनूठा संगम प्रस्तुत किया।उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में कल 'आजादी का श्रमदान' और 'प्लास्टिक को न कहें' अभियान कोयला नगर टाउनशिप और मानसरोवर झील परिसर में आयोजित किए गए थे, साथ ही ब्लॉक-II क्षेत्र में जलाशयों, पंप हाउसों और जलस्त्रोतों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य भी संपन्न हुआ। आने वाले दिनों में इसी प्रकार की गतिविधियां बीसीसीएल के अन्य क्षेत्रों में भी आयोजित की जाएंगी और यह श्रृंखला स्वतंत्रता दिवस के दिन आयोजित मुख्य कार्यक्रम के साथ संपन्न होगी।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त और एसएसपी ने किया फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण





धनबाद, स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 की तैयारी को लेकर बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से गोल्फ ग्राउंड में आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीएपीएफ, सी आई एस एफ ,आर पी एस एफ, झा0.स0.पु0-3, डी0 ए0 पी0-1 पुरुष , डी0 ए0 पी0-2 महिला, गृहरक्षक, ग्रामीण पुलिस बल,एनसीसी कैडेट्स,भारतीय स्काउड एवं गाईड, बैंड दल निर्धारित क्रम में परेड में शामिल थे।

ज्ञात हो की निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और सटीक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, मंच सज्जा और अतिथियों के स्वागत से संबंधित सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की होनी चाहिए।

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल एवं यातायात कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समारोह के दिन किसी भी प्रकार की भीड़-भाड़ या अव्यवस्था न हो तथा सभी आगंतुकों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए।

उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में पूर्वाह्न 9 बजे उपायुक्त द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद धनबाद समाहरणालय में 10 बजे पूर्वाह्न, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में 10:20 बजे पूर्वाह्न, मिश्रित भवन में 10:30 बजे पूर्वाह्न, गांधी सेवा सदन 10:40 बजे पूर्वाह्न, रेड क्रॉस सोसाइटी में 10:50 बजे पूर्वाह्न तथा पुलिस लाइन धनबाद में 11 बजे पूर्वाह्न में झंडोत्तोलन किया जाएगा।

मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर 1, शंकर कामती, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सुनिल कुमार सिंह, जिला अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# गया पुल अंडरपास के एक हिस्से की सड़क का समतलीकरण हुआ पूरा




धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन के निर्देश पर गया पुल अंडर पास का मरम्मती कार्य बीती मध्य रात्रि से शुरू हुआ। कार्य आज सुबह 5:30 बजे पूरा हुआ।

पथ निर्माण विभाग ने अंडरपास के श्रमिक चौक से बैंक मोड की ओर जाने वाले हिस्से पर जेसीबी मशीन लगाकर समतलीकरण कार्य शुरू किया। इस दौरान 45 मीटर लंबे हिस्से से लगभग 10 इंच मलवा हटाकर सड़क का समतलीकरण किया गया।समतलीकरण हो जाने से उसे हिस्से में आवागमन शुरू किया गया। अब बिना किसी रुकावट या बाधा के वहां से सरपट वाहन दौड़ने लगे हैं। उपायुक्त ने बताया कि समतलीकरण करने के बाद, जल निकासी कर, आज रात सीमेंट कंक्रीट के पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। इस हिस्से में काम पूरा होने के बाद बैंक मोड़ से श्रमिक चौक वाले हिस्से में काम शुरू किया जाएगा।

## स्व0. पुना महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल संपन्न

# जियान स्पोर्टिंग क्लब धनबाद विजेता



धनबाद, स्व. पुना महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला जियान स्पोर्टिंग क्लब धनबाद और संघर्ष क्लब कच्छीबलिहारी के बीच खेला गया। पहले हाफ में दोनों टीमें जोरदार संघर्ष के बावजूद 0-0 की बराबरी पर रहीं। दूसरे हाफ में जियान स्पोर्टिंग क्लब ने शानदार गोल दागकर 1-0 की बढ़त बनाई और अंत तक इसे कायम रखते हुए विजेता बने।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के सांसद, ढुल्लु महतो उपस्थित रहे। विशेष रूप से खुशवंत कुमार और प्रशांत राज ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मुकाबले के संचालन में रेफरी की भूमिका प्रदीप नियोगी, सुधन लाल, प्रकाश महतो, जेवीएल टुडू और तापस बध्याकार ने निभाई।

समिति की ओर से अजय गोराई, राजेश तुरी, सुबोध, गुडुडू, अमान, मिंटु राउत और काजल पाल की सक्रिय उपस्थिति रही। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# युवा संघर्ष मोर्चा ने मंगलवार को निकाली तिरंगा यात्रा




धनबाद। युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के द्वारा मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा जोड़ाफाटक से शुरू हुई।युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह ने तिरंगा लहराते हुए यात्रा शुरू कराई।यात्रा जोड़ाफाटक होते हुए पुराना बाजार पानी टंकी मार्ग से होते हुए बिरसा चौक बैंकमोड पहुंचकर संपन्न हुई।तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों भारत माता की जयकारे लगाते चल रहे थे।तिरंगा यात्रा में सैकड़ो देशभक्त शामिल रहे।तिरंगा यात्रा के दौरान देश भक्ति के गाने बजाए गए तो नारेबाजी भी की गई। यात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठनों और आमजन ने देशभक्ति से ओतप्रोत नारों के साथ भाग लिया। इस दौरान दिलीप सिंह ने अमर शहीदों और बैंकमोड स्थित भगवान बिरसा के प्रतिम पर अंग वस्त्र एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। मौक पर दिलीप सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान करना है।

श्री सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारी आजादी और एकता का प्रतीक है। जिसका सम्मान करना भारत के हर एक नागरिक का कर्तव्य है।दिलीप सिंह ने कहा कि आजादी हमें बलिदानों के बाद मिली है,जिसे संजोना हमारी जिम्मेदारी है।तिरंगा यात्रा में पतंजलि परिवार के मंजीत सिंह ,समाजसेवी बॉबी पांडे ,मनोज सिंह,सतीश सिंह, झारखण्ड प्रदेश किन्नर समाज की प्रदेश सचिव श्वेता किन्नर,खुशियों की उड़ान की सरिता सिंह,पँख -एक नई दिशा की पिंकी गुप्ता,रंजीत बिल्लू,पंकज सिंह, संजय सिंह, ददन सिंह, रिपु सिंह, प्रमोद सिंह,संतोष सिंह,मानस रंजन पाल, जीराखन सिंह,विकाश सिंह,पिंटू मोदी,कुंदन सिंह,चंदन सिंह देव, मनोज राय,अंकित पासवान,सरोज प्रसाद,संतोष कुशवाहा,रितेश गुप्ता, दिवाकर सिंह,सोनू गिरी ममता देवी,रीता चौधरी, पप्पू पासवान,कुलदीप सिंहा,सत्यम पाण्डेय,ऍम एस म्यूजिकल ग्रुप के गुलाम सरवर, इजराफिल एवं सदस्य सहित सैकड़ों देश भक्त युवा मौजूद थे।

# विभिन्न जन समस्याओं को लेकर भाजपा नेता सहित अन्य ने बीसीसीएल सीएमडी से की मुलाकात



राजगंज, (धनबाद ), बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता से मुलाकात कर राजगंज मंडल के विभिन्न कोलियरी क्षेत्रों की समस्याओं सड़क,पानी, बिजली की समस्या लो वोल्टेज एवं एरिया चार एवं पांच के अंतर्गत धूलकण डष्ट से लोग अनेक तरह की बीमारियां से परेशान हैं। रोजगार, स्वास्थ्य व्यवस्था इत्यादि को लेकर बात किया। एवं धनबाद रेल मण्डल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर क्षेत्र के रेलवे से सम्बंधित विषयों पर सकारात्मक चर्चा किया। मौके पर भाजपा नेता विक्रम पाण्डेय, राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, विश्वनाथ शर्मा, दिलीप गोस्वामी,अजय साहनी, आदि उपस्थित थे।

# इस्कॉन कुसुम विहार के द्वारा मनाया जा रहा है श्री वृंदावन महामहोत्सव



धनबाद, इस्कॉन कुसुम विहार के द्वारा 14 अगस्त से 16 अगस्त तक संध्या 4 बजे से कम्यूनिटी हॉल कोयलानगर में श्री वृंदावन महोत्सव मनाया जा रहा है।

इस्कॉन कुसुम विहार प्रबंधक सुंदर गोविंद प्रभु जी ने बताया कि इस वर्ष नरसी मेहता कथा का आयोजन किया गया है। तीन दिन के उत्सव में प्रथम दिन कथा कीर्तन, दूसरे दिन अधिवास, कथा एवं कीर्तन और तीसरे दिन अर्थात जन्माष्टमी के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, नरसी मेहता लीला पर विशेष नाटिका, अभिषेक भोग का आयोजन किया जा रहा है।

महोत्सव के तीनों दिन भक्तों के मध्य महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। सुंदर प्रभु ने बताया कि श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के पश्चात से ही आश्रम से जुड़े भक्त जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी में लग गए थे और जन्माष्टमी महोत्सव को भव्य बनाने के लिए अपना योगदान दे रहे है।जन्माष्टमी महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए दिल्ली, गुजरात कोलकाता और अन्य स्थानों से सीनियर भक्त आ चुके है और धनबाद के भक्तों के साथ जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी में भाग ले रहे है।

# जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में बड्स गार्डन स्कूल के छोटे बच्चों ने निकाली शानदार झांकियां





धनबाद, जन्माष्टमी के अवसर पर राजगंज के दलूडीह स्थित बड्स गार्डेन स्कूल में छोटे बच्चों द्वारा शानदार झांकियां निकाली गयी।

सभी छोटे-छोटे, प्यारे-प्यारे बच्चे राधा रानी और कान्हा जी के पोशाक में विद्यालय आए थे। जिसमे हनुमान , सुदामा आदि का भी दृश्य था। बच्चों द्वारा माखन चोरी और अन्य लीलाओं की प्रस्तुति की गई ।इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य प्रमोद चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित थे। जिन्होंने सभी बच्चों को उपहार और मिठाई देकर सम्मानित किए।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय की शिक्षिकाएं पूनम सिंह, एलन रॉबिंसन, निभा सिंह ,काजल कुमारी ,ऋतुराज व स्वाति कुटरियार का योगदान काफी अच्छा रहा।इस दौरान अभिभावकों ने अपने बच्चों को काफी सुंदर ढंग से राधा और कृष्ण के रूप में लाकर काफी प्रसन्न और उत्साहित नजर आ रहे थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ◗ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।